रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 18 जनवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 149 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### राजनाथ, गडकरी आज करेंगे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को यहां एक माह तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत करेंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन यहां विज्ञान भवन में किया जाएगा। इस दौरान श्री सिंह और श्री गडकरी के अलावा मंत्रालय में राज्यमंत्री (सेवानिवृत) जनरल वी के सिंह तथा नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत भी मौजूद रहेंगे। मंत्रालय ने बताया कि एक माह तक चलने वाले अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए देशभर जन जागृति चलाया जाएगा।

### देश के अनेक राज्यों में पक्षियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र के सेंट्रल पोल्ट्री डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (सीपीडीओ (डब्ल्यूआर)), मुंबई और मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में खेड़ा रोड स्थित पोल्ट्री में एवियन फ्लू के मामलों की पुष्टि हुई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मध्य प्रदेश के जिलों पन्ना, सांची, रायसेन, बालाघाट के कौओं और श्योपुर (कौए, उल्लू) व मंदसौर (हंस, कबूतर); छत्तीसगढ़ के जिलों बस्तर (कौए, कबूतर) और दंतेवाड़ा (कौए) के पक्षियों; उत्तराखंड की हरिद्वार और लैंसडाउनफॉरेस्ट रेंज के कौओं के नमूनों में एवियन फ्लू की पुष्टि हो गई है। दिल्ली में रोहिणी से लिए गए बगुले का नमूना एवियन फ्लू के लिए पॉजिटिव पाया गया

### विदेशी मुद्रा भंडार 586 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 08 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 75.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 586.08 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा भंडार में यह लगातार दूसरी साप्ताहिक बढ़त है। इससे पहले 01 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 4.48 अरब डॉलर बढ़कर 585.32 अरब डॉलर पर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 08 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 15 करोड़ डॉलर बढ़कर 541.79 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# बस में करंट, आग से 6 की मौत



**जालोर।** राजस्थान के जालोर में एक बस के बिजली के तारों की चपेट में आने से लगी आग के कारण छह लोगों की मौत हो गई जबकि कई झुलस गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये लोग जालोर जिले में जैन मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे कि शनिवार देर रात रास्ता भटक जाने के कारण जालोर से सात किलोमीटर दूर महेशपुरा गांव पहुंच गए जहां बस गांव में गुजर रही बिजली की ग्यारह केवी लाइन के तारों की चपेट में आ गई और करंट फैलने से बस में आग लग गई। हादसे में बस चालक एवं परिचालक तथा तीन महिलाओं सहित चार श्रद्धालुओं की जलने से मृत्यु हो गई। जबकि झुलसे कई लोगों को जालोर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जोधपुर भेज दिया गया। मृतकों में ब्यावर की सोनल, सुरभि एवं चांद देवी, अजमेर निवासी राजेन्द्र तथा बस चालक धर्मचंद तथा बस का परिचालक शामिल हैं। हादसे पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गहरा दुख जताया है। श्री गहलोत ने इस पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि जालोर के पास एक दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में छह लोगों की जान चली जाने और कई लोगों के घायल होने से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना जताते हुए ईश्वर से उन्हें यह नुकसान सहने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र ठीक होने की प्रार्थना की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जालोर के महेशपुरा गांव में यात्रियों से भरी एक बस बिजली के तारों की चपेट में आ गई. हादसे में कई लोगों की मृत्यु तथा करीब पन्द्रह लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। ईश्वर दिवंगतों की आत्मा को शांति, घायलों को स्वास्थ्य लाभ तथा परिजनों को धैर्य प्रदान करें।

### मोदी ने राजस्थान बस हादसे पर दुख जताया



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के जालौर जिले में बस हादसे में छह लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने ट्वीट किया कि बस हादसे की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। हादसे में कई लोगों की मौत हुई । उनके परिजनों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। हादसा शनिवार देर रात उस समय हुआ जब एक हाई-टेंशन तार के संपर्क में आकर बस में आग लग गयी। घटना में कम से कम छह लोगों की जान चली गयी वहीं 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को जोधपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है , जिनमें छह की हालत गंभीर बनी हुई है।

# कृषि सुधार कानूनों का विकल्प दें किसान : तोमर


वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को किसान संगठन से तीन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने की हठधर्मिता को छोड़कर इनका विकल्प प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है । श्री तोमर ने अपने बयान में कहा कि सरकार खुले मन से किसानों की समस्याओं पर चर्चा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 19 जनवरी की वार्ता में किसान संगठन तीन कृषि सुधार कानूनों के संबंध में बिंदुवार बातचीत करें और इन कानूनों का विकल्प सुझाए। उच्चतम न्यायालय ने इन कानूनों का क्रियान्वयन रोक दिया है। ऐसे में किसान संगठन को ठोस विकल्प देना चाहिए । कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार पूरे देश के हित में कोई कानून बनती है । देश के अधिकांश किसान, वैज्ञानिक, कृषि से जुड़े लोग इसके साथ हैं लेकिन किसान संगठन टस से मस होने का नाम नहीं ले रहे हैं और अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। श्री तोमर ने कहा कि शेष पेज 8 पर

# 10 छात्राओं में कोरोना की पुष्टि से हड़कंप, 1 सप्ताह के लिए स्कूल बंद

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में लड़कियों के एक सरकारी स्कूल की कम से कम दस छात्राएं कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हैं। जिला प्रशासन ने छात्राओं में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद स्कूल को एक सप्ताह के लिये बंद करने का निर्णय लिया है। स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र नामदेव ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 36 किमी दूर शाहपुर के राजकीय बालिका उत्कृष्ट विद्यालय की 10 छात्राओं के नमूने 13 जनवरी को जांच के लिए एकत्रित किए गए थे। उन्होंने बताया कि शनिवार को आई रिपोर्ट में छात्राओं में संक्रमण की पुष्टि हुई वहीं 25 और छात्राओं की रिपोर्ट का इंतजार है। नामदेव ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों के मुताबिक कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए स्कूल 50 प्रतिशत क्षमता के साथ शुरू किये गये थे। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि छात्राएं घर में पृथक-वास में हैं। उधर शाहपुर के उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) अनिल सोनी ने बताया कि सात दिन तक स्कूल बंद रहेंगे और परिसर को साफ कर दिया गया है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व केंद्रीय मंत्री शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल की धर्मपत्नी सरला देवी शुक्ल की शोकसभा में हुए शामिल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर के बूढ़ापारा स्थित राधेश्याम भवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल की धर्मपत्नी स्वर्गीय सरला देवी शुक्ल की शोक सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने स्वर्गीय सरला देवी शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल अनेक बड़े पदों पर रहे और अपने जीवन का आधा दशक से भी अधिक का समय राजनीति में व्यतीत किये परन्तु श्रीमती शुक्ल पर कभी भी राजनीति का असर नहीं पड़ा, वे हमेशा एक गृहणी ही रहीं । वे अपने नाम सरला के अनुरूप सदैव ही बहुत सरल, मृदुभाषी और मिलनसार रहीं। जब भी उनसे मुलाकात हुई एक मातृवत स्नेह मिला। उनके जाने से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। मैं इस अवसर पर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूँ। साथ ही ईश्वर से परिवार को दुःख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय सरला देवी शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, रमेशचंद्र शुक्ल, रमेश वर्ल्यानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राम मंदिर का निर्माण समाज की आस्था को नई ऊर्जा देगा

# पूर्व आईएएस अफसर ओपी चौधरी की माता कौशल्या ने राम मंदिर निर्माण के लिए दी 100000 की सहयोग राशि

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व आईएएस अफसर भाजपा नेता ओपी चौधरी की माँ कौशल्या चौधरी ने 16 जनवरी को श्री राम मंदिर निर्माण हेतु निधि समर्पण अभियान के प्रथम दिन एक लाख रुपये की राशि समर्पित की, तथा इस दौरान राशि समर्पित करते हुए पूर्व आईएएस अफसर ओपी चौधरी ने कहा कि राम हम सबके आस्था के केंद्र हैं,जब किसी समाज और संस्कृति को कोई हराकर राज करना चाहता है, तो सबसे पहले उसके आस्था के प्रतीकों को तोड़ता है,जिससे वह समाज हताश और निराशा के अंधकार में डूबकर अपनी ऊर्जा खो देहर समाज की आस्था का केन्द्र होता है।राममंदिर का निर्माण हमारे समाज की आस्था को एक नई ऊर्जा देगा।और भारतीय आस्था और सोच से ही सारी दुनिया का कल्याण संभव है। क्योंकि सबके कल्याण के सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव भारतीय विचार में ही है। राम हमारे जीवन के कण-कण और पल-पल में हैं।किसी से मिलने पर हम राम-राम करते हैं।यहां तक की मृत्यु के समय भी हम राम कहकर ही दुनिया छोड़ना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ को राम का ननिहाल कहा जाता है और भगवान राम को छत्तीसगढ़ का भांचा। शायद इसीलिये हमारे छत्तीसगढ़ में भांचा को उम्र में बड़े होने के बाद भी मामा द्वारा पांव छूने की परम्परा है,हमारे छत्तीसगढ़ में राम जी का वनवास कटा है।वनवास के चौदह सालों में ही राम वन, पेड़, प्रकृति के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। अपनी सेना,वानर-भालू से तैयार करते हैं।गिद्ध जटायु और पुल निर्माण में गिलहरी तक के महत्व को स्थापित करते हैं। शबरी और निषाद के प्रकरण में सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। वनवास के समय ही राम राक्षसों से लड़ते हैं। भगवान राम के वनवास का समय छत्तीसगढ़ का है और छत्तीसगढ़ के उनके इसी संघर्षपूर्ण जीवन ने, उन्हें 'राजा राम' से 'भगवान राम' बना दिया।भगवान राम और छत्तीसगढ़ की माटी को प्रणाम। श्री चौधरी ने कहा की भारत शेष पेज 8 पर


SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का

## श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस

नया चिकित्सा महाविद्यालय शुभारंभ 2021

राजधानी रायपुर शहर के मध्य स्थित श्री बालाजी हास्पिटल मोवा रायपुर के समीप नया मेडिकल कॉलेज का

### अतिशीघ्र शुभारंभ



डिपार्टमेंट

- एनाटॉमी
- फिजियोलॉजी
- बायोकमेस्ट्री
- फार्मेकोलॉजी
- जनरल मेडिसिन
- जनरल सर्जरी
- ऑर्थोपेडिक्स
- ई.एन.टी.
- ऑप्थल्मोलॉजी
- ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी
- एनेस्थिसियोलॉजी
- रेडियोडायग्नोसिस
- डेंटिस्ट्री
- इमरजेंसी मेडिसिन
- पैथोलॉजी
- माइक्रोबायोलॉजी
- फॉरेंसिक मेडिसिन
- कम्युनिटी मेडिसिन
- पीडियाट्रिक्स
- डर्मेटोलॉजी
- सायकाइयट्री
- रेस्पिरेटरी मेडिसिन

सपर्क करें

श्री बालाजी हॉस्पिटल, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़
डॉ. शुभम अवस्थी +91 7000541861, हिमांशु साहू +91 9575021000
E-mail : hr.sbims@gmail.com

# मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की जनजातियों की जीवनशैली पर आधारित फोटो हैण्डबुक्स का किया विमोचन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में राज्य की जनजातियों की जीवनशैली, उनके परिचय, उत्पत्ति अवधारणा, आवास एवं बसाहट, सामाजिक संगठन और संस्कृति पर प्रकाशित फोटो हैण्डबुक का विमोचन किया। आदिमजाति कल्याण मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा इस फोटो हैण्डबुक का प्रकाशन किया गया है, जिसमें राज्य की जनजातियों के 'छायांकित अभिलेखीकरण श्रृंखला' अन्तर्गत 29 जनजातीय समुदायों यथा खड़िया, दण्डामी माड़िया, दोरला, हलबा, मुरिया, धुरवा, परजा, भतरा, गोंड (कबीरधाम), सवरा, धनवार, कंवर, उरांव, मझवार, नगेसिया, मुण्डा कोल, राजगोंड, अगरिया, पारधी, बिंझवार, भैना, बियार, कोंध, गोंड (बस्तर), खैरवार, सौंता भारिया एवं कण्डरा के बारे में जानकारी दी गई है।

फोटो हैंड बुक में जनजातियों के परिचय उत्पत्ति अवधारणा, उनके आवास एवं बसाहट, सामाजिक संगठन, आर्थिक जीवन, जन्म संस्कार, विवाह संस्कार, मृत्यु संस्कार, धार्मिक जीवन, उनमें प्रचलित न्याय व्यवस्था, लोक परम्पराएं उनके वस्त्र आभूषण, गोदना, घरेलु उपकरण, कृषि उपकरण, शिकार, मत्स्याखेट उपकरण, वनोपज आधारित जीवनशैली के साथ-साथ उनके समग्र विकास हेतु किये जा रहे शासकीय प्रयासों को विभिन्न आकर्षक छायाचित्रों के जरिए दर्शाया गया है।

इस फोटो हैण्डबुक में प्रकाशित तथ्य राज्य के संबंधित जनजातीय समुदायों, जनजातीय संस्कृति में रूचि रखने वाले अध्येताओं के लिए एवं आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उपयोगी होगी।

इस अवसर पर प्रभारी मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, आदिमजाति कल्याण विभाग के सचिव डी. डी. सिंह, वित्त विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी, संचालक आदिम जाति विभाग शम्मी आबिदी उपस्थित थीं।

## कैशियर से 31 लाख लूट मामले अलग-अलग एंगल से जांच जारी

रायपुर। कुदरगढ़ी स्टील कंपनी के कैशियर से 31 लाख की लूट मामले में घटना के दूसरे दिन भी आरोपियों का कुछ पता नही चल सका है। वहीं घटना के बाद पुलिस के 50 अधिकारी व कर्मचारी आरोपियों को पकड़ने में जुटे गए है।

ज्ञातव्य हो कि 16 जनवरी को सुबह 11.15 कुदरगढ़ी स्टील फैक्टी के कैशियर नित्यानंद के आंख में मिर्ची पावडर डाल पिटाई कर अज्ञात बाईक सवार 6 से 7 लोगों ने 31 लाख रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आलाधिकारियों को दिया, जिसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिये पुलिस टीम की 50 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी आरोपियों की पतासाजी में जुटे हुये है। अलग-अलग एंगल से मामले की जांच की जा रही है। कंपनी के वर्तमान व पूर्व कर्मचारियों से भी घटना के संबंध में पुछताछ की जा रही है। वहीं कुछ संदिग्ध लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है।

# मंदिर निर्माण के लिए चंदा लेने का ठेका भाजपा-आरएसएस को किसने दिया : कांग्रेस

- पिछले 1400 करोड़ रुपयों का हिसाब किताब दे दे आरएसएस
- हिसाब लेना है तो नान घोटाले और पनामा के खातों का लें

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता राममाधव के इस बयान पर कि कांग्रेस से हिसाब लेना बाक़ी है, संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कांग्रेस की ओर से जो जवाब देना था छत्तीसगढ़ की जनता दे चुकी है. अब तो बस भाजपा और आरएसएस को यह बताना है कि देश भर में घूम घूमकर चंदा लेने का ठेका उन्हें किसने दिया? और पुराने चंदे सहित अभी लिए जा रहे चंदे का हिसाब कहां है? उन्होंने कहा है कि जब रामशिला पूजन के नाम पर चंदा लिया गया था तो आरएसएस ने देश भर से 1400 करोड़ रुपए एकत्रित किए थे. उन रुपयों का हिसाब किताब आज तक नहीं दिया गया. भाजपा और आरएसएस को बताना चाहिए कि क्या देश भर में आलीशान भाजपा कार्यालय उसी पैसों से बनाये गये।

राम माधव यह भी बताएँ कि नए चंदे का हिसाब किताब किसे और कब दिया जाएगा? शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि दरअसल भाजपा की नीयत में ही खोट है और इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कोरोना से लड़ाई के नाम पर पीएम-केयर्स के नाम से नया कोष बना लिया और उसमें हज़ारों करोड़ एकत्रित करने और बार बार मांगने के बाद भी पी एम केयर्स का हिसाब किताब नहीं दिया जा रहा है।

हिसाब किताब के प्रश्न पर उन्होंने कहा है कि हिसाब तो जनता को अभी भाजपा के 15 वर्षों के कार्यकाल का लेना है. इसमें रमन सिंह सरकार का 36 हज़ार करोड़ का नान घोटाला है, पनामा पेपर्स में दर्ज रमनसिंह के कथर्षा के पते से खोले गये अभिषाक सिंह के खाते में जमा हज़ारों करोड़ रुपए हैं और प्रदेश भर में घटिया निर्माण के ज़रिए किए गए घोटाले हैं. अगर राममाधव को हिसाब लेना ही है तो इन सबका हिसाब रमन सिंह से लेना चाहिए।

# सीएम बघेल ने स्कूल शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के बजट की समीक्षा की



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां पर निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में स्कूल शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण और सहकारिता विभाग की बजट तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में स्कूल शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह, प्रभारी मुख्य सचिव सुब्रत साहू, वित्त विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, आदिम जाति विकास विभाग के सचिव डी.डी. सिंह, सचिव शिक्षा विभाग ए.के. भट्ट, संयुक्त सचिव वित्त शारदा वर्मा, संचालक आदिम जाति विभाग शम्मी आबिदी, संचालक लोक शिक्षण जितेंद्र शुक्ल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मंदिर से नगदी एवं चांदी की कटोरी व तांबे का बर्तन चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। मंदिर के अंदर रखे दानपेटी से नगदी सहित चांदी की कटोरी व तांबे का लोटा सहित एक तांबे की बाल्टी कुल 20 हजार की चोरी कर लेने की रिपोर्ट पंडरी थाने में दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार अशोक आईकान मोवा रायपुर निवासी सुशांत डे ने शिकायत दर्ज करायी है कि अशोका आईकान सोसायटी में स्थापित गौरीशंकर मंदिर में 15 जनवरी की रात से दूसरे दिन सुबह 6 बजे के मध्य किसी मंदिर में प्रवेश कर अंदर रखे दानपेटी से 1,2,5 के सिक्के एवं 5 चांदी का कटोरी व दो तांबे का लोटा सहित तांबे की बाल्टी चोरी कुल 20 हजार की चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार नगर साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार आज दुर्ग जिले के अहिवारा में नगर साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने इस अवसर पर नगर साहू संघ के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत रूप से शपथ दिलाकर शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की सामाजिक एकता व संगठन से ही समाज की दशा-दिशा निर्धारित होती है और समाज की एकता ही विकास का मूलमंत्र है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने साहू समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। इस दौरान मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलहरण साहू, उपाध्यक्ष मनोज साहू, उपाध्यक्ष महिला ममता साहू, सचिव अरुण साहू, सह-सचिव माणिकलाल साहू सहित सभी पदाधिकारियों को सामाजिक पद की दायित्वों के निर्वहन एवं सामाजिक हित में कार्य करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मंत्री गुरु रुद्रकुमार का नगर परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्षेत्रवासियों द्वारा अहिवारा को तहसील बनाये जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री गुरु रुद्रकुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार को क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने उनकी मांग पर साहू समाज के सामुदायिक भवन के लिए समाज के पदाधिकारियों की विशेष मांग पर 4 लाख रूपए की अतिरिक्त राशि प्रदान करने की घोषणा की।

इसी तरह तहसील साहू समाज भवन में बोर खनन की स्वीकृति और अहिवारा में कबीर आश्रम हेतु 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नटवरलाल ताम्रकार, धमधा तहसील परिक्षेत्र अध्यक्ष श्यामलाल साहू, एल्डरमैन अभिषेक गोस्वामी सहित नगर साहू संघ के पदाधिकारी बड़ी संख्या में सामाज के लोग और नगरवासी उपस्थित थे।

## स्वर्गीय सरला देवी शुक्ल की शोक सभा में हुए शामिल मुख्यमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर के बूढ़ापारा स्थित राधेश्याम भवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल की धर्मपत्नी स्वर्गीय सरला देवी शुक्ल की शोक सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने स्वर्गीय सरला देवी शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री शहीद पंडित विद्याचरण शुक्ल अनेक बड़े पदों पर रहे और अपने जीवन का आधा दशक से भी अधिक का समय राजनीति में व्यतीत किये परन्तु सरला देवी शुक्ल पर कभी भी राजनीति का असर नहीं पड़ा, वे हमेशा एक गृहणी ही रही। वे अपने नाम सरला के अनुरूप सदैव ही बहुत सरल, मृदुभाषी और मिलनसार रहीं। जब भी उनसे मुलाकात हुई एक मातृवत स्नेह मिला। उनके जाने से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। मैं इस अवसर पर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूँ। साथ ही ईश्वर से परिवार को दुःख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। शोक सभा मे दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय सरला देवी शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, रमेशचंद्र शुक्ल, दौलत रोहरा,रमेश वर्ल्यानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह आज राधेश्याम भवन में आयोजित सरला देवी शुक्ल की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।

# संरक्षण देने के आरोप से आक्रोशित सरपंच ने शराब कोचिया को पकड़ा, आश्वासन पर ग्रामीणों ने छोड़ा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्रामीणों व पंचायत के मनाही के बाद भी शराब की अवैध बिक्री से बाज न आने वाले कोचियों को सरपंच का संरक्षण मिलने संबंधी लगाये जा रहे आरोपों से आक्रोशित ग्राम पंचायत नारा के सरपंच हेमंत चंद्राकर ने बीती शाम अपने सहयोगियों के साथ कतिपय कोचियों के यहां असफल दबिश दी। दबिश पर कुछ न मिलने से अपने सहयोगियों को कोचियों के पास शराब खरीदने भेजा।

खरीदी में एक कोचिये के पास 5 पौव्वा शराब मिलने व कोचिया द्वारा शराब बेचना कबूल किये जाने तथा भविष्य में फिर कभी शराब न बेचने की लिखित वादा सहित माफ़ी मांगे जाने पर ग्रामीणों की सलाह से ग्रामीण व्यवस्था के तहत उसके खिलाफ कार्यवाही की गयी। मंदिरहसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नारा में पिछले कुछ समय से अवैध शराब की बिक्री काफी बढ़ गयी है। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार 7 - 8 कोचिये इसमें लिप्त हो ग्राम के वातावरण को अशांत करने में लगे हैं। ग्रामीणों की बैठका व पंचायत मे इस पर प्रतिबंध लगाने मुनादी के बाद भी ये कोचिये अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। नारा से लखौली भट्ठी की दूरी महज 6 - 7 किलोमीटर होने व आवागमन का सड़क सूनसान होने का फायदा उठा यहां के कोचिये समय - बेसमय भट्ठी जा शराब ले आ बेचने में लगे रहते हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक कोचिया तो पकड़वाने की कोशिश करने पर आत्महत्या कर झूठा फंसा देने की भी धमकी देता है। इधर शासन - प्रशासन से शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही न होने व संरक्षण देने संबंधी लग रहे आरोप से क्षुब्ध व आक्रोशित सरपंच ने बीती रात अपने कतिपय सहयोगियों के साथ कुछ एक कोचियों के घर दबिश दी पर शराब नहीं मिला। इस पर योजना बना शराब खरीदने भेजा तो एक कोचिया के पास 5 पौव्वा शराब मिल गया। इसका पंचनामा बना सुबह ग्रामीणों के सामने जानकारी रखा। कोचिया द्वारा माफी मांगे जाने व भविष्य में फिर कभी शराब न बेचने के लिखित आश्वासन दिये जाने पर ग्रामीण व्यवस्था के तहत इस पर कार्यवाही करते हुये अंतिम चेतावनी दे अन्य कोचियों को पकड़वाने में सहयोग का आश्वासन ले उसे माफ किया गया। इधर सरपंच हेमंत चंद्राकर ने इसकी पुष्टि करते हुये बतलाया कि ग्रामीण व्यवस्था के तहत ग्राम में अवैध शराब बिक्री प्रतिबंधित है पर कतिपय विघ्नसंतोषी तत्वों द्वारा शराब बेचने जाने की शिकायत लगातार मिल रही है।

इन्हें लगातार समझाईश के साथ - साथ बीते माह किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा के साथ थाना जा थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान को ज्ञापन सौंपने व एस पी को इसकी प्रति देने की जानकारी देते हुये उन्होंने बतलाया कि प्रभावी पुलिसिया कार्यवाही के अभाव में उसे स्वयं आगे आ कार्यवाही करने विवश होना पड़ा। आबकारी व थाना अमला द्वारा इस पर रोक न लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफठोस कार्यवाही न किये जाने पर ग्रामीणों के सहयोग से लगातार कार्यवाही जारी रखने की जानकारी देते हुये उन्होंने कहा कि कार्यवाही के दौरान किसी अप्रिय स्थिति के लिये शासन - प्रशासन जिम्मेदार रहेगा।

## वरिष्ठ पत्रकार अनिल पुसदकर बने छत्तीसगढ़ राज्य मीडिया और पब्लिसिटी कमेटी के अध्यक्ष

**क्राइम फ्री भारत संस्था ने दी बड़ी जिम्मेदारी**

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार अनिल पुसदकर को छत्तीसगढ़ राज्य मीडिया और पब्लिसिटी कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। क्राइम फ्री भारत संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मध्यप्रदेश के पूर्व डीजीपी मैथिलीशरण गुप्त ने यह नियुक्ति की है।

उल्लेखनीय है कि देश में बढ़ते अपराध के ग्राफ को कम करने क्राइम फ्री भारत संस्था कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ राज्य मीडिया और पब्लिसिटी कमेटी की जिम्मेदारी मिलने पर नव नियुक्त अध्यक्ष अनिल पुसदकर ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ये जिम्मेदारी उनके लिए गर्व का विषय है। वे जल्द ही प्रदेश स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। सभी जिलों में समितियों का गठन करेंगे। बढ़ते अपराध के ग्राफको कम करने की दिशा में ठोस प्रयास करेंगे। उन्होंने संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मैथिलीशरण गुप्त के कार्यों की सराहना की। संस्था में अपनी जिम्मेदारी का पूर्ण रूप से निर्वहन करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मैथलीशरण गुप्त वरिष्ठ आईपीएस रिटायर्ड डीजी मध्यप्रदेश हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ रायपुर के इंजीनयरिंग कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की। इसे आज लोग एनआईटी रायपुर के नाम से जानते हैं। उन्होंने रायपुर में बतौर एएसपी काम किया है।

**पुलिस तथा जनता कांग्रेस के बीच तीखी बहस**

# जोगी की प्रतिमा स्थापना को लेकर सियासत-न जमीन मिली न प्रतिमा लग पायी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी व छग महतारी की प्रतिमा बीरगांव इलाके में लगाने की व्यापक तैयारी जोगी समर्थकों ने कर रखी थी लेकिन पुलिस प्रशासन ने पहले ही चेता दिया था कि शासन ने इसकी अनुमति नहीं दी यदि किसी ने नियम तोड़ा तो गिरफ्तारी होगी और हुआ भी जिन्हे बाद में छोड़ दिया गया। न तो जमीन मिली न ही प्रतिमा लग पायी। फिर भी इलाके में तनाव के बीच विधायक डा.रेणु जोगी,धर्मजीत सिंह,अमित जोगी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। बहरहाल प्रतिमा एक समर्थक के घर में ही रखा हुआ है।

बीरगांव इलाके में रविवार की दोपहर बेहद सियासी रही। जनता कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने यहां छत्तीसगढ़ महतारी और पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी के संस्थापक अजीत जोगी की प्रतिमा लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया था। प्रशासन की तरफ से प्रतिमा लगाने की जगह और अनुमत दोनों ही नहीं दी गई थी। बड़ी तादाद में पुलिसकर्मियों तैनाती की गई थी। पार्टी की तरफ से इसके बाद भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों को संबोधन के बाद अमित जोगी और रेणु जोगी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल के पास ही एक घर में रखी प्रतिमा को लाने के लिए आगे बढ़े। बीच रास्ते में ही पुलिस के आला अफसरों ने इनका रास्ता रोक दिया। कार्यकर्ता ये देख भड़क गए। पुलिस और जनता कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बीच तीखी बहस भी हुई। मगर पुलिसकर्मियों ने किसी भी सूरत में प्रतिमा को स्थापित करने नहीं दिया।

कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर बसों के जरिए कार्यक्रम स्थल से ले जाया गया। हालांकि कुछ घंटों बाद सभी को छोड़ दिया गया। पार्टी की तरफ से कहा गया है कि सरकार कितना भी जोर लगा ले प्रतिमा तो स्थापित होकर रहेगी। फिलहाल प्रतिमाएं पार्टी के स्थानीय नेता के घर पर हैं।

## तेज रफ्तार हाईवा की ठोकर से साइकिल सवार की मौत,हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

तेज रफ्तार हाईवा ने साइकिल सवार व्यक्ति को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शान्तीनगर कुम्हारी दुर्ग निवासी 15 जनवरी को साइकिल से जाते समय ओबराय पेट्रोलपंप के सामने रिंग रोड नंबर 2 कबीरनगर में तेज रफ्तार हाईवा क्रमांक सीजी 04 एमवाय 2340 के चालक ने एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते साइकिल सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। हाईवा चालक के खिलाफ पुलिस ने मर्ग कायम कर 279,304 ए के तहत अपराध कायम कर लिया है।

## कैशियर से 31 लाख लूट मामले अलग-अलग एंगल से जांच जारी

रायपुर। कुदरगढ़ी स्टील कंपनी के कैशियर से 31 लाख की लूट मामले में घटना के दूसरे दिन भी आरोपियों का कुछ पता नही चल सका है। वहीं घटना के बाद पुलिस के 50 अधिकारी व कर्मचारी आरोपियों को पकड़ने में जुटे गए है। ज्ञातव्य हो कि 16 जनवरी को सुबह 11.15 कुदरगढ़ी स्टील फैक्टी के कैशियर नित्यानंद के आंख में मिर्ची पावडर डाल पिटाई कर अज्ञात बाईक सवार 6 से 7 लोगों ने 31 लाख रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आलाधिकारियों को दिया,जिसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिये पुलिस टीम की 50 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी आरोपियों की पतासाजी में जुटे हुये है।

अलग-अलग एंगल से मामले की जांच की जा रही है। कंपनी के वर्तमान व पूर्व कर्मचारियों से भी घटना के संबंध में पुछताछ की जा रही है।

## प्रदेश में विधायक और मंत्री ही चला रहे हैं सरकार, भाजपा के शासनकाल में था अधिकारियों का राज- सीएम भूपेश बघेल

रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश में सरकार कांग्रेस के विधायक और मंत्री ही चला रहे हैं। जबकि भाजपा के शासनकाल में तो 15 साल अधिकारियों ने सरकार को चलाया है, उस दौर में विधायक तो क्या मंत्रियों की भी नहीं चलती थी। भूपेश बघेल ने यह बात अपने दौरे से पूर्व मीडिया से चर्चा करते हुए कही। गौरतलब है कि इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने यह कहते हुए कटाक्ष किया था कि प्रदेश में कांग्रेस के विधायक दुखी हैं और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी बयान के संदर्भ में चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा के एक वाकये का जिक्र करते हुए बताया कि तब भाजपा के एक मंत्री ने सदन में कहा था कि संबंधित फाइल उनके पास नहीं है, वही फाइल एक अधिकारी के लॉकर में मिली थी। भाजपा से तो अच्छी सरकार अब चल रही है, आज राज्य में प्रजातंत्र है।

## सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता की मौत

रायपुर। राजधानी में रविवार की सुबह एक दुखद खबर मिली जब जानकारी हुई कि गुढ़ियारी इलाके के सक्रिय भाजपा नेता सुनील दुबे का सड़क हादसे में निधन हो गया है। घटना के बारे पता चला है कि गोंदवारा केनरा बैंक के पास एक्टिवा सवार दुबे को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने जोरदार ठोकर मार दी,गाड़ी के नंबर के बाद वाहन चालक की पहचान हो गई है लेकिन दुबे की असमय मौत स्तब्ध करने वाला था।

सरल स्वभाव के दुबे रक्दान के क्षेत्र में काफी सक्रिय रहते थे,युवा पहल के उनके साथियों ने बताया कि अक्सर वे कहते थे कि यदि जरूरत में उनका खून किसी के काम आ जाए तो इससे अच्छी बात और क्या होगी और संयोग देखें कि एक पल में युवा साथी की मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### स्कॉर्पियो और बोलेरो वाहन में भिड़ंत से 7 घायल

**जगदलपुर।** जिले के परपा थाना क्षेत्र अंर्तगत केशलूर के समीप खंडा मुड़िया पेट्रोल पंप के पास आज सुबह 9:30 बजे स्कॉर्पियो और बोलेरो वाहन में भिड़त हो गई, जिससे 05 लोग गंभीर रूप घायल हो गये और 02 लोग मामूली रूप से घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कार्पियो वाहन बोधघाट जगदलपुर निवासी है, वहीं बोलेरो वाहन दुर्ग निवासी है। जिसमें 12 से 15 लोग सवार होकर तीरथगढ़ की ओर जा रहे थे। वहीं स्कॉर्पियो वाहन जगदलपुर की ओर आ रही थी। खंडा मुड़िया पेट्रोल पंप के पास बोलेरो वाहन के चालक ने ओवरटेक करने की वजह से अनियंत्रित बोलेरो वाहन, स्कॉर्पियो से जा टकराई, इमरजेंसी सेवा डायल 112 द्वारा सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया, वहीं दोनों वाहन के चालकों को किसी भी प्रकार की कोई चोट नहीं लगी है।

# 'दू पईडिल सुपोषण बर' एनएसएस की साईकल रैली

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com




घने जंगलों के बीच पहाड़ की गोद में बसे पंचायत मर्दापोटी के आश्रित गांव मरांपी में राष्ट्रीय सेवा योजना व यूनीसेफ ब्लू ब्रिगेड शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इच्छापुर के एनएसएस स्वयंसेवको ने 16 जनवरी को कुपोषण को दूर करने, पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने 'दू पईडिल सुपोषण बर' थीम पर सायकल रैली निकाली। फूड एंड न्यूट्रीशन डिपार्टमेंट कन्या कॉलेज कांकेर प्रो.अजय कुमार पटेल ने इस जागरूकता रैली का उद्देश्य के बारे में बताया कि कुपोषण के दानव को हराने, खानपान का सर्वे कर खाद्य पदार्थों में वैल्यू एडिशन करने और जन-जन को जागरूक करने के बस्तर कलेक्टर रजत बंसल और कांकेर कलेक्टर चंदन कुमार के अभिनव प्रयासों से प्रेरित होकर कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। एनएसएस गतिविधि के माध्यम से इस कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों को जो?ते हुए कुपोषण में कमी लाने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रखने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी रासेयो सतीशचन्द्र प्रसाद इच्छापुर स्कूल के दिशादर्शन में इच्छापुर स्कूल से होते हुए मर्दापोटी, इराठाह से मरांपी तक जागरूकता साईकल रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व रूप लीडर छात्राएं इच्छापुर विद्यालय चंचल मातलाम, अर्चना मंडावी, छबीला कोर्राम, मनीषा यादव, हर्ष डोंगरे व हीना साहू कन्या कॉलेज कांकेर ने किया। रैली के पश्चात पंचायत प्रतिनिधियों मोतीराम गावड़े उपसरपंच, हीरालाल मंडावी पंच के साथ जागरूकता पदयात्रा निकालकर लोगों से चर्चा की गई। लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता बनाये, अच्छा पोषण लेने, पीने के साफ पानी इस्तेमाल करने, जल संरक्षण, छोटे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम, कैरोटीन और प्रोटीन युक्त पदार्थ लेने, सामान्य खाद्य पदार्थों में किस तरफ अन्य खाद्य पदार्थों को मिक्स कर उसकी गुणवत्ता बढ़ाएं, बच्चों को शतप्रतिशत शिक्षा देने, शासकीय योजनाओं का लाभ लेने, बालिका शिक्षा व महिला शसक्तीकरण के तहत कम से कम 18 वर्ष के बाद कन्या का विवाह करने, नशापान से दूर रहने को प्रेरित व जागरूक किया गया। कन्या कॉलेज के एनएसएस कैडेट्स कु.हीना साहू व इच्छापुर स्कूल से हर्ष डोंगरे द्वारा पोषण, स्वास्थ्य और खानपान के बारे में विस्तृत सर्वे किया गया। छोटे बच्चों को फिट रखने, भौगोलिक शिक्षा, उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रो. भुवनेश्वर कंवर पी.जी.कॉलेज कांकेर के निर्देशन में खेल का आयोजन हुआ जिसमें छात्राएं रवीना, दिव्या और छात्र अजय मंडावी, दीपक व घनसीराम कमेटी विजयी रहे। जिनको चॉकलेट वितरित कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने और सहयोग करने में कॉलेज प्राचार्य डॉ.सी.आर.पटेल, इच्छापुर विद्यालय प्राचार्य विकास श्रीवास्तव, सरपंच श्रीमती गीता गावड़े, ग्राम पटेल लछ्नु राम मंडावी, गायता मोडडीराम कवाची, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती दुलमोतिन, मितानिन राधा बाई, सत्यवती दुग्गा, केसर मंडावी, शिक्षक रामसिंह कमेटी, गणमान्य नागरिक हलालराम नेताम, परायन सिंह, जेहरु राम, ग्राम स्वच्छता एवं स्वास्थ्य समिति सदस्य श्रीमती सतनी बाई, श्रीमती पुनाय बाई, सुखलाल कवाची, श्यामलाल, रामप्रसाद इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा।

# 18 को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु देव साय का कांकेर प्रवास



पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी कांकेर शहर मण्डल की बैठक आज कमल सदन में भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित्रा मारकोले, भरत मटियारा, जिला महामंत्री व मण्डल प्रभारी दिलीप जायसवाल की उपस्थिति तथा मण्डल अध्यक्ष दीपक खटवानी की अध्यक्षता में आहूत की गई। उक्त बैठक आगामी 18 जनवरी को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु देव साय के प्रथम कांकेर आगमन को लेकर आहूत की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने भाजपा के सभी पदाधिकारियों को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु देव साय के भव्य स्वागत हेतु जोरदार तैयारी करने के निर्देश दिए। जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे कांकेर पहुंचेंगे। कांकेर से पहले माकं?ी से उनका स्वागत बाइक रैली के रूप में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा किया जाएगा तथा कांकेर पहुंचने के बाद श्री साय भाजपा कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करेंगे तत्पश्चात 19 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रेस वार्ता लेंगे। कार्यक्रम का संचालन गिरधर यादव ने व आभार प्रदर्शन अरुण कौशिक ने किया। बैठक में निर्मला नेताम, हीरा मरकाम, देवेंद्र भाऊ, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, टेकेश्वर जैन, नारायण पोटाई, आशा राम नेताम, विवेक परते,नरायण चंदेल, राकेश शर्मा, गोकुल नाग, नीलू तिवारी, संकुन्तला जैन, उत्तम यादव, संजु गोपाल साहू, बुच्ची, श्रध्देश चौहान, बद्रीपाल, संजय सिन्हा, लक्की ठाकुर, सुनील जयसवाल, तिलक नाग, धर्मेन्द्र रजक, भानु नेताम, पीयुष वलेचा, टाकेश धनकर, कमलेश नेताम सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

# आतुरगांव में पालक सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com



दिन शुक्रवार को दोपहर पश्चात 01:00 बजे संस्था के रंगमंच पर संस्था में अध्यनरत् कक्षा 9वी से कक्षा 12वीं तक के पालको की आवश्यक बैठक शा.उ.मा.वि. आतुरगांव जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) में रखी गई। बैठक में जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशन एवम् जिला शिक्षा अधिकारी राकेश पाण्डे के मार्गदर्शन में संस्था में 01 जनवरी 2021 से आयोजित मोहल्ला क्लास सह प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में 10वी, 12वी असाईमेंट समय सीमा में जमा कराने, मोहल्ला क्लास में बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थिति एवम विधार्थियों की घर मे पढ़ाई पर पालको को ध्यान केन्द्रित करने पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ शिशुपाल पोटाई ग्राम सरपंच समारू राम साहू पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवम विकास समिति, जागेश्वर कावड़े पूर्व पंच आतुरगांव, रवि मंडावी पूर्व पंच व्यासकोंगेरा की उपस्थिति में मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। सरपंच आतुरगांव शिशुपाल पोटाइ ने पालको से विधार्थियों की शत् प्रतिशत उपस्थिति के लिए ग्राम स्तर पर बैठक करने को कहा, संस्था के प्राचार्य व्ही.पी. सिंह ने मोहल्ला क्लास में विधार्थियों की शत् प्रतिशत उपस्थिति, घर पर समय विभाग चक्र अनुसार पढ़ाई करना।

# किसान आन्दोलन से भयभीत भाजपा अपनी साख बचाने कर रही नाटक : शिशुपाल शोरी

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा के किसान हितैषी होने को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार के द्वारा पारित तीन किसान विरोधी कानूनों के कारण से पूरे देश रोष व्याप्त है एवं देश भर के किसानों द्वारा स?क पर उतरकर धरना आन्दोलन किया जा रहा है एवं अपनी डुबती साख को बचाने के लिए भारती जनता पार्टी कई प्रकार की नाटक कर रही है इसी क्रम में दिनांक-13 जनवरी 2021 को भूपेश बघेल की सरकार को बदनाम करने के लिए कथित प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन का ढकोसला किया गया है जबकि पूरे देश में नोट बंदी, जीएसटी एवं वर्तमान में किसान विरोधी 03 कृषि विधेयकों से पूरे देश भर में उपजे असंतोष से भाजपा सरकार की नींव हिल गयी है। लगातार घटती साख से भयभीत होकर किसान हितैषी होने का ढोंग कर रही है। भूपेश बघेल की सरकार जो किसानों के हित में अनेक कार्य जैसे 2500 प्रति क्वि. में धान उपार्जन, अल्पकालिन कृषि ऋणों की माफी, पांच एचपी तक के सिंचाई पम्पों को विद्युत शुल्क से मुक्ति, सिंचाई कर माफी आदि योजनाएं संचालित कर उनके माली हालात में सुधार की लगातार प्रयास कर रहे है, इससे ना केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि पूरे देश में भूपेश बघेल के कार्यों की सराहना हो रही है।

श्री शोरी ने कहा कि भाजपा घड़ियाली आंसू बहाना छोड़कर तीन प्रश्नों का जवाब दे- पहला यदि वह किसानों के आय को 2022 तक सही में दोगुना चाहती है तो समस्त कृषक उत्पादों का न्यूनतम मूल्य वास्तविक लागत से डे?गुना करते हुए धान का समर्थन मूल्य 2500 रु. प्रति क्वि. घोषित करे। दूसरा सभी कृषि एवं वनोपज खरीदी की व्यवस्था समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित करे एवं किसानों को गारंटी दे तथा समर्थन मूल्य से कम दर पर क्रय होने पर दण्डात्मक कार्यवाही की व्यवस्था करे। तीसरा केन्द्रीय पुल में राज्य शासन से उपार्जित चांवल के भर्ती के लिए बारदानों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करें। भूपेश बघेल की सरकार कोरोना जैसे वैश्विक महामारी से प्रभावित अर्थ व्यवस्था के बीच किसानों से धान उपार्जन हेतु बारदानों की व्यवस्था कर रही है, क्या केन्द्र सरकार का यह दायित्व नहीं है कि वह केन्द्रीय पुल के उपार्जित चांवल हेतु बारदाने की व्यवस्था करे ? ऐसा ना कर भाजपा द्वारा किसान हितैषी होने का सिर्फ ढोंग किया जा रहा है इस दिखावे से प्रदेश के किसान एवं जनता भली भांति वाकिफ हो गये है।

# डॉ. प्रदीप क्लाडियस को मिला लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com



शहर के लोकप्रिय व वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ प्रदीप क्लाडियस को बस्तर में मेडिकल के क्षेत्र में अनुकरणीय व उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफ टाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विदित हो कि डॉ क्लाडियस कोरोना काल में जब क्षेत्र के डाक्टर पीड़ित मानवता की सेवा के लिए भयभीत थे तब इन्होने निर्भय होकर अपने क्लीनिक के दरवाजे विभिन्न बिमारियों से ग्रस्त रोगियों के लिए खोल दिये थे। उन्हे डाक्टर बनने के समय ली गई शपथ याद थी। वह हमेशा कहते रहे दुश्मन देश से सीमा में खड़ा जवान लड़ता है और इसके कारण देश सुरक्षित रहता है वैसे ही शरीर के दुश्मन यानि बिमारियों से डाक्टर लड़ता है और यही इसका कर्तव्य भी है। मेरा संकल्प है कि मेरे पास आये मरीजों को स्वस्थ करना है। लाकडाउन से लेकर अब तक हजारों रोगियों की सेवा में बिना रूके व थके या डरे दिन भर सर्मपण के साथ लगे रहे लिहाजा इन्ही विशेषताओं के कारण दिल्ली की संस्था अकाल अकादमी एस.एस.एस.एफ तथा नमस्ते इंडिया ई मैगजीन ने वर्चुअल समारोह में डाक्टर प्रदीप क्लाडियस को बीते दिनों उक्त सम्मान प्रदान किया है।

# नक्सलगढ़ में बदलेम एड़का अभियान का मिल रहा है अच्छा प्रतिसाद

**ग्रामीणों तक समस्त विभागों की योजनाओं को लेकर पहुंच रही है पुलिस**

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

बदलेम एड़का अभियान के तहत आज जिले के ग्राम बासनपुर थाना भांसी में ग्रामीणों को समस्त विभागों की योजनाओं को पढ़कर सुनाया गया एवं उपस्थित स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग द्वारा लोगों को योजनाओं के लिए लगने वाले आवश्यक दस्तावेज बताकर उनसे आवेदन भी लिया गया। जिसमें पशुपालन विभाग द्वारा 15 आवेदन लिए गए, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 09 लोगों का मलेरिया टेस्ट जिसमें से एक पॉजिटिव रिपोर्ट आई एवं 32 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, और उनको दवाई दी गई। बदलेम एड़का अभियान से बड़ी संख्या में ग्रामीण जुड़ने लगे हैं, जिसके तहत सबसे महत्वपूर्ण स्वस्थ सेवाओं की कमी से गरीब ग्रामीण विभिन्न बीमारी एवं विकलांगता से ग्रसित बच्चों एवं बुजुर्गों को जिनमें से एक महिला हूंगू जिनके आंखों की रोशनी चली गई है, एवं एक बच्ची पूजा लेकामी 12 वर्षीय जो चलने में असमर्थ है, तथा एक ग्रामीण बैशु तेलाम जिसके गाल पर ट्यूमर है। इन सभी को जिला अस्पताल ले जाने की जिम्मेदारी पुलिस द्वारा ली गई एवं उनके आगे के इलाज के लिए डॉक्टर से बात कर समन्वय हेतु पुलिस द्वारा सहयोग देना बताया गया। बदलेम एड़का अभियान के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी सुनकर एवं उसके लाभार्थी बनने के लिए ग्रामीण उत्साहित थे। बदलेम एड़का अभियान से नक्सलगढ़ में ग्रामीणों का विश्वास पुलिस-फोर्स पर बढ़ने से शासन की योजनाओं का लाभ भी ग्रामीणों को मिलने लगा है।

# 10 किलो गांजा सहित बाईक सवार 2 गांजा तस्कर गिरफ्तार



**जगदलपुर।** जिले की कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से गांजा परिवहन करते हुए दो गांजा तस्करों राजेन्द्र सिंह नायक और राकेश सिंह नायक दोनो निवासी उत्तरप्रदेश को 10 किलो गांजा सहित गिरफ्तार कर एनडीपीएस की धारा 20 (ख) के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों गांजा तस्करों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक बिना नम्बर की बाइक से संदिग्ध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओड़िसा से जगदलपुर की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस की एक टीम राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित सोढ़ी पेट्रोल पंप के पास नाकेबंदी करते हुए वहां से गुजरने वाले वाहन की चेकिंग करना शुरू कर दिया। इसी दौरान पुलिस ने ओड़िसा की ओर से आ रहे एक बिना नम्बर की बाइक को रोककर उनके पास रखे बैग की तलाशी में बैग से लगभग 10 किलो से अधिक मात्रा में गांजा बरामद किया। जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 52 हजार रुपये आंकी गई है। जिसके बाद पुलिस ने दोनों गांजा तस्करों राजेन्द्र सिंह नायक और राकेश सिंह नायक निवासी उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर लिया।

### 5 मार्च 2019 के राजपत्र अनुसार एलबी संवर्ग के लिए निर्धारित पदोन्नति के पद के साथ ही ई संवर्ग में हो समायोजन

# संविलियन के पूर्व की सेवा समाप्त करने की तैयारी : उदय शुक्ला

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष उदय शुक्ला ने कहा है कि शिक्षकों को यह समझना होगा कि एलबी संवर्ग है पदनाम नही अतः पूर्व सेवा का लाभ प्रथम नियुक्ति तिथि को आधार बनाने से ही प्राप्त होगा, एलबी संवर्ग तभी हटे जब प्रथम नियुक्ति के आधार पर विभाग में एलबी हटाकर समायोजन किया जावे। संविलियन के पूर्व की सेवा समाप्त करने की तैयारी है, जिससे डेढ़ लाख शिक्षकों के साथ कुठाराघात होगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रशासन को ज्ञापन सौपा है।

उन्होंने कहा कि एलबी संवर्ग को हटाने शासन स्तर पर प्रक्रिया तेजी से चल रहा है, मतलब स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार द्वारा पिछली नियमों में बदलाव किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रथम नियुक्ति के आधार पर लाभ के साथ ही ई/टी संवर्ग में समायोजित करने की मांग की है साथ ही 05 मार्च 2019 के राजपत्र अनुसार एलबी संवर्ग के लिए निर्धारित पदोन्नति के पद के साथ ही ई संवर्ग में समायोजन स्वीकार्य होगी। सरकार के पास राजपत्र परिवर्तन के समय जनघोषणा पत्र में उल्लेखित क्रमोन्नति, पदोन्नति, वेतन विसंगति पुरानी पेंशन का लाभ देने के उचित अवसर है, किन्तु शिक्षा विभाग व प्रशासन जनघोषणा पत्र के मुद्दे समाप्त करने पर आमादा है।

संविलियन के बाद प्रथम नियुक्ति तिथि के साथ क्रमोन्नति, पदोन्नति सहित सभी लाभ का मांग मजबूती से किया गया था, जिस पर तत्कालीन शिक्षा सचिव ने बीच का रास्ता तैयार करके एलबी कैडर बनाकर पदोन्नति के लिए पृथक पद निर्धारित किया था, किन्तु वर्तमान में शासन एलबी शिक्षक संवर्ग पर भरोसा न कर केवल पूर्व के नियमित शिक्षकों को ही सम्पूर्ण लाभ व सुविधा देना चाहते है यही कारण है एलबी शिक्षक संवर्ग से चर्चा किए बगैर गुपचुप तरीके से एलबी शिक्षक संवर्ग को क्रमोन्नति, पदोन्नति, वेतन विसंगति व पुरानी पेंशन के लाभ व सुविधा से वंचित करने एलबी संवर्ग को ही खत्म कर संविलियन तिथि से लाभ व सुविधा का मापदंड तय करना चाह रहा है। इससे एलबी संवर्ग के शिक्षकों की वर्षो पूर्व सेवा को समाप्त करने की तैयारी है। पदोन्नति, क्रमोन्नति देने शासन का पसीना छूट रहा है इसीलिए ये हथकंडे अपना रहे है। शिक्षा विभाग संविलियन को आधार बनाकर क्रमोन्नति अवधि, पदोन्नति अवधि, विभाग में सभी का यही वेतन व पेंशन योजना के सभी लाभ व सुविधा को कनिष्ठ बनाकर मांग को तकनीकी रूप से समाप्त करने पर उतारू है, एसोसिएशन प्रथम नियुक्ति की वरिष्ठता के साथ समायोजन ही स्वीकार करेगा, शिक्षकों को कनिष्ठ बनाने के खिलाफ विरोध किया जाएगा।

इस दौरान छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी उदयप्रकाश शुक्ला, नोहर सिंह साहू, खोमेंद्र देवांगन, अमित देवनाथ, सुभाष कोड़ोपी, भरत कुमार दुबे, शंकर चौधरी,टीकम दास साहू, केशव स्वर्ण उपस्थित थे।

### सांसद बैज और विधायक बेंजाम ने सुपोषित बस्तर के लिए चलाई सायकिल

# सुपोषित बस्तर के लिए साढ़े तीन साल के बच्चे से लेकर 74 साल के बुजुर्ग तक हुए शामिल

## जनजागरूकता अभियान में दिखा अपार उत्साह

## सर्द सुबह में सैकड़ों ने चलाई सायकिल

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर से कुपोषण को मात देने और सुपोषित बस्तर की कल्पना को साकार करने के लिए आज सुप्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात से मिचनार तक सायकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को सांसद दीपक बैज ने हरी झंडी दिखाई। श्री बैज के साथ ही विधायक राजमन बेंजाम भी इस सायकिल रैली में शामिल हुए। इस जन जागरूकता रैली में लोगों का अपार उत्साह दिखा। रैली में साढ़े तीन साल के बच्चे से लेकर 74 साल के बुजुर्ग तक ने शामिल हुए। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। यह सायकिल रैली तीन अलग वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें प्रारंभिक श्रेणी के साईकिल चालकों ने तामड़ा घुमर जलप्रपात तक सायकिल चलाई। वहीं मध्यम श्रेणी के चालकों ने मिचनार तक आसान रास्ते पर सफर किया और दक्ष सायकिल चालकों ने कठिन रास्तों से मिचनार तक अपना सफर तय किया।



**पुलिस अधीक्षक ने किया रॉक क्लाइम्बिंग**

रॉक क्लाइम्बिंग, वाटर रैपलिंग और चित्रकोट जलप्रपात पर साहिसिक खेल का भी आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने यहां रॉक क्लाइम्बिंग की।

### सुपोषित बस्तर का सपना होगा साकार

सांसद श्री बैज ने दु पईडील सुपोषण बर कार्यक्रम को मिल रहे अपार जनसमर्थन से उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा कि इस सर्द सुबह में बड़ी संख्या में लोगों की एकजुटता बताती है कि कुपोषण रूपी दानव को मात देने के लिए, लोगों में बहुत अधिक उत्साह है और यह अभियान निश्चित रूप से सफल होगा।

### जगह जगह दिखा मंडई का माहौल

सुपोषित बस्तर के लिए जिले के ही नहीं बल्कि बस्तर संभाग और प्रदेश के दूसरे जिलों से भी सायकिल चालक पहुंचे थे। इन सायकिल चालकों का स्वागत अक्षत और पुष्प वर्षा के साथ यहां की गौर नृत्य और गेंडी नृत्य के साथ किया गया। सुपोषित बस्तर के लिए निकले इन सायकिल सवारों के स्वागत के लिए जगह-जगह मंडई का माहौल दिखा। तामड़ा घुमर जलप्रपात के पास साइकिलिस्टों ने कोसरा भात, भेंडा सुकसी, हरवाँ भाजा,मँडिया पेज, जोन्दरा पेज, भेंडा चटनी, केऊ चटनी, चापड़ा चटनी, आमट जैसी देशी व्यंजनों का आनंद लिया। बस्तर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक झा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विश्वाल सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल थे।

## क्विक न्यूज

### राम चन्द्र की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया



पिथौरा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ अभियान के अंतर्गत कर्मचारी कालोनी व अंजलि बिहार कालोनी द्वारा श्री राम चन्द्र की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर संयोजक स्वप्निल तिवारी ने उपस्थित मोहल्ले वासियो से श्री राम मंदिर निर्माण मे सहभागी बनने अपील करते हुवे कहा कि हम सबको इस दिव्य कार्य के लिए सिर्फ निधि ही नहीं अपितु हमे समय दानी भी बनना होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खंड संयोजक मन्नू लाल ठाकुर ,उमेश दीक्षित, राजेश मिश्रा, मनोहर साहू, संतोष गुप्ता, कृष्णकुमार शर्मा, गेंद तिवारी ,पुनीत सिन्हा, सुरेंद्र पाण्डेय, संजय गोयल, राजेंद्र सिन्हा, यू के दास, सुभाष अग्रवाल, मधु महंती, गौतम साहू, पोलाराम डड़सेना, ठाकुर रंजय सिंह, रामकृष्ण, सौरभ अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

# तालियों की गड़-गड़ाहट के बीच में लगा उम्मीदों का पहला टीका

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पूरे देश की तरह बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए भी आज का दिन कोविड महामारी को लेकर ऐतिहासिक रहा। जिले में आज से कोरोना टीकाकरण की शुरूआत हो गई। जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ सर्जन एवं पूर्व सीएचएमओ डॉ ए के झंवर को पहला टीका लगाया गया। इस दौरान संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल,अध्यक्ष हितेंद्र सिंह ठाकुर,पार्षद रूपेश ठाकुर,कलेक्टर सुनील कुमार जैन,पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला,संयुक्त कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल सीएचएमओ डॉ खेमराज सोनवानी,सिविल सर्जन डॉ अभय सिंह परिहार,सर्विलांस अधिकारी डॉ राकेश प्रेमी जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, जिला चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष जुगल किशोर भट्टर सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी साथ ही मीडिया के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे। जिले में आज तीन जगहों जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार,पलारी विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसमंदी,भाटापारा विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिटकुली में कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत एक साथ हुई।

कोसमंदी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहला टीका पलारी बीएमओ डॉ एस आर निराला,और बिटकुली में पहला टीका स्टाफ नर्स दुलारी मजूमदार को लगाया गया। जिला अस्पताल में आयोजित टीकाकरण शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष चितावर जायसवाल कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं एसपी आई के एलेसेला ने भगवान गणेश पर माल्यर्पण कर केंद्र में प्रवेश किया।

जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर ने डॉ झंवर को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दिए। इसके बाद डॉ ए के झंवर को नर्स श्रीमती मीनादास ने आधा मिलीलीटर कोविशील्ड टीका लगाया। टीका लगने के बाद डॉ. झंवर को आधा घंटे के लिए डॉक्टरों की निगरानी में कार्डसिलिंग रूम में रखा गया। दूसरा टीका वरिष्ठ सर्जन डॉ. एस एस वाजपेयी को लगा। संसदीय सचिव चंद्र देव राय,जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा कलेक्टर सुनील कुमार जैन,एस पी आई के एलेसेला ने पूरी प्रकिया के दौरान उपस्थित रहे एवं टीका लगने के पश्चात सभी मरीजों से बातचीत कर उनका हाल चाल जाना एवं उनका हौसला बढ़ाया।

गौरतलब है की जिले को पहली खेप में 5280 कोवीशील्ड वैक्सीन मिली है।वैक्सीन को दो से आठ डिग्री सेल्सियस तापमान पर सुरक्षित रखने के पूरे इंतजाम स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले ही कर लिए गए है। जिले में 10 हजार से अधिक फ्रंट लाईन वर्कर्स को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए कोविशील्ड वैक्सीन लगेगी। पहली खेप में मिली वैक्सीन लगने के बाद वैक्सीन की अगली खेप जिले को प्राप्त होगी। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ सोनवानी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार सबसे पहले फ्रंट लाईन वर्कर्स में महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अमले को कोवीशील्ड वैक्सीन के डोज लगाए जाएंगे। जिसमें प्रतिदिन प्रत्येक केंद्र में 100 -100 लोगों का वैक्सीनेशन किया जायेगा।

## टीकाकरण की शुरूआत आज चिकित्सालय में की गई



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोविड-19 कोरोना के लिये तैयार किये गए वैक्सिन टीकाकरण की शुरूआत आज जिला चिकित्सालय में की गई कोरोना महामारी के विकराल रूप से संपूर्ण विश्व सहित भारत को भी संक्रमित कर लाखों-करोड़ो लोगों को प्रभावित किया। इस कोरोना महामारी के संक्रमण की समाप्ति हेतु भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीकाकरण हेतु वैक्सिन तैयार करवाकर राष्ट्र के नाम संबोधन के साथ ही संपूर्ण भारत में व राज्य छत्तीसगढ़ में टीकाकरण की शुरूआत की गई, इस कोरोना महामारी को खत्म करनें आज एक नया इतिहास रचनें में सफल हुए उक्त उद्बोधन नगर पालिका अध्यक्ष ने कहते हुए टीकाकरण हेतु वैक्सिन उपलब्ध करायी गई। जिला चिकित्सालय में टीकाकरण के अवसर पर जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन, अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार के उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा जिला चिकित्सालय में कोरोना वैक्सिन का पहला टीकाकरण चिकित्सक डॉ. अशोक झँवर को लगानें के साथ ही टीकाकरण की शुरूआत की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोनवानी सहित अन्य चिकित्सकों का अभिनंदन करते हुए इस वैश्विक महामारी के दौर में पूर्ण सेवा व निष्ठा के साथ अपनी सेवा देते हुए कोरोना से संघर्ष करनें में पीछे नहीं हटें व निर्भिका से डटे रहे स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं नगर पालिका की सेवा सतत् रूप से नगर व जिले वासियों को मिलते रहीं है, इसके प्रति नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल नें मुक्त कंठ से सराहना करते हुए सेवा कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया।

## तिल्दा के छात्र तरूण कुमार साहू को मिला एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट में ए ग्रेड



पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

तरूण दुर्गा महाविद्यालय रायपुर में पढाई कर हर क्षेत्र मे अपने माँ पिता जी का नाम रोशन कर रहा है।नेशनल कैम्प,ग्वालियर मे आर्मी ट्रेनिंग भी किया है। राज्य मे होने वाले शिविरों मे भी भाग लिया और महाविद्यालय मे एम ए हिन्दी मे सर्वाधिक नम्बर भी हासिल किया तथा दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के छात्र संघ अध्यक्ष बना और नगर का गौरव ब?ाया था।भविष्य में महाविद्यालय मे प्रोफेसर बना है जिस महाविद्यालय में सेवा देने का मौका मिले उस महाविद्यालय मे एन सी सी एनो बन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को भारतीय सेना के लिए प्रेरित करेगा तथा ट्रेनिंग देगा। वर्तमान मे पीएचडी कर रहा है। और इस सभी के उपलब्धि का श्रेय अपनें माता पिता को दिया। तरूण के उपलब्धि पर दुर्गा महाविद्यालय के प्राचार्य , आँचल के सुप्रसिद्ध युवा समाज सेवी संदीप वर्मा ,वार्ड पार्षद रवि सेन,विक्की साहू, अविनाश निर्मलकर,उमेश साहू, सूरज, टेकचंद,मोनू,फनेन्द्र यादव , नोहर तथा वार्ड वासी ने शुभकामनाएँ दिए।

## पिथौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारम्भ हुआ

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com



देश प्रदेश समेत नगर में कोरोना टीकाकरण पिथौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारम्भ हुआ। इस प्रमुख अवसर पर खल्लारी विधायक संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष व बसना विधायक राजा देवेंद्र बहादुर सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

आज सुबह से ही कोरोना वैक्सीनेशन की तैयारी में प्रशानिक अमला स्थानीय एसडीएम राकेश कुमार गोलछा एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा अग्रवाल समेत स्वास्थ्य विभाग सक्रिय थे। टीकाकरण दोपहर करीब 12 बजे प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के अनुसार कोविड वैक्सीनेशन केंद्र के बाहर पहले परिचय पत्र देख कर वेरिफिकेशन किया जा रहा था। उसके बाद वैक्सीन लगवाने वाले का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद वैक्सीन कक्ष में ले जाकर इंजेक्शन के माध्यम से वैक्सीन दी जा रही है। वैक्सीन देने के बाद नए अस्पताल के ही एक कक्ष में 30 मिनट ऑब्जर्वेशन में रख कर छोड़ा जा रहा है।

आज पिथौरा के स्वास्थ्य कर्मियों को लगाई जा रही वैक्सीन में पहली वैक्सीन ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक दुर्गापाली के पदस्थ उमेश दीवान (पुरुष) एवं किरण कुमारी सूर्य (महिला) को लगाया गया। इसके बाद दोपहर एक बजे तक करीब आधा दर्जन स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाने के बाद इनका ऑब्जर्वेशन भी पूर्ण हो चुका था। किसी को भी कोई साइड इफेक्ट नहीं होने से वैक्सीन लगवाने वाले कर्मी उत्साह से आगे आ रहे है।

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा अग्रवाल ने बताया कि शासन से कुल 500 वैक्सीन प्राप्त हुई है चरणबद्ध तरीके से वैक्सीन लगाने का कार्य जारी है आज शासन के निर्देशानुसार कुल 100 स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र कर्मियों को वैक्सीन लगाई जाने की सूची है । सभी कर्मियों में उत्साह देखा जा रहा है। सभी पात्रो को उनके मोबाइल पर मैसेज भेजे गए है।

एसडीएम गोलछा ने बताया कि आज एक दिन में कुल 100 स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाई जा रही है। अस्पताल में व्यवस्था को लेकर सभी कर्मी सजग है कल वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी। इसके बाद परसों से शासन के निर्देशानुसार वैक्सीन लगाने का कार्य पिथौरा क्षेत्र के छह केंद्रों में किया जाएगा।

## अलग-अलग वार्डो में श्री राम आरती की जा रही




पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com

श्री राम मंदिर निर्माण तीर्थ क्षेत्र अभियान द्वारा नगर में प्रतिदिन अलग अलग वार्डो में श्री राम आरती की जा रही है। अभियान के नगर संयोजक स्वप्निल तिवारी ने बताया कि प्रतिदिन भगवान श्री राम की आरती महाआरती वार्डो में कि जा रही है लोगो को श्री राम मंदिर निर्माण से जोड़ने प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुम्हार पारा रावणभाठा पारा, वार्ड नं 5 में महाआरती की गई।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जोड़ने कृष्ण कुमार शर्मा पुजारी मंच के संयोजक प.गिरीश पाण्डेय निर्मल मंडल नारायण सोनी सुमित अग्रवाल सौरभ अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एकत्रित थे।

## डबरी बने जमीन (खेत) का धान विक्रय हेतु कराया गया पंजीयन

■ डबरी निर्माण वर्ष से अब तक लगातार बोया जा रहा धान

पायनियर संवाददाता < कसडोल
www.dailypioneer.com



शासन प्रशासन फर्जीवाड़ा रोकने चाहे कितने कोशिश कर ले, पर ये है कि रुकता ही नहीं है। फर्जीवाड़ा करने वालों को जरा भी कानून का भय नहीं है। इसीलिए वे बेखौफ नए नए फर्जीवाड़े को अंजाम देते रहते हैं।ऐसा ही एक मामला बलौदाबाजार भाटापारा जिला के जनपद पंचायत कसडोल के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भदरा से सामने आया है, जिसमे डबरी निर्मित खेत का पंजीयन धान बेचने हेतु कराया गया है। सिर्फ इतना ही नहीं उस खेत में डबरी निर्माण वर्ष से ही लगातार धान बोया जा रहा है। जबकि शासकीय राशि से मनरेगा योजना के तहत डबरी निर्माण किया गया है। ग्राम पंचायत भदरा के सरपंच संतराम वर्मा ने तहसीलदार कसडोल के कार्यालय में लिखित आवेदन कर शिकायत की है कि ग्राम भदरा निवासी श्रीमती सुलोचनी बाई कश्यप बेवा स्व. रेशमलाल कश्यप ने वर्ष 2020-21 में धान विक्रय करने हेतु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छेछर पंजीयन क्र.1255 में खसरा नं.1108 रकबा 1.335 भूमि का पंजीयन कराया गया है, जबकि उक्त खसरा रकबा नं. की भूमि में पिछली भाजपा सरकार के समय डबरी निर्माण कार्य हेतु छत्तीसगढ़ शासन से राशि स्वीकृत हुआ था और डबरी बनाया भी गया था, जो नाम मात्र का डबरी बना था। तभी तो डबरी निर्माण वर्ष से ही उस खेत पर लगातार हर साल धान बोया जा रहा है। धान बेचने हेतु उस खेत का पंजीयन बीते वर्षो में भी कराया जाता रहा है। या सिर्फ सत्र 2020-21 हेतु कराया गया है, यह तो जांच से ही पता चलेगा। ऐसे लोगों पर जांच कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की जरूरत है जो शासन प्रशासन को जानबूझकर चुना लगाने का काम करते हैं। फिलहाल हाल शिकायत पर तहसीलदार कसडोल द्वारा समिति प्रबंधक को उक्त पंजीयन पर धान खरीदी पर रोक लगाते हुए लिखा गया है कि संबंधित खसरे पर निर्माण कार्य किया जा चुका है।

## सिहावा क्षेत्र यादव सम्मेलन उपरान्त समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता < नगरी
www.dailypioneer.com

शीतला मंदिर सिहावा के परिसर यादव भवन में यादव समाज सिहावा क्षेत्र की मीटिंग आहूत की गई जिसमें आय व्यय का पठन सचिव कमल नारायण यादव द्वारा किया गया वही समीक्षा संबोधन अध्यक्ष गोवर्धन यादव द्वारा एवं अंकालू यादव अनु (बी यदु) युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश यादव द्वारा किया गया मिटिंग में सभापति मनु यादव जी रहे संचालन चन्द्रभान यादव एवं आभार उपाध्यक्ष श्री नंद कुमार यादव द्वारा समस्त क्षेत्र के यादव बन्धु जो प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से तन मन एवं धन से यादव महा सम्मेलन को सफल बनाने मे योगदान दिए उसके लिए आभार व धन्यवाद व्यक्त किए विषेश रूप से कोषाध्यक्ष बलदाऊ यादव सह सचिव अमृत यादव संरक्षक चैनू यादव कंवल यादव सियाराम यादव बंशीलाल यादव सुना राम यादव गौतम यादव भीषम यादव बिन्दु यादव गनपत यादव कचरु यादव सन्त राम यादव कोमल यादव तिहारू यादव रामस्वरुप यादव विश्राम यादव महिला अध्यक्ष सवली यादव एवं मिडिया प्रभारी मनु यादव जी एवं समस्त यादव बन्धु उपस्थित रहे और समाज कि दशा और दिशा पर विशेष रूप से चर्चा हुई।

## 15 से 31 जनवरी तक चलेगा अभियान

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com



अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर बनाने वाले भव्य मंदिर के लिए देश भर के प्रत्येक राम भक्त से सहयोग लिया जाएगा. इसके लिए विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकर्ता पूज्य संतो व शेष समाज के लोगो के साथ घर घर जाएगे श्री राम जन्म भूमि मंदिर निधि समर्पण अभियान पिथौरा खंड से घोषणा करते हुए श्री नंदकुमार साहू जी जी ने कहा की मकर सक्रांति 15 जनवरी से 31 जनवरी 2021 तक चलने वाले इस सघन अभियान में विहिप कार्यकर्ता पिथौरा खंड के 239 गावो के प्रत्येक परिवारों से संपर्क कर श्री राम जन्म भूमि से सीधे जोड़कर समत्व का प्रसार करेंगे . देश के हर जाती पन्त संप्रदाय क्षेत्र भाषा के लोगो से साथ श्री राम मंदिर वास्तव में राष्ट्र मंदिर का रूप लेगा . असंख्य राम भक्तो के संघर्ष व बलिदान को नमन करते हुए उन्होंने प्रत्येक राम भक्त से इस रामकाज के लिए बढ़ चढ़ कर आगे आने का आव्हान किया उन्होंने कहा की इस दिव्य कार्य के लिए सिर्फ निधि दानी ही नहीं अपितु समय दानी भी चाहिए। आज प्रेस वार्ता कोप संबोधित करते हुए उन्होंने ने कहा की भगवान् श्री राम की जन्म भूमि पुनः प्राप्त कर देश के सम्मान की रक्षा के लिए हिन्दू समाज से पांच सदियों तक संघर्ष किया अतःसमाज की भावनाओ तथा मंदिर से जुडी इतिहास की सच्चाई को सर्वोच्च न्यायालय ने स्वीकार कर भारत सरकार को एक न्यास बनाने का निर्देश दिया. सरकार ने श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के नाम से न्यास की घोषणा की . प्रधानमंत्री महोदय ने 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में पूजन करके मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया को गति प्रदान की. श्री मनू लाल ठाकुर जी ने बताया की मंदिर के निर्माण की तैयारी चल रही है मुंबई दिल्ली चेन्नई तथा गुवाहाटी के आई आई टी ,सी बी आर आई ,रुडकी,लार्सन एंड टुब्रो तथा टाटा के विशेषज्ञ इंजिनियर मंदिर की मजबूत नींव की ड्राइंग पर परामर्श कर रहे है।

टीन के बाद अब पाउच में उबाल

## खाद्य तेल के 1 किलो के पाउच में आई 15 से 20 रुपए की तेजी

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



टीन के बाद अब पाउच की बारी। 15 रुपए के दबाव के बाद राइस ब्रान ऑयल की खरीदी पर 115 रुपए निकालने होंगे। पीछे-पीछे चलने वाला सोयाबीन 5 रुपए की बढ़त के साथ राइस ब्रान से आगे निकल चुका है। याने खाद्य तेल के हर पैक पर ज्यादा दाम चुकाने पड़ रहे हैं।

खाद्य तेल। हर माह बनाने वाली किराना सामान की सूची में प्रमुख जगह बनाने वाली सामग्री है लेकिन पिछले 1 माह से आ रही तेजी के बाद अब उपभोक्ता हलकान हो चुका है क्योंकि हर माह की खरीदी पर पहले से ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। नए साल के पहले महीने के पहले ही पखवाड़े में यह दूसरी बढ़त अब मजबूर कर रही है मात्रा घटाने के लिए लेकिन यह प्रयास भी मुश्किल में डाल रहा है क्योंकि बाजार अभी भी बढ़त का संदेश दे रहा है।

**हर सप्ताह बढ़ रहा-** चालू माह में ही खाद्य तेल की सभी किस्में दो बार तेज हो चुकी है। कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन इसमें जो तेजी आई उसने उपभोक्ता को ही नहीं कारोबार को भी हैरत में डाल दिया। रही-सही कसर होलसेल मार्केट पूरी कर रहा है जहां बढ़ती कीमतों पर कोई लगाम नहीं कसी जा सकी है। ताजा तेजी 15 से 20 रुपए किलो पीछे की है जिससे बाजार टूटता नजर आने लगा है।

**अब इस भाव पर-** खाद्य तेल के बाजार में एकछत्र राज कर रहा राइस ब्रान आयल 15 रुपए की बढ़त के बाद 115 रुपए पाउच पर पहुंच चुका है। सोयाबीन तेल में एक झटके में आई तेजी के बाद इसमें नई कीमत 120 रुपए पाउच बोली जा रही है। इसके पहले तक यह 100 रुपए में मिल रहा था। राहत देने वाला वनस्पति भी 5 रुपए की तेजी के बाद 145 रुपए पर पहुंच चुका है। याने तेल और तेल के विकल्प में भी तेजी आ चुकी है।

**है इनकी नजर-** खाद्य तेलों में आ रही तेजी के बाद अधिकतम खुदरा विक्रय मूल्य से अधिक दर पर बिक्री किए जाने की जानकारी मिलती देख जिला नापतौल विभाग की पूरी नजर है। औचक जांच की तैयारी कर रहा विभाग इस तेजी पर लगाम लगाने और कार्रवाई के संकेत दे रहा है। याने अधिकतम खुदरा विक्रय मूल्य से अधिक कीमत पर बेच रहे कारोबार पर कभी भी कार्रवाई हो सकती है।

## शिवसेना का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



शिवसेना बलौदाबाजार जिला ईकाई के जिलाध्यक्ष संतोष यदु के नेतृत्व में जिले के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत बारनवापारा वन्य जीव अभ्यारणय के पर्यटक रेस्ट हाऊस में किया गया। जहाँ पर आवासीय गेस्ट हाऊस में ही तीन दिनो तक रूककर शिवसैनिक प्रशिक्षण लेंगे। जिसके लिए बलौदाबाजार जिले के सभी विधानसभा से शिवसैनिक अपनी तैय्यारीयो के साथ बारनवापारा पहुंचे हैं जिनके स्वागत के पश्चात पर्यटक के गार्डन में सभी शिवसैनिको को जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार संतोष यदू, जिलाध्यक्ष जांजगीर चाँपा ओंकार सिंह गहलोत, जिला महासचिव मनहरण साहु ने प्रशिक्षण किट पहचान पत्र दिया। जिसके बाद दोपहर के भोजन में सभी ने एक साथ बैठकर भोजन किये जिसके पश्चात पहले दिन के ट्रेनिंग का शुरूआत प्रशिक्षुओं को बाडी लेंग्वेज शरीर के अंग कैसे बोलते हैं हमे कैसे उठना बैठना चलना मंच पर कैसे खड़ा होना रैली तथा आंदोलन में जनता का अभिवादन करना सिखाते हुए सभी प्रतिभागियों को मंच पर बुलाकर जाँच भी कराया गया की सभी सिख रहे हैं की नहीं भाषण देने के समय हमें कैसे शुरूआत करना है जैसी प्रमुख बाते पहले दिन सिखाया गया रात्री में भोजन पश्चात सभी हाल में बैठकर मनोरंजन के लिए देशभक्ति व छत्तीसगढ़ी गीत कविता का पाठ भी कराते हुए मनोरंजन कराया गया जिसमें महिला सेना के महिलाओं ने भी भाग लिया तत्पश्चात पहला दिन का शेसन समाप्त कर सभी अपने कमरो में रात्री विश्राम के लिए चले गये सभी पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं को उनके पद अनुसार अलग अलग विधानसभा के प्रशिक्षुओं को मिलाकर कमरो का वितरण किया गया था।

## क्विक न्यूज

### जिला चिकित्सालय में कीमोथेरेपी वार्ड का शुभारंभ

**गरियाबंद।** शनिवार को जिला चिकित्सालय गरियाबंद में दीर्घायु (कीमोथेरेपी) वार्ड का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा कैंसर मरीजों को डे केयर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इस वार्ड का शुभारंभ किया गया। दीर्घायु वार्ड के माध्यम से जिले के कैंसर मरीजों को डे केयर सुविधा, हेल्थ चेक अप, नियमित फॉलो अप जांच व उपचार के साथ पेलेटिव केयर की सुविधाएं भी मिलेगी। कीमोथेरेपी वार्ड के संचालन हेतु जिला चिकित्सालय से डॉक्टर प्रशांत रात्रे, स्टाफ नर्स विनीता कंवर, योगेश्वरी साहू ने एक माह का प्रशिक्षण उज्जैन में प्राप्त किया है।

### सोमवार को माल गांव में जिला स्तरीय जन चैपाल का आयोजन

**गरियाबंद।** कलेक्टर निलेश क्षीरसागर के निर्देश पर विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तरीय जन चैपाल का आयोजन गरियाबंद विकासखंड के ग्राम मालगांव में 18 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से किया जाएगा।

# सीआरसी तबादला में फंसे डीएमसी पैंकरा फेडरेशन ने दी कार्यालय घेराव की चेतावनी

- **पत्थलगांव वि.खं. के काडरो संकुल समन्वय सागर यादव को लेकर मचा बवाल**

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



संकुल समन्वयकों का तबादला के मामले को लेकर जिला मिशन संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, डीएमसी विनोद कुमार पैंकरा सुर्खियों में हैं। सहायक शिक्षक संघ फेडरेशन ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और कार्यालय घेरावा की चेतावनी दे दी है। मामला के संबंध में संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि पत्थलगांव विकासखंड के काडरो संकुल के समन्वयक सागर प्रसाद यादव को हटाकर उनके स्थान पर दूसरे विवादित संकुल समन्वयक की पदस्थापना करना नियमों के विपरीत है और योग्य की जगह अयोग्य एवं विवादित व्यक्ति को बैठाया जा रहा है। इसका सहायक शिक्षक फेडरेशन संघ की ओर से कड़ा विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को डीएमसी पैंकरा को आदेश वापस लेने के लिए ज्ञापन सौंपा गया है और इस संबंध में डीईओ को जानकारी देते हुए कहा है कि यदि आदेश वापस नहीं लिया जाता है तो डीएमसी के खिलाफ 27 जनवरी को कार्यालय घेराव किया जाएगा।

**संघ ने यह बातें कही-** छतीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेसन एवं संकुल काडरों के शिक्षकों ने डीपीसी विनोद पैंकरा के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। जिला परियोजना समन्वयक विनोद पैंकरा द्वारा काडरों संकुल समन्वयक सागर प्रसाद यादव को बिना आधार के समन्वयक पद से हटा देने के कारण संघ में रोष है। शिक्षकों के संगठन ने अब डीईओ को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। तीन दिनों के भीतर अगर सागर प्रसाद यादव को संकुल केंद्र काडरों का समन्वयक पद पर यथावत रखने का आदेश जारी नही होता है तो मांगों के लिए आवश्यक कार्यवाही नहीं होने पर 27 जनवरी को जिला मिशन संचालक जिला जशपुर कार्यालय की एक दिवसीय घेराव किया जाएगा।

**कलेक्टर ने किया है नियुक्त-** प्रांतीय कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रांतीय सयुंक्त सचिव मनोज अम्बष्ठ, राजकुमारी भगत, जिला अध्यक्ष, टिकेश्वर भोय, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती ममता बंजारा, उपाध्यक्ष श्री रत्नाकर खूंटियां, विजय कुमार यादव, सील साय टोप्पो, मेघ श्याम पैकरा, जिला सचिव सागर प्रसाद यादव, जिला सचिव गोवर्धन कुँवर ,जिला संयोजक संजय मेहर, मोहम्मद शाहिद खान, किशोर यादव, जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार कुर्रे सह कोषाध्यक्ष महेश तिर्की जिला संगठन मंत्री नरेंद्र सोनी ,प्रवीण साय, संपत्ति साय महामंत्री प्रवीर साहेब फकीर यादव जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता जिला सलाहकार रवि यादव जिला प्रवक्ता एलएन साहू, आलोक पांडेय अवनीश पांडेय, लवकुमार गुप्ता, प्रेमकुमार शास्त्री, जीशान खान,भरत यादव, प्रेमशंकर यादव, कायमअली, नरेश कुमार यादव ने सयुंक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सागर यादव की नियुक्ति बाकायदा परीक्षा पासकर करने पर जिला कलेक्टर एवं मिशन समन्वयक द्वारा नियुक्ति दी गई।

### 20 किमी दूर वाले को दिया पद

संघ के सदस्यों का कहना है कि सागर यादव परीक्षा पास कर सीआरसी बना है। लेकिन उसमें भी अभी खिलवाड़ हो गया है। डीएमसी कार्यालय भ्रष्टाचार व अनियमितता का पर्याय बन गया है। उन्होंने कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि एक आदर्श संकुल समन्वयक को बिना आधार के हटा कर 20 से 25 किलो मीटर की दूरी से समन्वयक बनाना उनके समझ से परे है। सागर यादव ने मेहनत और समर्पण से कार्य कर एक आदर्श संकुल समन्वयक बनाया है और कई अकादमिक कार्य कर जिले में संकुल का नाम रोशन किया है।

मैं अभी गाड़ी चला रहा हूं, इस संबंध में जानकारी कार्यालय में दूंगा।
**-विनोद पैंकरा,** डीएमसी जशपुर

# तालाब में मिला मृत दुर्लभ प्रजाति का कछुआ



पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

- **नाव के सहारे निकाला गया बाहर, वन अमला ने किया अंतिम संस्कार**

सारंगढ़ के हृदय स्थल में स्थित नया तालाब में आज एक दुर्लभ प्रजाति का कछुआ मिला। जिसकी जानकारी वन अमला को मिलने के बाद मौके पर पहुंच कर वनकर्मी उसे बाहर निकाल कर उसे रेंज कार्यालय ले गए और उसका स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टरो के द्वारा किया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। विदित हो कि रविवार को नित्यानंद बानी के मकान में घर के बच्चे छत में खेल रहे थे। तभी उनकी नजर अचानक तालाब में पड़ी। जहां एक बहुत बड़ा कछुआ तैरते हुए दिखाई दिया। इसके बाद तत्काल गोपाल बानी ने इसकी सूचना डायल 112 में फोन करके दी तथा वन विभाग को भी सूचित किया। सूचना मिलते ही वन विभाग व 112 की टीम मौके पर पहुंच कर वहां उपस्थित लोगों के जन सहयोग से नाव के सहारे कछुए को पानी से बाहर निकाला गया। बहुत बड़े आकार का कछुआ लोगों व बच्चों के बीच कौतूहल का विषय बन गया। वन विभाग के कर्मचारियों ने कछुआ का जायजा लिया और उसे रेंज कार्यालय ले आये। जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत बताया। इसके बाद उसके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। लोगों का कहना है कि सारंगढ़ का नया तालाब व खाड़ाबंध तालाब बहुत पुराना जलाशय है और वहां बड़े बड़े आकार के बहुत प्राचीन व दुर्लभ प्रजाति के कछुए आज भी पाए जाते हैं। जिन्हें संरक्षण की आवश्यकता हैं। वहीं इस मामले में विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कछुआ मृत हालात में मिला था जिसका अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

# मनेन्द्रगढ़ को हमें हराभरा करना है : अग्रवाल



पायनियर संवाददाता मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

मनेन्द्रगढ़ को हमें हराभरा करना है और साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है ताकि मनेन्द्रगढ़ में पर्यटन संबंधित आय के अन्य क्षेत्रों का विकास हो। पूर्व ए.डी.जे. वर्तमान हाईकोर्ट लायर हेमंत अग्रवाल ने हसदेव गंगा में ग्रीन वैली के तत्वावधान में शनिमंदिर के सामने गुलाब का पौधरोपण करते हुए कहा इस अवसर पर ग्रीन वैली के अध्यक्ष नरोत्तम शर्मा ने कहा कि शनि मंदिर के सामने ग्रीन वैली द्वारा गुलाब पार्क विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर आदित्य जायसवाल ने अपने जन्मदिन पर ग्रीनवैली के सहयोग से वृक्षारोपण किया और प्रण लिया कि वह सदैव पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत रहेंगे। इस अवसर पर नगर के समाज सेवी मधु पोद्दार, विद्याधर गर्ग, ग्रीनवैली के उपाध्यक्ष बसंत जायसवाल, अजय गायकवाड़, संजय गायकवाड़, मृत्युंजय सोनी सहित अनेक नागरिक व ग्रीनवैली के सदस्य उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के तौर पर पत्रकार अपनी अहम भूमिका निभा रहे

पायनियर संवाददाता मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com




पत्रकार जिस तरह से कार्य कर रहे है वह काबिले तारीफ है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के तौर पर पत्रकार अपनी अहम भूमिका निभा रहे है। शहर में पत्रकारों के लिए एक भी भवन न होने की पीड़ा को मैं समझते हुए सरगुजा विकास प्राधिकरण मद से पत्रकारों के भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा करता हु। यह बातें सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष, विधायक भरतपुर सोनहत गुलाब कमरो ने मनेन्द्रगढ़ के जनपद सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के टेलीफोन डायरेक्टरी विमोचन के दौरान कही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि भले ही वो भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से विधायक है लेकिन उन्हें मनेन्द्रगढ़ से बेहद लगाव है। कमरो ने कहा कि मनेन्द्रगढ़ के विकास के लिए मैं हमेशा आगे रहता हूं। गुलाब कमरो ने बताया कि 2 वर्ष के विधायक कार्यकाल में उन्होंने मनेन्द्रगढ़ विधानसभा को साढ़े 7 करोड़ रुपये की सौगात दी है। श्रमजीवी पत्रकार संघ कोरिया जिला इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़ नयनतारा सिंह तोमर, नपाध्यक्ष प्रभा पटेल, उपाध्यक्ष कृष्णमुरारी तिवारी, जनपद अध्यक्ष डाक्टर विनय शंकर सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी ने भी सम्बोधित करते हुए टेलीफोन डायरेक्टरी की सराहना की। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी ने स्वागत उदबोधन देते हुए छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के गठन के प्रारंभिक दौर की गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराया व टेलीफोन डायरेक्टरी पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी की सोच की बदौलत ही आज इस डायरेक्टरी का 20 वा संस्करण प्रकाशित हुआ है। संघ की सोच है कि प्रदेश के हर पत्रकार एक दूसरे से सम्पर्क में रहे इसलिए यह डायरेक्टरी प्रतिवर्ष प्रकाशित होती है। कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, श्रीराम बरनवाल, भरत मिश्रा, विनीत जायसवाल, मनीष रैकवार, रामचरित द्विवेदी, रविकांत सिंह, रफीक मेमन, लक्ष्मीकांत जायसवाल, नरेंद्र अरोड़ा, सुरेश सोनी, गुरदीप अरोड़ा, रंजीत सिंह, राकेश मेघानी, कृष्णा वस्त्रकार, अशोक श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, एस एल सिंह, संजय गुप्ता मौजूद थे।

# पोंडी चौकी द्वारा चौकी के दो सउनि को दिया गया विदाई

पायनियर संवाददाता कबीरधाम
www.dailypioneer.com



रविवार के दिन पोंडी के वर्मा भवन में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस विदाई समारोह में सउनि लक्ष्मीकांत शुक्ला और सउनि सुरेंद्र यादव को पोंडी चौकी से उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दिया गया। सउनि लक्ष्मीकांत शुक्ला 3 महीना पूर्व ही पोंडी चौकी में पदस्थापित हुए थे वही सउनि सुरेंद्र यादव 1 वर्ष तक पोंडी चौकी अपनी सहभगिता दिए क्रमशः दोनो पिपरिया और बोड़ला थाना में पदस्थापित हुए है। दोनो सउनि को चौकी प्रभारी संदीप चौबे के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित कर विदाई दिया गया। इस विदाई समारोह में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बो?ला निमितेश परिहार,पोंडी चौकी प्रभारी संदीप चौबे, आरक्ष सुनील चौहान,आ. रघुनंदन चंद्रवंशी, एच. सी राजपाल धुर्वे, एच. सी रूपेश देवांगन, एच सी बंधु,आ.रॉबिन पोंडी सरपंच प्रतिनिधि नन्दकुमार कुर्रे, पीताम्बर वर्मा, मन्नू चंद्रवंशी, इदरिस खान, ओमप्रकाश वर्मा, रवि अवस्थी, बिलाल गांधी, गोपाल चंद्रवंशी पत्रकार वेद साहू,रवि निषाद, विजय साहू, कान्हा गुप्ता और पोंडी चौकी स्टॉप के पुलिस सहित पोंडी के व्यापारी गण भी उपस्थित रहे।

# हम नए रचनाकारों को न केवल प्रोत्साहित करेंगे बल्कि उन्हें बेहतर मंच, साहित्यिक ऊँचाई देने का सतत प्रयास करेंगे

पायनियर संवाददाता मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



कोरिया साहित्य व कला मंच के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव ने कार्यकारिणी के पुनर्गठन के अवसर पर कार्यकारिणी के सदस्यों, पदाधिकारियों से कहा.

ध्यातव्य है कि गत दिवस कोरिया साहित्य व कला मंच के अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव के कार्यकाल पूरा होने पर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से रितेश श्रीवास्तव को अध्यक्ष और श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष चुना गया. इसके साथ ही गौरव अग्रवाल(सचिव),श्रीमती अनामिका चक्रवर्ती (सहसचिव), मृत्युन्जय सोनी (कोषाध्यक्ष), पवन श्रीवास्तव (मीडिया प्रभारी) ,रामचरित द्विवेदी, अजय कुमार सेन(प्रचार, प्रसार प्रभारी), श्रीमती वीरांगना श्रीवास्तव (संयोजक), डा.अमूल्य चंद्र झा (व्यवस्थापक),जगदीश पाठक (संरक्षक), गंगा प्रसाद मिश्र, राधेश्याम शर्मा (सलाहकार) चुने गए वहीं कार्यकारिणी सदस्य बृजलाल साहू श्रीदेवी राव गौरव गुप्ता विजय गुप्ता नमिता गुप्ता सुजीत चौधरी विजय गुप्ता श्रीमती ज्योति माला श्रीवास्तव सुशील तिवारी नरोत्तम शर्मा शैलेश जैन अल्पना चक्रवर्ती श्रीमती बलवीर कौर इवनीश खनूजा दलपत पतवार संजय ताम्रकार विजय गुप्ता डॉ सुरभि श्रीवास्तव एसएस निगम बनाए गए. इस अवसर पर साहित्यकार गंगा प्रसाद मिश्र ने कहा कि साहित्य मानवीय संवेदनाओं को जगाता है और मानव को दानव बनने से रोकता है मानव में मानवता के लिए साहित्य और कला अनिवार्य तत्व है इसके बिना जीवन रेगिस्तान के समान है। संस्था संरक्षक और जानेमाने व्यंग्यकार जगदीश पाठक ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई दी और नए सदस्यों का स्वागत किया।

# मकर संक्रांति के अवसर पर भारत माता आरती संपन्न




पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गुरूवार को मकर संक्राति के अवसर पर राजिम नगर के हृदय स्थल पंडित सुंदरलाल शर्मा चैक में भारत माता की भव्य संगीतमय आरती की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्रीराम संगीत कला केंद्र के द्वारा देशभक्ति गीत एवं भजन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने क्षेत्रवासियो को मकर संक्रांति की शुभकामना दी। आगे उन्होने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम चंद्र जी का भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। यह मंदिर देश की सांस्कृति धरोहर के पहचान स्थापित करेंगा। यह मंदिर विश्व का प्रसिद्ध मंदिर बने इसलिए इस पुण्य कार्य में गिलहरी की भांति हम सब तन मन धन से अपना सहयोग प्रदान करें। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू व पार्षद महेश यादव ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व हम सबके जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं, हम सब इस पर्व में सूर्य की आराधना करते हैं।

इसके साथ ही धार्मिक कार्यो की शुरूआत भी हो जाती है। कार्यक्रम का संचालन नामदास लहरे ने किया। कार्यक्रम में राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, गायत्री परिवार से टीकम साहू, संतोष कुमार साहू, तुलाराम साहू, निखिल यादव, नीरज सोनकर, कमलेश सोनकर सहित नगर के गणमान्य नागरिक व माता बहने बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विधायक गुलाब कमरो ने 7 ग्राम पंचायतों में विभिन्न निर्माण कार्यों की आधारशिला रख कर दी 60 लाख की सौगात

पायनियर संवाददाता मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com




सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक नए साल में रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के 7 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यो की आधारशिला रख कर लगभग 60 लाख रुपए की सौगात दी है ! उल्लेखनीय है कि भरतपुर सोनहत विधायक विधानसभा सत्र में शामिल होने रायपुर गए हुए थे इसी दौरान उनके माता जी की तबीयत खराब हो जाने के कारण वे लगभग 1 माह तक रायपुर में रहकर अपनी माता जी का इलाज कराने के पश्चात शनिवार को मनेंद्रगढ़ पहुंचे ! रायपुर में एक माह तक रहने के दौरान विधायक गुलाब कमरो को दोहरी चिंता सता रही थी एक तरफ जहां वे अपनी बीमार माताजी के इलाज को लेकर चिंतित थे वहीं दूसरी तरफ अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर चिंतित थे ! वे रायपुर में रहकर ही अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई ! 1 माह के लंबे अंतराल के बाद जब वे शनिवार को मनेंद्रगढ़ पहुंचे तो वे अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों की गति बढ़ाने में पूर्व की तरह फिर जुट गए ! शनिवार को कोरोना वैक्सीन लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ तो वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ पहुंचकर व्यवस्था की पूरी जानकारी ली ! इसके बाद रविवार से विधायक श्री कमरो अपने विधानसभा क्षेत्र की विकास की गति को आगे बढ़ाने में जुट गए और रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के 7 पंचायतों में नए साल में विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखते हुए लगभग 60 लाख की सौगात दी।

## दो साल में ही कांग्रेस सरकार को लेकर जनता पछतावा करने लगी है : सवन्नी

# अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण में छत्तीसगढ़ के हर परिवार की सहभागिता हो : साय

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com




शुक्रवार को जिला भाजपा की कार्यकारिणी बैठक सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से अध्योध्या में निर्माण हो रहे भव्य श्रीराम मंदिर हेतु समर्पण निधि संग्रहण और 22 जनवरी को होने वाले जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के तैयारियो को चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश महामंत्री भुपेन्द्र सवन्नी, पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप शर्मा, जिला संगठन प्रभारी राकेश यादव सहित जिला एवं मंडल के प्रमुख पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजुद थे। कार्यक्रम की अध्यक्ष जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू ने की। कार्यक्रम में भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिन निर्माण की कल्पना हमारे पूर्वजो ने की। पांच सौ सालो के संघर्ष और लाखो लोगो के बलिदान के बाद हमारे पूर्वजो की यह कल्पना पूरा होने जा रही है। यह हमारे लिए ऐतिहासिक और स्वर्णिम समय है कि हमे भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण में सहभागी बनने का अवसर मिला है। उन्होने कहा कि यह मंदिर देश के सांस्कृतिक धरोहर का केन्द्र बनेगा। मंदिर निर्माण के बाद भारत विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में जाना जाएगा। श्री साय ने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आव्हान करते हुए कहा कि इसमें प्रदेश के हर घर हर परिवार की सहभागिता होनी चाहिए। यह हमारी स्वयं की जिम्मेदारी है कि हम अपने आसपास के घरो तक पहुचे और उनसे मंदिर निर्माण के लिए समर्पण कराकर उन्हे भी इसमेंसहभागी बनाए।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भुपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि संवैधानिक बाधाओ को दूर करते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार ने श्रीराम मंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त किया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो। सदियो तक इसे याद रखा जाए। उन्होने प्रदेश कांग्रेस सरकार को आ? हाथ लेते हुए कहा कि आजादी के बाद की यह पहली सरकार है जिसके दो साल के कार्यकाल में ही जनता ने मुल्याकन करना शुरू कर दिया।

# सेल के किसी भी अन्य सयंत्र में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com

धमन भट्टी, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने 10 साल पुराने उत्पादन के कीर्तिमान को पार कर धमन भट्टी ने 18,208 मेट्रिक टन का उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया । यह दैनिक उत्पादन सेल के किसी भी अन्य सयंत्र में अब तक का सर्वश्रेष्ठ है।

इस यादगार अवसर पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने धमन भट्टी बिरादरी को स्वयं पहुंचकर बधाई दी और धमन भट्टी बिरादरी पर विश्वास व्यक्त करते हुए भविष्य में और अधिक उत्पादन कीर्तिमानो को स्थापित करने हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। दासगुप्ता ने ब्लास्ट फर्नेस टीम के साथ अन्य सभी संबंधित सहयोगी विभागों को उनके योगदान के लिए बधाई देते हुए उच्च निष्पादन दर को लगातार बनाये रखने पर जोर दिया। निदेशक प्रभारी ने सेल के अन्य निदेशक और पूर्व सी इ ओ के बधाइयों का भी जिक्र किया. उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8 महामाया के टीम को सीडीआई रेट में हासिल की गयी नए रिकॉर्ड के लिए बधाई देते हुए संयंत्र के कोक ओवेंस, सिंटर प्लांट को इसे हासिल करने के लिए उनके योगदान का जिक्र किया। टीम भिलाई को अब सारी अपेक्षाओं पर खरा उतरना है, उन्होंने कहा। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) सूर्यवंशी, महाप्रबंधक प्रभारी (धमन भट्टी) दास गुप्ता के साथ साथ कोक ओवेन, ओर हैंडलिंग प्लांट, टी एंड डी एवं अन्य सहायक विभागों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। सयंत्र के कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राजीव सहगल तथा कार्यपालक निदेशक (पी एंड ए) सुरेश दुबे ने भी ओफ्फिसर्स असोसीएसन तथा वर्कर्स यूनियन के सदस्यों से मिलकर उनके माध्यम से सम्पूर्ण भिलाई बिरादरी को रिकॉर्ड उत्पादन के लिए बधाई दी। और उच्च निष्पादन स्तर को बनाये रखने हेतु उनके सह्योग के लिए धन्यवाद दिया. कार्यपालक निदेशक (संकार्य) ने कहा की ये रिकॉर्ड इस वित्तीय वर्ष के बचे हुए महीनो में हम हमसे अपेक्षाओं और उम्मीदों पर खरा उतरें, इस दिशा में एक ठोश कदम है।

जनवरी 2021 माह में नए रिकॉर्ड बनाने के क्रम में 14 जनवरी 2021 को संयंत्र के धमन भट्टियों ने दैनिक हाट मेटल उत्पादन में जो दस साल पुराना रिकॉर्ड को तोडा वो 14 अगस्त 2010 को बनाया गया 18,182 टन था।

# नहीं हो पाई ट्रंप की सम्मानजनक विदाई

## दूसरे महाभियोग का कलंक डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपतित्व का उपयुक्त अंतिम परिणाम है। यदि वो सम्मानित अथवा बेहतर समझ वाले व्यक्ति होते तो शांतिपूर्ण तरीके से पद त्याग देते।

**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक लोकसभा के पूर्व अपर सचिव हैं।



एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत, अमेरिकी प्रतिनिधियों के सदन ने कैपिटल हिल पर हाल ही में हुए हमले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर महाभियोग की प्रक्रिया प्रारम्भ की थी, और यह निर्णय देश के इतिहास में अभूतपूर्व है। सदन ने एक प्रस्ताव पेश कर उपराष्ट्रपति माइक पेंस से आग्रह किया है कि वो राष्ट्रपति ट्रंप को पदच्युत करने के लिए 25वें संशोधन का प्रयोग करें। प्रस्ताव, जिसमें पेंस को 25 संशोधन को सक्रिय बनाने के लिए कैबिनेट को परियोजित करने का आह्वान किया गया है, के पक्ष में 223 और विरोध में 205 वोट पड़े। मतदान मुख्यतः पार्टी की तर्ज पर हुआ जिसमें एक रिपब्लिकन ने प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया और अन्य पांच अनुपस्थित रहे।

25 वें संशोधन को राष्ट्रपति जान एफ केनेडी की हत्या के चलते 50 वर्ष से अधिक समय पूर्व अपनाया गया था, जो राष्ट्रपति के सेवा प्रदान करने के अयोग्य होने की स्थिति में उसके उत्तराधिकार हेतु व्यवस्था प्रदान करता है। संशोधन के अंतर्गत, उपराष्ट्रपति तथा अधिसंख्य कैबिनेट अथवा कांग्रेस द्वारा निर्धारित कोई अन्य निकाय राष्ट्रपति को पद से हटा सकता है।

बुधवार का प्रस्ताव माइक पेंस द्वारा सदन स्पीकर नैंसी पेलोसी को पत्र लिखे जाने के बाद आया जिसमें उन्होंने कहा है कि वो 25वें संशोधन का प्रयोग नहीं करेंगे। पूर्व में, सदन की न्यायिक समिति के अध्यक्ष जेरोल्ड नैडलर ने ट्रंप पर महाभियोग के लिए बहुमत से स्टाफ रिपोर्ट जारी की। 50 पृष्ठों की रिपोर्ट में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पर महाभियोग हेतु एक मजबूत आधार निर्मित हुआ है। ऐसे समय पर, रिपब्लिकन सीनेटर मिट रोमनी द्वारा जारी की गई चेतावनियों को याद कर सकते हैं। मार्च 2016 में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने आगाह किया था कि ट्रंप ऐसे व्यक्ति हैं जिनका न तो राष्ट्रपति बनने योग्य स्वभाव है न ही विवेक।

जॉन मैक्केन और लिंडसे ग्राहम सरीखे अन्य वरिष्ठ सीनेटरों ने भी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने को लेकर चेताया था। प्रचार के दौरान, ट्रंप ने धमकी दी थी : ''यदि मैं राष्ट्रपति बन जाता हूं तो मीडिया को समस्या होगी।'' उन्होंने मीडिया को लोगों के सर्वाधिक बेईमान समूह की संज्ञा दी थी। फरवरी 2017 को किए गए ट्वीट में, ट्रंप ने, मीडिया को अमेरिकी जनता का दुश्मन बताया था, तब आलोचकों ने उस शब्द का संज्ञान लिया था, जिसे माओ जेदांग और स्टालिन द्वारा प्रयोग किया जाता था। यह सुनिश्चित करने के लिए, कि राष्ट्रपति के पद पर ऐसे लोग आसीन न होने पाएं जिनमें साजिश करने एवं लोकप्रियता के तुच्छ कृत्यों को अंजाम देने की प्रवृत्ति होती है, अमेरिकी संविधान निर्माताओं ने एक जटिल निर्वाचन कार्य प्रणाली स्थापित की थी, यह खीझ पैदा करने वाली बात है कि ट्रंप देश के 45वें राष्ट्रपति बन गए।




कैपिटल हिल पर पर 6 जनवरी को ट्रंप के दंगाई समर्थकों द्वारा किया गया शर्मनाक हमला, जब कांग्रेस निर्वाचक मंडल के वोटों की गिनती का संज्ञान लेने के लिए सम्मिलित सत्र में थी, उनके राष्ट्रपतित्व के ताबूत में आखिरी कील साबित हुआ। पूर्व नियोजित हिंसा इस कदर भीषण थी कि रिपब्लिकन सीनेट बहुमत नेता मिच मैक्कोनेल ने भी विधि निर्माताओं से विफल विद्रोह के चलते गिनती खत्म करने की अपील की थी।

वोटों की गणना की गई और सीनेट के पदेन अध्यक्ष माइक पेंस द्वारा परिणाम घोषित किए गए। जो बाइडेन निर्वाचित घोषित हुए, ट्रंप की धमकी के बावजूद कि : ''यह करो माइक, यह अत्यधिक साहस दिखाने का समय है।''

विधि निर्माता, अधिकतर डेमोक्रेट और कुछ रिपब्लिकनों ने ट्रंप का अपने निरंतर भ्रामक भाषणा के साथ हिंसा भड़ाकने का आरोप लगाया है और उन्हें तुरंत महाभियोजित करना चाहते हैं। यद्यपि, नए राष्ट्रपति के पदासीन होने में कुछ ही दिन बचे हैं, फिर भी डेमोक्रेट और काफी संख्या में रिपब्लिकन नेता व पदाधिकारी चाहते हैं कि 20 जनवरी से पहले ट्रंप को पदच्युत किया जाए। वे ट्रंप पर इस हद तक सत्ता के दुरुपयोग का आरोपी मानते हैं कि उन्होंने जानबूझकर ऐसे बयान दिए और प्रोत्साहन दिया जिसकी परिणिति कैपिटल हिल पर गैर कानूनी कार्रवाइयों के तौर पर हुई। महाभियोग के प्रारूप में ट्रंप के चुनाव को बाधित तथा प्रभावित करने के पूर्व एवं निरंतर प्रयासों का उल्लेख किया गया है और बाइडेन से राज्य हार जाने के बाद जॉर्जिया के सचिव से और अधिक वोट जुटाने को कहे जाने का भी संदर्भ दिया गया है। प्रारूप में आगे कहा गया है : ''ट्रंप ने गलत दावा किया है कि चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, तथा निराधार दावे बार-बार कांग्रेस के रिपब्लिकनों द्वारा दोहराए जाते रहे... राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त राज्य अमेरिका तथा सरकार की संस्थाओं की सुरक्षा को खतरे में डाला... उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था की सत्यनिष्ठा को खतरे में डाला, सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण में दखलंदाज़ी की और सरकार की समन्वय शाखा को मुसीबत में डाल दिया। इस तरह उन्होंने राष्ट्रपति के तौर पर अपने विश्वास के साथ दाग किया जिससे अमेरिका की जनता को चोट पहुंची है।''

महाभियोग प्रक्रिया ट्रंप के लए कोई नई बात नहीं है। उन पर सदन ने 18 दिसंबर 2019 को दो आधारों पर महाभियोग लगाया था : सत्ता का दुरुपयोग तथा कांग्रेस में अवरोध उत्पन्न करना। स्वाभाविक रूप से, उन्हें रिपब्लिकनों ने बचा लिया। फिर भी, ट्रंप पर राष्ट्रपतित्वकाल के अंतिम समय में दूसरा महाभियोग प्रस्ताव आने का कलंक लगा है। सामान्य रूप से, सदन द्वारा महाभियोग की जांच की जाती है और उसके सबूत सदन की न्यायिक समिति को भेजे जाते हैं, जो सुनवाई करती है, लेख प्रारूपित करती है और उन्हें पूर्ण सदन को भेजती है। 2019 में ट्रंप पर चले महाभियोग में तीन महीने का समय लगा था।

हालांकि, इस बार, जब चंद दिन बचे थे, डेमोक्रेटों में यह भावना व्याप्त थी कि जो भी हुआ उसकी जांच करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जब भीड़ ने हमला किया तब कांग्रेस के अधिकतर सदस्य कैपिटल हिल में ही थे। स्पीकर पेलोसी ने फ्लोर मतदान कराया जिसमें न्यायिक समिति का कोई उल्लेख या सुनवाई नहीं हुई थी। अब जबकि सदन ने एक प्रस्ताव पेश कर उपराष्ट्रपति माइक पेंस से आग्रह किया है कि वो राष्ट्रपति ट्रंप को पदच्युत करने के लिए 25वें संशोधन का प्रयोग करें, आर्टिकल और प्रमाण सीनेट को भेजे जाएंगे, जहां मुकदमा चलेगा और तब निष्कासन अथवा दोषमुक्ति पर अंतिम मतदान होगा। इससे ट्रंप का कार्यकाल अंत तक चलेगा।

हालांकि, अब भी, कई रिपब्लिकनों, यहां तक कि वे भी जिन्होंने ट्रंप की आलोचना की थी, का कहना है कि महाभियोग से कोई लाभ नहीं होगा, क्योंकि इससे फायदा कम नुकसान ज्यादा पहुंचेगा। लेकिन डेमोक्रेट और कुछ रिपब्लिकनों का लगता है कि यह स्पष्ट किया जाए कि अब या भविष्य में कोई भी राष्ट्रपति अमेरिकी सरकार के खिलाफ विद्रोह न कर सके।

अब तक कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति कभी भी महाभियोग प्रक्रिया के द्वारा पद से हटाया नहीं गया है और किसी भी राष्ट्रपति को सदन द्वारा एक से अधिक बार महाभियोजित नहीं किया गया है। महाभियोग की कार्यवाही चार राष्ट्रपतियों, यथा एंड्रयू जॉनसन-1868, रिचर्ड निक्सन-1974, बिल क्लिंटन-1998 और डोनाल्ड ट्रंप-2019 के खिलाफ हो चुकी है लेकिन प्रस्ताव पारित नही हो पाए।

निक्सन ने कार्यवाही प्रारम्भ होने से पहले इस्तीफा दे दिया था। कानूनी विशेषज्ञ ट्रंप के विरुद्ध महाभियोग की कार्यवाही की वांछनीयता को लेकर तीन खेमों में बंटे हुए थे। एक का विचार है कि किसी राष्ट्रपति पर केवल पद पर रहते हुए ही महाभियोग प्रस्ताव लाया जा सकता है। अन्य मत यह है कि यदि सदन पद पर रहते हुए राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान करता है, तो सीनेट राष्ट्रपति के पद छोड़ने के बाद भी मुकदमे की कार्यवाही कर सकती है। और तीसरा विचार है कि संपूर्ण प्रक्रिया राष्ट्रपति के पद से बाहर हो जाने के बाद भी प्रारम्भ की जा सकती है।

किसी भी राष्ट्रपति को पदमुक्त होने के बाद महाभियोजित नहीं किया गया है। लेकिन, सदन स्पीकर होने के नाते, पेलोसी ने कहा : ''डेमोक्रेट ट्रंप को पदच्युत करने हेतु बाध्य करने का प्रत्येक विकल्प सुरक्षित रखेंगे, 25वें संशोधन के द्वारा अथवा महाभियोग के द्वारा।'' अंततः ट्रंप महाभियोग की चपेट में आ ही गए। दूसरे महाभियोग का कलंक डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपतित्व का उपयुक्त अंतिम परिणाम है।

यदि वो सम्मानित अथवा बेहतर समझ वाले व्यक्ति होते तो पद त्याग देते। लेकिन गरिमापूर्ण ढंग से पद छोड़ना डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ही नहीं है।

# न्यायोचित नहीं अपराध से अधिक दंड

## विधायिका या न्यायपालिका को ऐसे कानून या नियम बनाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए जो संदर्भित अपराधों की तुलना में आवश्यकता से अधिक दंड का प्राविधान करें।

**अभय राज मिश्र**
(लेखक प्रहार एनजीओ के अध्यक्ष हैं)



आदिम काल से मानव सभ्यता ने नियम विनियम बना कर सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने का काम किया है जिनका क्रियान्वयन जनता को निष्पक्ष न्याय देने वाली विभिन्न एजेंसियों द्वारा किया जाता है। न्याय अपनी प्रकृति से एक उचित व सही चीज का प्रतिनिधित्व करता है। यह इस संदर्भ पर निर्भर करता है कि निष्पक्ष व उचित का न्यायिक विचार क्या है। उन्नीसवीं शताब्दी के न्यायविद व अपने नैतिक सिद्धान्त के लिए विख्यात प्रोफेसर हेनरी सिगविक की राय थी कि देश की राजनीतिक सफलता का मानक उसके प्रशासनिक न्याय से लगाया जा सकता है। आदिम समाजों में दंड का लक्ष्य नियम न मानने वालों के प्रति क्रूरता प्रदर्शित कर भय पैदा करना था। उम्मीद की जाती थी कि यह सबक की तरह काम कर दूसरों को अपराध से विरत करेगा। लेकिन विकास एवं सामाजिक परिवर्तन के साथ अब दंड को मानवाधिकार के रूप में देखा जाता है तथा गलत काम करने वालों को पीड़ा पहुंचाने के बजाय उनको सुधारने पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। भारत एक कल्याणकारी राज्य है और उसने सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है जहां अपराधी का पुनर्वास मुख्य लक्ष्य है। पूर्व आईजी जेल किरन बेदी ने 1993 में तिहाड़ जेल में सुधारात्मक कदम उठाते हुए इस कुख्यात जेल में बंदियों के कल्याण के कार्यक्रम चलाए थे जिन्होंने तिहाड़ जेल को पूरी तरह बदल दिया था। सुधार नीति में शिक्षा, ध्यान व योग के माध्यम से बंदियों के दृष्टिकोण में परिवर्तन, व्यावसायिक कौशल उपलब्ध कराना, जेल प्रशासन को जवाबदेह बनाना, बंदियों के लिए मोबाइल याचिका बाक्सों की व्यवस्था करना, विभिन्न पंचायतें व दैनिक सभायें, बेहतर भोजन व रहन-सहन की स्थितियों में सुधार, नशाखोरों को नशा मुक्ति केन्द्रों की सहायता तथा विचाराधीन कैदियों की विधिक सेलों द्वारा सहायता शामिल हैं। इसी प्रकार सरकार ने 2016 में माडल जेल सुधारों द्वारा बड़ा कदम उठाते हुए बंदियों संबंधी कानूनों, नियमों व विनियमों में एकरूपता लागू की है।

लेकिन सजा देने के निर्देशों व ढांचों की एकरूपता में अभी भारी अंतर है। विभिन्न समितियों द्वारा समय-समय पर उठाए जाने के बावजूद विधायिका या न्यायपालिका ने कोई ढांचागत मानक नहीं बनाए हैं। गृह मंत्रालय द्वारा दंड न्याय प्रणाली में सुधारों पर गठित मलीमथ समिति ने 2003 में अपनी रिपोर्ट में सजा देने के निर्देशों की आवश्यकता बताई थी ताकि सजा देने में अनिश्चितता न्यूनतम की जा सके। कुछ साल बाद माधव मेनन कमेटी ने भी भारत में सजा देने की नीति पर जोर दिया। 2010 में तत्कालीन विधि मंत्री ने कहा था कि भारत एक 'समान सजा नीति' बनाने पर विचार कर रहा है जो अमेरिका व ब्रिटेन पर आधारित होगी। लेकिन इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है। इसके बजाय सिगरेट एंड अदर टोबैको प्राडक्ट एक्ट 2020-कोटपा 2020 ने विपरीत दिशा में चलने के संकेत दिए हैं। इसने तंबाकू उत्पाद बेचने वाले छोटे दूकानदारों पर अत्यधिक दंड के प्राविधान किए हैं। इसमें एक लाख के जुर्माने से लेकर सात साल कैद तक के प्राविधान हैं। इन उल्लंघनों को संज्ञेय अपराध बनाया गया है जिसका अर्थ है कि पुलिस को दूकानदारों को बिना वारंट या अदालत की अनुमति के गिरफ्तार करने का अधिकार है तथा जमानत के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करना जरूरी होगा। इन उल्लंघनों में 21 वर्ष से कम आयु वाले को तंबाकू उत्पाद बेचना व शिक्षा संस्थानों के 100 मीटर दायरे के भीतर इनको बेचना शामिल है। बहुत पुराने जमाने से खुली सिगरेटें बेचने की परंपरा रही है, पर अब इसे जेल की सजा वाला अपराध बना दिया गया है। ऐसे समय जब 18 वर्ष आयु के विधिक वयस्क को मताधिकार मिला है, इस प्रकार का नियंत्रण बहुत कठोर है। इन छोटे दूकानदारों का बड़ा हिस्सा पैदल चल कर सामान बेचता है और हमारे यहां शैक्षिक संस्थानों की सुनिश्चित परिभाषा नहीं है क्योंकि इनमें स्कूल से लेकर निजी ट्यूशन केन्द्र तक सभी शामिल हैं। यह प्रस्ताव छोटे खुदरा व्यापारियों को जघन्य अपराधियों जैसा बना देता है और स्थानीय पुलिस अधिकारियों की सनक व दया पर छोड़ देता है जिनमें से अनेक भ्रष्ट हो सकते हैं। भारतीय दंड संहिता-आईपीसी में अन्य अपराधों के लिए दंड व जेल की सजा को देखते हुए यह अत्यधिक कठोर व अनुचित दंड है। आईपीसी की धारा 275 में नकली दवाओं की बिक्री पर 6 महीने कैद, धारा 279 में खतरनाक ड्राइविंग के लिए 6 महीने कैद, दंगे के लिए धारा 384 में तीन साल कैद, धारा 324 में घातक हथियार से चोट पहुंचाने पर तीन साल कैद, फिरौती के लिए धारा 384 में तीन साल कैद, तेजाब डालने के लिए 326बी में पांच साल कैद व धारा 363 में अपहरण के लिए सात साल कैद का प्राविधान है।



भारत एक कल्याणकारी राज्य है और उसने सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है जहां अपराधी का पुनर्वास मुख्य लक्ष्य है। लेकिन सजा देने के निर्देशों व ढांचों की एकरूपता में अभी भारी अंतर है। विभिन्न समितियों द्वारा समय-समय पर उठाए जाने के बावजूद विधायिका या न्यायपालिका ने कोई ढांचागत मानक नहीं बनाए हैं।

उपरोक्त कदम से छोटे खुदरा व्यापारियों में भारी गुस्सा है क्योंकि उनको अपराधियों की तरह देखा जाता है। 18 वर्ष के वयस्क को बीड़ी या सिगरेट बेचने के संभावित सामाजिक नुकसान को पसंद के मूलाधिकार के साथ रख कर देखा जाना चाहिए और इसकी तुलना अपहरण, तेजाब फेंकने या नकली दवाओं की बिक्री से नहीं होनी चाहिए। तंबाकू एक वैध उत्पाद है और सरकार को इससे भारी राजस्व प्राप्त होता है, फिर इसे वैध वयस्क को बेचना अपराध कैसे हो सकता है? इससे ऐसे कानून बनाने के पीछे छिपी प्रक्रिया पर ही सवाल उठते हैं। क्या ऐसे प्रस्ताव तैयार करने के पीछे नौकरशाहों की अपर्याप्त शोध शामिल है जिसके चलते वे इनकी तुलना अन्य प्राविधानों से नहीं करते हैं अथवा इसके पीछे तंबाकू उपयोग पर जल्दी से लगाम लगाने की भावनात्मक सोच है। ये खुदरा व्यापारी रोजमर्रा जरूरत की अन्य चीजें, जैसे चाय, पानी, जूस, साफ्ट ड्रिंक, बिस्कुट, टाफी, आदि भी बेचते हैं। इनकी उपस्थिति भारतीय शहरों में खुदरा बिक्री परिदृश्य का हिस्सा तथा उनकी आत्मनिर्भरता का अंग है। इससे समाज के सबसे गरीब लोग अपनी उद्यमिता से जीवन काटते हैं।

सरकार के आलोचक अपने नतीजे निकालते हुए इसे असंगठित खुदरा व्यापार पर हमला बता रहे हैं तथा एनजीओ इसे विदेशी फर्मों द्वारा भारत में तंबाकू के अंतरराष्ट्रीय ब्रांड थोपने का प्रयास कह सकते हैं। लेकिन यह स्पष्ट रूप से विधायिका व न्यायपालिका के बीच संतुलन की कमी का प्रमाण है जो ऐसे निर्देश देते समय होनी चाहिए। विधायिका या न्यायपालिका को ऐसे कानून या नियम बनाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए जो अपराध की तुलना में कठोर दंड का प्राविधान करते हों।

इसे स्थिति में जनता का कानून के शासन से विश्वास उठ सकता है। अतीत में न्यायपालिका ने आवश्यकता से अधिक दंड देने वाले मामलों को खारिज किया है। सोमन बनाम केरल राज्य, 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने खुदरा शराब विक्रेता पर उच्च न्यायालय द्वारा लगाया दंड खारिज किया था जिसके कारण 6 लोगों की मौत हो गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, 'अपराधी को दंड देना दंड न्याय व्यवस्था का केन्द्र है, पर हमारे देश में यह दंड न्याय प्रशासन का सबसे कमजोर हिस्सा है।' अदालत ने दंड देते समय समानुपतिकता, निवारण व पुनर्वास आयामों पर विचार जरूरी बताया था। सजा अपराध की गंभीरता देखते हुए होनी चाहिए। यहां नकली शराब विक्रेता पूरी श्रृंखला की सबसे कमजोर कड़ी है जिसमें निर्माता और डिस्ट्रीब्यूटर प्रमुख हैं। इसलिए अदालत ने उसकी सजा पांच साल से घटा कर तीन साल कर दी। तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में कोई बहस नहीं है तथा इसका प्रयोग घटाया जाना चाहिए।

लेकिन आश्चर्यजनक रूप से कठोर सजा देने वाले दंड के प्राविधान व्यवस्था का मजाक उड़ाते तथा न्यायिक विडंबना वाली स्थिति तैयार करते हैं। इस प्रकार देश में कानून बनाने की प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं। अनेक लोगों की आजीविका प्रभावित करने वाले ऐसे कानून बनाने के पहले काफी बहस होनी चाहिए और उनकी समीक्षा विशेषज्ञ समितियों द्वारा होनी चाहिए जिनमें न्यायिक विशेषज्ञ, समाज विज्ञानी व उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हों। जनता द्वारा भी इनकी समीक्षा होनी चाहिए। ऐसे कानूनों को अनुमति देने से जजों की संवेदनशीलता भी प्रभावित हो सकती है क्योंकि अपराध की तुलना में अत्यधिक कठोर दंड देते समय वे विरोधाभास का शिकार हो सकते हैं।

## पाल समाज अहिल्याधाम हाऊसिंग बोर्ड भिलाई में मकरसंक्रांति पर्व व पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित



**दुर्ग-भिलाई।** छत्तीसगढ़ पाल समाज अहिल्याधाम हाऊसिंग बोर्ड भिलाई में मकरसंक्रांति पर्व व पारिवारिक मिलन समारोह सम्पन्न किया गया इस वर्ष छत्तीसगढ़ पाल समाज अहिल्याधाम अपने स्थापना 1995 से अनवरत लगातार मकरसंक्रांति व पारिवारिक मिलन समारोह मनाते आ रहा है इस वर्ष छत्तीसगढ़ पाल समाज अपना रजत जयंती बड़े ही धूम धाम से भिलाई नगर विधयक एवम महापौर देवेंद्र यादव जी की मुख्य आतिथ्य में मनाया गया सर्वप्रथम सत्यनारायण जी की पूजा अचर्ना किया गया उसके पश्चात अपने आराध्य देवी अहिल्या जी के तैलीय चित्र पर दिप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान व उपस्थित मुख्य अतिथि विषेश अतिथि विशिष्ट अतिथि द्वारा सभा को सम्बोधित किया गया बच्चों व महिलाओं का खेल कूद का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभगियों को पुरुष्कार प्रदान किया गया।

# बेमेतरा जिले में लैब टेक्नोलॉजिस्ट संजय तिवारी को लगा कोरोना का पहला टीका

- शनिवार को जिले के 179 स्वास्थ्य कर्मियों को लगा कोविड-19 का टीका
- प्रतिरक्षित लोगों को 15 फरवरी को दी जाएगी दूसरी डोज



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल बेमेतरा में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट संजय तिवारी को कोरोना का पहला टीका लगने के साथ ही शनिवार को टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई7 वहीं दूसरा टीका नर्सिंग ऑफिसर रेखा विलास व तीसरा टीका मेट्रन देवयानी शिवारे को लगाया गया।

वैक्सीनेशन साइट में मुख्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश शर्मा ने हेल्थ वर्करों को अपने हाथों से टीका कृत किया7 सत्र के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती शकुंतला मंगत साहू, अपर कलेक्टर संजय दीवान, एसपी दिव्यांग पटेल, एएसपी विमल बैस, जिला प्रभारी संयुक्त संचालक सुभाष पांडे, कोविड नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति जेसाठी, सिविल सर्जन डॉ. वंदना भेले, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ शरद कोहाड़े, यूनिसेफ से डॉ. कविता पटेल, डीपीएम अनुपमा तिवारी, आरएएमएनसीएच जिला कोआर्डिनेटर शोभिका गजपाल, मेट्रन देवजानी शिवारे व हास्पिटल सलाहकार आरती दत्ता आदि उपस्थित थे।

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा आज वैक्सीनेशन की शुरुआत कोरोना से बचाव के लिए एक साधन वैक्सीन के रुप में आ गया है। किसी भी महामारी के खिलाफ लड़ाई में बीमारी की पहचान, उपचार व बचाव महत्तवपूर्ण चरण होते हैं। बचाव के रुप में मास्क, सेनेटाइजर, आपस में दूरी और वैक्सीन से सुरक्षा सबसे बड़ा साधन साबित हो सकता है। उन्होंने कहा वैक्सीन आने व लगने के बाद भी बचाव के साधनों के साथ जागरुकता के लिए कार्य करना जरुरी होता है। उन्होंने कहा, आज शाम पांच बजे तक पहले दिन जिले के बेमेतरा में 40, बेरला में 81 व नवागढ़ में 58 सहित179 हेल्थ वर्करों को कोविड-19 टीका से प्रतिरक्षित किया गया। प्रतिरक्षित लोगों को कोविड-19 टीका की अगली डोज के लिए 15 फरवरी की तारीख दी गई है। इसके लिए उनके मोबाइल पर मैसेज भी आएगा।इसी तरह बेरल सीएचसी के वैक्सीनेशन साइट में पहला टीका डेंटल सर्जन डॉ. रजनी ठाकुर वनवागढ़ सीएचसी में नॉन मेडिकल सुपरवाइजर उदयराम ध्रुव को लगाया गया।

कोविड नोडल अधिकारी डॉ ज्योति जसाठी ने भी आज कोरोना टीका लगाने के साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की और कहा टीका पूरी तरह सुरक्षित हैं। टीके को लेकर किसी तरह के भ्रम व भय करने की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा, आज जिले में टीके की शुरुआत हो गई लेकिन टीका लगने के बाद अभी तक प्रतिकूल प्रभाव की कहीं से कोई शिकायत नहीं आई है। जिले में लगभग 60 फीसदी हेल्थ वर्करों ने टीकाकरण की शुरुआत में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। डॉ ज्योति जसाठी से कहा, कोरोना वैक्सीन भारत में निर्मित व पूरी तरह से सुरक्षित है। जिले में कुल तीन अस्पतालों में भी जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगरानी में टीके को लांच किया गया। उन्होंने बताया जिले में अब तक 83,747 सैंपल की जांच के लिए भेजे गए हैं जिनमें 4849 मरीज पॉजिटिव आए हैं। अब तक 2297 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 217 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जिले में कुल 57 लोगों की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े ने बताया कोरोना को मात देने के लिए वैक्सीन की 3030 डोज जिले को प्राप्त हो चुकी हैं।

इसके भंडारण के लिए अत्याधुनिक तकनीक से 26 कोल्ड चेन बनाए गए हैं। जिले में कोविड वैक्सीन का लगाया गया है लेकिन एक भी एईएफआई की रिपोर्ट नहीं मिली है। जिनको भी टीका लगाया गया है वह अपना अनुभव साझा कर बता रहे हैं कि वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है।

# एक हजार गठान बारदाने उपलब्ध कराने ट्रेडर और मिलर सहमत

### कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई ने ली बैठक



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा धान उपार्जन हेतु बारदाने की व्यवस्था के संबंध में दिये गये निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट दुर्ग तथा कक्ष में मिलर्स ट्रेडर्स की बैठक ली गयी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देशानुसार यह बैठक अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई ने ली। उन्होंने बताया कि जिले में धान उपार्जन वर्ष 2020-21 के अनुमानित लक्ष्य अनुरूप 20000 गठान बारदानों की आवश्यकता रही है जिसमें से 19132 गठान बारदानों की आपूर्ति नये बारदाने, मिलर्स तथा पी.डी. एस के पुराने बारदानों से हुई। समितियों में अभी 1400 गठान शेष है तथा लगभग 1000 गठान बारदानों की और आवश्यकता है। बैठक में मिलर्स के द्वारा 1000 गठान पुराने बारदाने उपलब्ध कराये जाने हेतु सहर्ष सहमति दी गई है। अभी तक मिलर्स द्वारा 10000 गठान पुराने बारदाने उपार्जन हेतु उपलब्ध करा चुके है तथा शेष 1000 गठान बारदाने भी उपलब्ध कराने सहमत है। राईस मिलर्स तथा पी.डी.एस. के बारदानों से धान उपार्जन हेतु बारदानों की आपूर्ति हो जाएगी जिले में बारदाने की समस्या नहीं है। शासन के द्वारा किसानों के पुराने जूट बारदानो से भी धान खरीदी की अनुमति प्रदान की गई है। अतः इस संबंध में स्थानीय स्तर पर किसानों से चर्चा किये जाने एसडीएम को निर्देशित किया गया है।

एसडीएम खाद्य नियंत्रक, तथा खाद्य निरीक्षकों को भी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने स्थानीय स्तर पर मीटिंग लिये जाने निर्देशित किया गया है।

# एम एल ए ट्रॉफ़ी के फाइनल मैच मे पहुंचे बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक आशीष छाबड़ा प्रदेश के कृषि मंत्री रवींद्र चौबे के साथ बेमेतरा के एतिहासिक बेसिक मैदान में एम एल ए ट्रॉफ़ी के फाइनल मैच मे शामिल हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे थे तथा अध्यक्षता विधायक आशीष छाबड़ा ने की। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच टारगेट इलेवन भिलाई विरूद्ध खुमली इलेवन पाटन के बीच खेला गया जिसमें खुमली ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए टारगेट इलेवन भिलाई ने खुमली इलेवन पाटन के सामने जीत के लिए 79 रन का टारगेट दिया, जिसे खुमली इलेवन पाटन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मैच को अपने नाम कर लिया। जिसमें विजेता टीम को कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक आशीष छाबड़ा ने अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही आयोजक समिति को भी बधाई दिए और



इस सफल आयोजन को नगर के खेलप्रेमियों की उपलब्धि बताया। ज्ञात हो कि जब से एम एल ए ट्रॉफ़ी क्रिकेट मैच क आयोजन चल रहा है नगर के युवाओं में इस आयोजन के लिए अलग ही उत्साह है। इस दौरान विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा विजेता टीम खुमली इलेवन पाटन को 1,55,555 रुपए का नकद पुरस्कार एवम् ट्रॉफी प्रदान किए इसी क्रम मे उप विजेता रही टारगेट इलेवन भिलाई को 77,777 रुपए एवम् कप प्रदान किए। इस प्रतियोगिता को लगातार विधायक आशीष छाबड़ा ने अपना सहयोग तथा निरीक्षण बनाए रखा है इस अवसर पर बंशी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस बेमेतरा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस बेमेतरा, शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, टी आर जनार्दन, जावेद खान वरिष्ठ कांग्रेसी, विकास भूवाल, ललित विश्वकर्मा, मनोज शर्मा सभापति, राम ठाकुर सभापति, रश्मि मिश्रा पार्षद, जया साहू पार्षद, रानी सेन पार्षद, रेहाना वाहिद रवानी पार्षद, रीता पाण्डेय, अराधना पाण्डेय, मंगत साहू पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, प्रणीश चौबे, जोगेंद्र छाबड़ा, सनत धर दीवान, अजय राज सेन, विक्की मिश्रा, राजू साहू, देवेन्द्र भात्रे, वसीम मुनीर, धनंजय पाठक, देवानंद गर्ग, डेनिम सेन सहित भारी मात्रा में दर्शक गण आदि उपस्थित रहे।

## अलवीना बनीं मिस चार्मिंग



**भिलाईनगर।** मिस टियारा क्विन ऑफ भारत 2021 मिस्टर स्टाइयल आइकन ऑफ भारत का फिनाले क्रुती इंस्टीट्यूट रायपुर में हुआ. जिसमें 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया. इस फिनाले में भिलाई की अलवीना मिस चार्मिंग बनीं. इस आयोजन के जजमेन्ट पेनल में शो के फाउन्डर संचय सान्याल, मिस छत्तीसगढ़ 2016 श्रुति साहू व माडल हुकुम देव शामिल थे. इस शो में आर्गनाइजर ऋषभ त्रिवेदी और अभिषेक साहू ने पूरे शो को आर्गनाइज किया।

# नीतू कोठारी को प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार करने की जिले की दी जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के अनेक कर जनकल्याणकारी योजनाओं जो गांव के गरीब से गरीब आम आदमी तथा जनमानस तक पहुंच सके जिसके लिए मोदी सरकार लगातार कोशिश कर रही हैं केंद्र सरकार के अनेक योजना ,जैसे आयुष्मान भारत योजना ,,अटल पेंशन योजना ,प्रधानमंत्री आवास योजना, डेयरी उद्यमिता विकास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना , प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि स्वनिधि योजना जैसे अनेक जन कल्याणकारी योजना जिनको डोर टू डोर आम जनता तक पहुंचाने के लिए सरकार अनेक प्रयास कर रहे हैं जिनमें कई कार्यपद्धती हेतु दायित्व भी दिए !



जिसमें प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना प्रचार प्रसार अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पुशेष आर्य, प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ श्री सच्चिदानंद उपासने,प्रदेश संगठन मंत्री श्री आलोक श्रीवास्तव के सहमति से बेमेतरा जिला हेतु जिला अध्यक्ष सुश्री नीतू कोठारी को बनाया गया !

सुश्री नीतू कोठारी ने अध्यक्ष बनाए जाने पर सांसद सरोज पाण्डेय,सांसद विजय बघेल, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व मन्त्री दयालदास बघेल, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ,युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकाश घरडे ,सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी का धन्यवाद अर्पित किया और कहा - प्रधानमंत्री जन कल्याणकरी की सम्पूर्ण योजनाओ को आम जनता के बीच पहुंचाने के इस दायित्व को पूरी तरह निर्वहन करने का प्रयाश करूंगी जिससे आम जनता प्रधानमंत्री योजनाओं का लाभ ले सकें वह अपने आर्थिक , सामाजिक स्थिति में बढ़ोतरी कर सकें।

## इक्कीसवी जूनियर राज्य स्तरीय तीरन्दाजी प्रतियोगिता 31 जनवरी 2021को बेमेतरा में

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शनिवार 16 जनवरी को बेमेतरा तीरंदाजी संघ की बैठक विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में उनके कार्यालय बेमेतरा में आयोजित की गई ,बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ तीरन्दाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ,पार्षद मनोज शर्मा, अजय शर्मा,मनोज बक्शी, मृतयुंजय शर्मा, व खेल प्रेमी खलाडी उपस्थित रहे ,बैठक में विधायक ने बेमेतरा तीरन्दाजी संघ के गठन पर चर्चा कर तीरन्दाजी खेल के उन्नति के साथ बेमेतरा से तीरंदाज राष्ट्रीय स्तर पर जाए इसकी बारीकी से चर्चा की और कहा कि बेमेतरा जिला अनेको खेल की नर्सरी हुआ करती है ,विधायक जी ने कहा कि आने वाले समय मे राज्य स्तरीय प्रतियोगिया कराने पर चर्चा कर 31 जनवरी को जूनियर वर्ग की राज्य प्रतियोगिता बेमेतरा में कराने का निर्णय लिया गया ,राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की पूरी तैयारी के लिये पार्षद मनोज शर्मा को जवाबदारी दी ।



व इक्कीसवी जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 31 जनवरी 2021को बेमेतरा के बेसिक स्कूल ग्राउंड में आयोजन करने का निर्णय लिया गया , इस प्रतियोगिता में 15 जिले से 150 तिरन्दाज भाग लेंगे, उद्घाटन सुबह 10 बजे , और पुरस्कार वितरण शाम 5 बजे होगा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष मुरारकर नेराज्य के सभी जिले के तीरन्दाज, कोच , को अपने अपने जिले से तीरंदाज सलेक्शन सूची प्रतियोगिता पूर्ण कर सौपने कहा जिससे प्रतिभागी बेमेतरा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग ले सके, यहा? से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेगे।

## आज 312 लोगों को लगाया गया कोरोना का टीका

**दुर्ग।** जिले में आज चिन्हांकित पांच टीकाकरण सत्रों में कोविड-19 से कुल 312 में से जिला चिकित्सालय दुर्ग में 71, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में 85, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठधाम में 70, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुरा में 68 एवं श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जूनवानी में 20 लाभार्थियों को टीकाकृत किया गया। टीकाकरण का प्रारंभ प्रातः 11रू00 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन समाप्त होने के उपरांत जिला चिकित्सालय दुर्ग के टीकाकरण में सर्वप्रथम डॉ. सुगम सावंत को टीकाकृत किया गया।पहला टीका जब लगा तब दुर्ग शहर विधायक अरुण वोरा, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल, कोविड-19 टीकाकरण के नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या वैष्णव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुदामा चंद्राकर, सिविल सर्जन डॉ. पी.बालकिशोर एवं जिले के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उमंग के साथ उपस्थित थे। पांचो टीकाकरण सत्र का निरीक्षण जिला कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर सुश्री दिव्या वैष्णव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुदामा चंद्राकर, जिला कार्य म अधिकारी डॉ. आर. के. खंडेलवाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला कार्य म अधिकारी डॉ. अनिल शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री पीयूली मजूमदार, डॉ. रश्मि भोसले, डॉ. प्रज्ञा रामटेके आर.एम.एन.सी.एच, डॉ.सोनल सिंह, डॉ. मोईत्री मजूदमदार कंसलटेंट के द्वारा किया गया।

# भारत स्काउट एवं गाइड्स संघ- दुर्ग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





भारत स्काउट एवं गाइड्स संघ- दुर्ग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग संभाग के मंथन हॉल में राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी जी के मुख्य आतिथ्य तथा टी. के . एस. परिहार, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त, कल्पना स्वामी, सहायक संचालक, शिक्षा संभाग- दुर्ग, राजेश ओझा, संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय - दुर्ग के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैलाश कुमार सोनी जी ने स्काउट्स एंड गाइड्स की उपलब्धियों को आम जनमानस तक ले जाकर उसकी विस्तृत प्रचार-प्रसार की बातें कहीद्य टी.के. एस परिहार जी द्वारा जिले में बेसिक एवं बिगिनर्स कोर्स का आयोजन करते हुए शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर दिया, अशोक कुमार देशमुख जी ने जिले को पुनः राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बनाने पर बल देते हुए सभी स्काउटर एवं गाइड को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आवाहन किया गया।

इस कार्यशाला मैं दिलीप पटेल एवं नीतीश कुमार जी द्वारा वर्चुअल रजिस्ट्रेशन पर प्रशिक्षण दिया गया इस कार्यशाला में जिले के समस्त स्काउट और गाइड के शिक्षक के साथ-साथ जिला संगठन आयुक्त अवधेश विश्वकर्मा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट आनंदराम बघेल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरस्वती गिरिया इत्यादि की उपस्थिति रहीद्य कार्यक्रम का सफल संचालन त्रिलोक चंद चौधरी क्लबमास्टर तथा धन्यवाद ज्ञापन सरस्वती गिरिया जिला प्रशिक्षण आयुक्त द्वारा किया गया।

## नया तालाब के पास सीमेंट सड़क का नहीं किया निर्माण, गीता बिल्डर्स ब्लेक लिस्टेट, 87,305 राजसात

**दुर्ग।** निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन द्वारा निगम ठेकेदार मे0 गीता बिल्डर्स को ब्लेक लिस्टेट कर निगम की आगामी निविदाओं से वंचित कर दिया गया। ठेकेदार को अक्टूबर 2019 को कार्य आदेश दिये जाने के बाद, तत्काल कार्य प्रारंभ कर तीन बार नोटिस देने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने से निगम की छबि को धूमिल किया गया। तथा ठेकेदार कार्य करने का इच्छुक नहीं मानते हुये उसके द्वारा निविदा के समय जमा की गई अमानत राशि और अंतर राशि कुल 87305 रु0 को राजसात कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा राजीव नगर वार्ड 2 नया तालाब से दुर्गा मंच तक 7.50 लाख की लागत से सीमेंट सड़क निर्माण करने का कार्य आदेश 31 अक्टूबर 2019 को मे0 गीता बिल्डर्स को कार्य आदेश दिया गया था। 4 माह बीत जाने के बाद भी ठेकेदार ने संबंधित उप अभियंता से ले-आउट प्राप्त नहीं किया।

### मीडिया वर्कशॉप में वैक्सिनशन कार्यक्रम के बारे में हुई विस्तार से चर्चा

# आज से शुरू होगा फ्रंट लाइन के कोरोना वारियर्स का वैक्सिनशन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना वारियर्स को वैक्सीन लगाई जानी है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा करने लिए आज कलेक्ट्रेट सभागृह में मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि कोरोना के प्रति जन जागृति फैलाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। आगे भी मीडिया के सहयोग की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में अग्रिम पंक्ति के कोरोना वारियर्स यानि कि हेल्थवर्कर्स को,इसके बाद 50 से अधिक आयु के हाई रिस्क ग्रुप्स को और इसके बाद अन्य जरूरतमंदों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए पहले से स्वास्थ्य विभाग के एप्लिकेशन अथवा पोर्टल में पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। शनिवार यानि 16 जनवरी से चयनित केंद्रों में 100





कोरोना वारियर्स को वैक्सीन लगाया जाएगा जिसकी पूर्ण रूप से तैयारी की जा चुकी है। कोरोना नियंत्रण एवं रोकथाम की नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या वैष्णव ने बताया कि 16 जनवरी को कोरोनावायरस वैक्सीन लगाने हेतु 5 केंद्र चयनित किए गए हैं जो जिला चिकित्सालय दुर्ग, श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-पाटन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुरा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठधाम है। प्रत्येक केंद्र में 05-05 वैक्सिनशन ऑफिसर या वी ओ रहेंगे। वीओ 1 के रूप में पुलिस विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो पहचान के दस्तावेजों की जांच कर सत्यापित करेंगे कि वैक्सिनशन के लिए आया व्यक्ति वहीं है जिसने पंजीकरण करवाया है। वीओ 2 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए उपयोग किए गए एप्लिकेशन में एंट्री एवं अपडेशन का काम करेंगे।

वीओ 3 वैक्सीन लगाने का काम करेंगे जिसमें वी ओ उनका सहयोग करेंगे। इसके बाद सबसे महत्वपूर्ण चरण होगा ऑब्सर्वेशन या निगरानी का जो काम होगा। वीओ 5 जो इस बात की देख रेख करेंगे कि वैक्सीन लगाने के बाद व्यक्ति को कोई साइड इफेक्ट तो नहीं हुआ वैक्सीन के बाद 30 मिनट तक व्यक्ति को निगरानी में रखा जाएगा, किसी भी प्रकार की परेशानी एलर्जी इत्यादि होने पर आपातकालीन चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर ने बताया कि 18 जनवरी से 30 जनवरी 2021 तक कोरोनावायरस का वैक्सीन लगाने हेतु तो 13 केंद्र चयनित किए गए हैं, इन केंद्रों में मंगलवार, शुक्रवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर शेष दिवसों में वैक्सीनेशन किया जाएगा, जो निम्नानुसार है जिला चिकित्सालय दुर्ग, पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-09, शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक केंद्र पाटन, सामुदायिक केंद्र झीट, सामुदायिक केंद्र धमधा, सामुदायिक केंद्र अहिवारा, सामुदायिक केंद्र कुम्हारी, सामुदायिक केंद्र बोरी, सामुदायिक केंद्र निकुम और सामुदायिक केंद्र उतई।

# निशा समाज द्वारा गुहा जयंती समारोह मनाया गया

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा बेरला ब्लाक के ग्राम गबदा में निषाद समाज द्वारा गुहा जंयती मनाया गया मुख्य अतिथि के रुप में कृषक नेता योगेश तिवारी शामिल हुए इस अवसर पर निषाद समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा की रामायण काल से इस समाज को सभी जानते है मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी भैया लक्ष्मण सीता जी को नदी पार करानें का सौभाग्य प्राप्त हुआ यह समाज हमेशा ईश्वर की सेवा में लगा रहता है ईश्वर की कृपा हमेंशा इनके साथ है।

निषाद समाज अपनी पुस्तैनी व्यवसाय के साथ कृषि कार्य में भी हाथ बटा रहे हैं युवा पिढ़ी भी नये नये रोजगार अपना रहें जोकि समाज की जागरुकता का प्रतिक है कृषक नेता नें निषाद समाज के कार्यक्रम में



शामिल लोंगो बधाई एवं शुभकामनाऐं देते हुए कहा की आपके सुख-दुख में हमेशा आपके साथ हुं आप लोगों नें जो सम्मान दिया इसके लिए धन्यवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष चन्द्रिका निषाद ,रोशन वर्मा,चन्द्रहार वर्मा,महेश,शिवकुमार निषाद,रमेश निषाद,पोषण निषाद,मेघनाथ निषाद,रामेश्वर वर्मा,के साथ बड़ संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### अग्रवाल महिला सम्मेलन की ने किए गर्म कपड़ों का वितरण



**सक्ती।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन जिला शिकोहाबाद फिरोजाबाद शाखा ने मकर संक्रांति के अवसर पर सम्मेलन के अध्यक्ष राज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में गरीबों को वितरित किए गर्म कपड़े, कंबल, स्वेटर, तोलिया, मोजे, टोपे, सूखी खिचड़ी, गजक, रेवड़ी,गुड़, आदि वितरित किये,इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महिला शक्ति श्रीमती कविता अग्रवाल सहित जिला महामंत्री महिला शक्ति श्रीमती रश्मि अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती नीलू अग्रवाल, सुनीता बंसल, सुनीता गोयल, नीता अग्रवाल, नीतू बंसल, सोनम बंसल, प्रतिमा अग्रवाल,विनीता अग्रवाल आदि उपस्थित थीं

### बालिका से दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र निवासी एक बालिका के साथ 18 वर्षीय बालक द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है । पीड़िता की शिकायत पर छाल पुलिस ने आरोपी बालक खिलाफ 363,366,376,6 पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर किशोर बाल न्यायालय पेश किया गया है। मिली जानकारी अनुसार थाना छाल में 14 जनवरी को बालिका द्वारा उसके परिजनों के साथ थाना आकर उसके रिश्तेदार युवक ग्राम सिथरा धर्मजयगढ़ के विरूद्ध शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है । बालिका बताई कि विमल (परिवर्तित नाम) रिस्तेदार होने से अक्सर घर में आता था तथा बातचीत करता था। ईसी बीच विमल प्रेम प्रसंग बनाकर माह अप्रैल 2020 में अपने साथ घूमाने ले गया और शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद अपने घर भी ले गया और घर में पत्नी की तरह रखा था । विमल को शादी करने के लिये कहने पर घर से गाली गलौच कर भगा दिया।

# उप पंजीयक और संचालक मंडल के कमीशन खोरी का दंश झेल रहे किसान

- कांग्रेस के नेताओं के दबाव में एफआईआर का फाइल ठंडे बस्ते में
- दागी एवं पूर्व में सेवा से पृथक कर्मचारी पर उप- पंजीयक मेहरबान

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत संचालक मंडल और उप पंजीयक के कमीशनखोरी का दंश किसानों को झेलने पढ़ रहे हैं। यहां पर दागी एवं पूर्व में सेवा से पृथक कर्मचारी के ऊपर उप पंजीयक मेहरबान लग रहे हैं। जिसके फलस्वरूप संचालक मंडल के आपसी खींचतान की वजह से यहां के धान खरीदी प्रभारी को व्यवस्था खर्च करने दो प्रतिशत की राशि आज तक नहीं मिल पाया है।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित कैथा के नवीन धान खरीदी केंद्र जमड़ी में संचालक मंडल और उप पंजीयक के कमीशन खोरी का दंश यहां पर किसानों को झेलने पड़ रहे हैं। यहां पर दागी एवं पूर्व में सेवा से पृथक कर्मचारी टिकेश्वर कश्यप के ऊपर उप पंजीयक जांजगीर मेहरबान लग रहे हैं। लेकिन सीधे एवं सरल कर्मचारी माखन लाल कश्यप को संचालक मंडल बिना कोई वजह के समिति से बाहर कर दिया गया है। समिति की आपसी लड़ाई के कारण धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था खर्च करने के उद्देश्य से मिलने वाली 2 प्रतिशत की राशि आज तक खरीदी प्रभारी को नहीं मिल पाया है। जिसके कारण नवीन धान खरीदी केंद्र जमड़ी के खरीदी प्रभारी कुशतराम चंद्रा खासे परेशान नजर आ रहे हैं। खरीदी प्रभारी ने बताया कि धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था खर्च करने के लिए शासन से 2त्न की राशि सभी खरीदी केंद्रों में दिया जाता है ।

लेकिन यहां पर संचालक मंडल के आपसी लड़ाई झगड़ा के कारण 2 प्रतिशत ही राशि आज तक नहीं मिल पाया है खरीदी प्रभारी के द्वारा अपने हिसाब से लगभग 80000 रुपए की लागत से खर्च करके जैसा तैसा व्यवस्था बनाया गया है। यहां पर समिति की मनमानी चरम सीमा के सातवें आसमान पर है। उप पंजीयक जांजगीर एवं संचालक मंडल की कमीशन खोरी के प्रभाव में दागी एवं पूर्व में सेवा से पृथक कर्मचारी टिकेश्वर कश्यप को यहां पर समिति प्रभारी बनाकर रखा गया है। जिसके कारण जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा हसौद के शाखा प्रबंधक रुपए देने के लिए तैयार नहीं है शाखा प्रबंधक रश्मि गुप्ता की कहना है कि दागी एवं पूर्व में सेवा से पृथक हो चुके व्यक्ति के नाम से चेक जारी हुआ है। इस कारण से उनको राशि या रुपए नहीं दिया जा रहा है । जबकि अच्छे कर्मचारी को संचालक मंडल समिति से बेवजह बिना बताए बाहर करके रखे हैं। यहां पर कुल 600 किसान है। कुल मिलाकर 15000 क्विंटल धान खरीदी होना है । उसमें से कुल 13000 क्विंटल धान लिया जा चुका है। लेकिन बिना भूसी के स्टेट के ही धान के छल्ले को जमीन पर रखा गया है। अगर बारिश हुई तो शासन को लाखों रुपयों का नुकसान हो सकता है। धान के चट्टा के ऊपर कवर तक नहीं ढका जा सका है। इसके पूर्व में उप पंजीयक जांजगीर-चांपा ने कमीशन खोरी के प्रभाव में दागी एवं पूर्व में सेवा से पृथक कर्मचारी जिनके ऊपर विभागीय आयुक्त बिलासपुर के द्वारा एफ आई आर के आदेश कलेक्टर को दिया गया है। लेकिन कांग्रेस के नेताओं के दबाव में एफआईआर का फाइल ठंडे बस्ते में डालकर पुनः उसी कर्मचारी से मोटी रकम लेकर समिति प्रभारी बना दिया गया है।

> व्यवस्था खर्च करने 2 प्रतिशत की राशि नहीं मिलने के कारण मैं अपनी जेब से लगभग 80000 रूपये लगा चुका हूं। इस बात की जानकारी जिला के सभी तमाम उच्चाधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से अवगत करा चुका हूं।
> **कुशतराम चंद्रा, खरीदी प्रभारी, नवीन धान खरीदी केंद्र, जमड़ी**
>
> समिति के आपसी लड़ाई के कारण व्यवस्था खर्च 2 प्रतिशत की राशि नहीं मिल पा रही है। उच्च अधिकारियों को जानकारी दे चुका हूं ।
> **सुशील कुमार सूर्यवंशी, सहकारिता विस्तार अधिकारी, जैजैपुर**

## रेंज आईजी ने किया ओडिसा बार्डर व लारा धान बैरियर का औचक निरीक्षण




- धान के अवैध परिवहन को रोकने कर्मचारियों को दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर रतनलाल डांगी कल जिला रायगढ़ दौरे के दूसरे दिन सुबह करीब 10 बजे पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष सिंह के साथ ओडिसा बार्डर पर बनाये गए धान बेरियर एवं लारा धान बेरियर का निरीक्षण करने पहुंचे। बेरियर में लगे कर्मचारियों को इसकी भनक भी नहीं थी कि रेंज आईजी द्वारा बेरियर चेक किया जा सकता है। रेंगालपाली बेरियर में जुटमिल पुलिस स्टाफ, होमगार्ड व एक शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई थी। पुलिस स्टाफ, होमगार्ड मौके पर उपस्थित मिले , बेरियर ड्यूटी में लगा शिक्षक अनुपस्थित था। लारा बेरियर में लगे थाना पुसौर स्टाफ, होमगार्ड व मंडी कर्मचारी उपस्थित मिले। बेरियर में लगे स्टाफ को आईजी श्री डांगी द्वारा धान परिवहन कर रहे प्रत्येक वाहनों की सघन जांच करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम के सम्पर्क में रहने के निर्देश दिये। बेरियर चेक के बाद आईजी श्री डांगी, एसपी संतोष सिंह के साथ पुसौर थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। थाना परिसर में सलामी गार्ड द्वारा आईजी श्री डांगी को सलामी दी गई। सलामी बाद थाना के अधिकारी, कर्मचारियों से परिचय लेने के बाद वे थाना के पीछे स्टाफ क्वाटर की ओर गए, जहां पुलिस परिवारजनों से भेंट कर उनका हाल चाल जाने , पश्चात पुनः थाना आकर बारीकी से एक-एक अभिलेखों, माल खाना, सीसीटीवी कैमरों, सीसीटीएनएस डाटा एंट्री का निरीक्षण किया गया।

## किराना दुकान में चोरी करने वालो को पुलिस ने दबोचा



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

घरघोड़ा जय स्तंभ चौक में बीते रात को चोरी की घटना सामने आई जिससे लोगो मे दशहत का माहौल बना गया था । क्षेत्र में कोयला खदान सहित औद्योगिक इकाइयों के मद्देनजर हमेशा वारदात का अंदेशा बना रहता है। चुकी थाना से कुछ कदमो की दूरी पर चोरी पुलिस के लिए खुली चुनौती दी थी । थाना प्रभारी अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जय स्तम्भ चौक में ऋद्यु जनरल स्टोर में छत के रास्ते चोरों ने चोरी किया था। दुकान संचालक को चोरी की जानकारी मिली तब पुलिस को सूचना दी , जिस पर पुलिस द्वारा डॉग स्क्वायड के साथ जांच कर चोरों के सुराग तलाशने की कोशिश की गई थी। परन्तु उसमे सफलता हाँथ नही लगने से पुलिस ने चोरों को पकडने मे मुखबिर के माध्यम से जाल बिछाया।

## शासकीय कॉलेज जेठा शक्ति में डिजिटल फाइनेंसियल एजुकेशन अवार्नेस पर वेबीनार का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में दिनांक 16 जनवरी 2021 को महाविद्यालय के नेक और आइक्यूएसी विभाग के तत्वाधान में मुंबई स्टॉक एक्सेंचेंज द्वारा डिजिटल फाइनेंसियल एजुकेशन अवार्नेस विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया , कार्यक्रम के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ एके चतुर्वेदी, नेक एवं आइक्यूएसी प्रभारी डॉ यू एन कुर्रे (अंग्रेजी विभाग )और कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर अजय कुमार देवांगन (वाणिज्य विभाग) तथा कार्यक्रम के मुख्य स्रोत व्यक्ति के रूप में श्रीमती गायत्री जोशी फाइनेंसियल एजुकेशन ट्रेनर एंड रिसोर्स पर्सन मुंबई स्टॉक एक्सचेंज ,शाखा-राजस्थान तथा श्री जफरुद्दीन फाइनेंसियल एजुकेशन ट्रेनर एंड रिसोर्स पर्सन मुंबई स्टॉक एक्सचेंज शाखा -गुड़गांव, हरियाणा उपस्थित रहे, कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य व कार्यक्रम संरक्षक डॉ ए के चतुर्वेदी के द्वारा अतिथियों का स्वागत कर किया गया और इस अवसर पर प्राचार्य श्री चतुर्वेदी ने इस वेबीनार को महाविद्यालय के लिए और विद्यार्थियों के लिए बहुत ही लाभदायक बताएं तथा आज डिजिटल लेन-देन के युग में हमें क्या सतर्कता बरतनी चाहिए यह सब इस वेबीनार के माध्यम से विद्यार्थी जागरूक होंगे प्राचार्य महोदय ने स्रोत व्यक्ति श्रीमती गायत्री जोशी (राजस्थान )और श्री जफरुद्दीन (हरियाणा )को उपस्थिति के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम की सफलता हेतु बधाई और शुभकामनाएं दिए,डॉ.प्रो. यू एन कुर्रे नेक और आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर शासकीय क्रांति कुमार भारतीय ने इस वेबीनार को महाविद्यालय के लिए गौरव साबित किया और कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि इस वेबीनार के द्वारा हम कैसे डिजिटल लेन-देन में सतर्कता बरतनी होगी।

## छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी योगेश एवं लालचंद के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री से मिले

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश में व्यापारियों के सबसे बड़े प्रतिष्ठित संगठन छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने 16 जनवरी को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक कोरोना के टीकाकरण की शुरुवात करने की बधाई दी, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन योगेश अग्रवाल और महासचिव लालचंद गुलवानी के नेतृत्व में गए चेंबर के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री से प्रदेश के मेडिकल क्षेत्र से जुड़े व्यापारियों और पूरे कोरोना काल में आम लोगों के सीधे संपर्क में रहने वाले प्रदेश के यापारियों को टीकाकरण में प्राथमिकता देने का अनुरोध किया । स्वास्थ मंत्री ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को फ्रंट लाइन कोरोना वारियर्स के बाद व्यापारियों का टीकाकरण करने का आश्वासन दिया । स्वास्थ मंत्री से मिलने गए चेंबर के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से चेंबर उपाध्यक्ष राजेश वासवानी , मंत्री संजय चौधरी , अवतार सिंह बागल , अमरजीत सिंह संधू , जवाहर तलरेजा , संजय श्रीवास्तव , संतोष परमार ,आरिफ मंजूर खान कृष्णा सोनी शामिल थे।

# कोतवाली पुलिस के हाथ आये दो बाइक चोर

- आरोपी युवक व अपचारी बालक से चोरी की स्कुटी होंडा एक्टिवा व होंडा साइन बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



क्राइम मीटिंग में एसपी संतोष सिंह द्वारा बाइक चोरों पर लगाम लगाने के निर्देशों पर कोतवाली टी.आई. कृष्णकांत सिंह एवं उनके स्टाफ द्वारा एक के बाद एक बाइक चोरों को पकड़ा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 15 जनवरी को कोतवाली टी.आई. द्वारा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू व हमराह स्टाफ को चोरी की बाइक बेचने के फिराक में जोगीडिपा की ओर घूम रहे युवक को थाना लेकर आने निर्देशित किये। कोतवाली स्टाफ को जोगीडिपा में एक संदिग्ध बालक बिना नंबर होंडा साइन में घूमता मिला, जिसे चोरी की बाइक रखे होने के संदेह में पूछताछ करने पर अपने साथी गांजा चौक में रहने वाले राजू उर्फ संतोष कुर्रे के साथ मिलकर एक्टिवा वाहन व होंडा साइन को जिला अस्पताल रायगढ़ के सामने से चोरी करना बताया। होंडा साइन मोटरसाइकिल को अपने पास रखा था तथा स्कूटी को उसका साथी संतोष कुर्रे उर्फ रखना बताया। कोतवाली स्टाफ द्वारा दोनों से बिना नम्बर काले रंग की होंडा एक्टिवा मोटरसाइकिल कीमती 45,000 एवं बिना नम्बर होंडा शाइन 50,000 को धारा 41( 1+4) /379,34 के तहत जप्त कर आरोपी राजू उर्फ संतोष कुर्रे पिताकिशन कुर्रे उम्र 32 साल गांजाचौक रायगढ़ एवं विधि उल्लंघनकारी बालक को सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की राजस्थान प्रदेश इकाई ने अन्न दान करते हुए 1200 सौ लोगों को करवाया भोजन



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की राजस्थान प्रांतीय इकाई की ओर से अन्नदान किया गया । इस अवसर पर इंद्रा रसोई के माध्यम से 1200 गरीब भाई बहनो को भोजन कराया गया। भोजन के बाद सभी को मास्क पहनाकर कोरोना से बचाव का संदेश भी दिया,यह पुनीत कार्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं अग्रज्योति मासिक सन्देश के प्रकाशक ओमप्रकाश अग्रवाल एवं राजकुमार बंसल प्रान्तीय सचिव अन्तर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के सहयोग से किया गया । इस अवसर पर अग्रवाल समाज के प्रवेश सिंघल, राम बाबू मित्तल, अमित गुप्ता, युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री गजानन्द अग्रवाल , पवन अग्रवाल,श्रीमती संतोष बंसल, श्रीमती राजरानी मित्तल, श्रीमती रिचा गुप्ता प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र मोदी जी ने फोन पर आशीर्वचन दिया एवं अन्य गणमान्य अग्रबंधुओ ने इस पावन यज्ञ में उपस्थित रहकर सहयोग दिया ।

## नगरनार मोर्चा के बाद अब शिवसेना द्वारा बेरोजगार किसान मोर्चा के संबंध में ली गई बैठक

- राज्य व केंद्र सरकार के खिलाफ होगा प्रदर्शन- शिवसेना

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



शिवसेना छत्तीसगढ़ द्वारा नगरनार मोर्चा के बाद अब बेरोजगार किसान मोर्चा की तैयारी शुरू कर दी गई है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार दिलाने हेतु चारामा से जगदलपुर नगरनार तक शिवसेना छत्तीसगढ़ ने मोर्चा निकाला था। और यह मांग की थी कि निर्माणाधिन नगरनार प्लांट में 60 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार और 20 प्रतिशत अन्य जिले एव 20 प्रतिशत टेकनिशियन अन्य के अनुपात भागीदारी सुनिश्चित करने सरकार को यह घोषणा करना पड़ा कि नगरनार प्लांट का निजीकरण नही होगा। अगर निजी करण हुआ तो छत्तीसगढ सरकार खरीद लेगी। इस कार्यक्रम के बाद अब शिवसेना ने बेरोजगार किसान मोर्चा की तैयारी शुरू कर दी है। यह मोर्चा 18 जनवरी से 20 जनवरी तक चलेगी। शिवसेना जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह गहलौत ने कहा कि छत्तीसगढ के बेरोजगार और किसानों की मूलभूत जनसमस्याओं को लेकर शिवसेना प्रदेश इकाई द्वारा बेरोजगार किसान मोर्चा की तैयारी शुरू कर दी है। यह मोर्चा 19 जनवरी को सुबह 10 बजे देवरी से निकलेगी और राजनांदगांव दुर्ग भिलाई होते हुए राजधानी रायपुर पहुंचेगी। चंदन धीवर जिला महासचिव ने कहा कि धान खरीदी के पूर्व कोई ठोस व्यवस्था न करने के कारण आज 60 प्रतिशत धान खरीदी हुई नही है और कई धान खरीदी केन्द्र बंद हो गए। धान खरीदी केन्द्रों में धान का उठाव नहीं हो रहा है। बारदाना नहीं है यही वजह है कि किसानों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरे प्रदेश में 21 लाख से अधिक किसानों ने शासकीय सोसायटी में धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। पिछले साल की अपेक्षा 10 प्रतिशत किसानों की संख्या बढ़ी है उसके बाद भी अधिकारियों ने जमकर लापरवाही बरती। ईश्वर साहू जिला सचिव ने कहा कि पहले नवम्बर माह से फरवरी माह तक धान खरीदी की जाती थी लेकिन इस बार दिसम्बर माह से जनवरी माह तक केवल 41 दिन ही धान खरीदी हो रही है।

## पेज 1 के शेष...

### कृषि सुधार कानूनों का विकल्प...

सरकार ने किसान संगठनों के साथ एक बार नहीं, नौ बार घंटों बातचीत की है । किसानों से आग्रह किया गया है कि वे कानूनों पर बिंदुवार चर्चा करें । उनका कोई सुझाव है तो सरकार उस पर संशोधन करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसान संगठनों को पहले ही बिंदुवार चर्चा का अनुरोध किया था लेकिन उस पर ठोस जवाब नहीं आया । फिर सरकार ने ही कुछ बिंदुओं की पहचान की और मंडी , व्यापारियों के निबंधन तथा अनुबंध कृषि को लेकर कई रास्ते सुझाए। किसानों और व्यापारियों में विवाद की स्थिति में एसडीएम कोर्ट की जगह न्यायालय का विकल्प भी दिया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि पराली जलाने संबंधी और बिजली कानून भविष्य की बात है लेकिन सरकार ने उस पर भी बात की है।

### पूर्व आईएएस अफसर ओपी चौधरी की माता ...

में धनाढ्यों की कोई कमी नहीं। कई लोग अकेले ही मंदिर का निर्माण करा सकते थे। लेकिन ट्रस्ट ने 10 रुपये तक के कूपन से भी हर व्यक्ति की आस्था को जोड़ने और उसे सम्मानित करने की कोशिश की है। सबको आस्था के इस महायज्ञ का हिस्सा जरूर बनना चाहिये

# वर्धा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए सागर सिंह बैस

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली/लोरमी
www.dailypioneer.com




महाराष्ट्र के वर्धा में स्थित गांधी आश्रम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सहित जिला पदाधिकारी शामिल हुए। इस सम्बंध में मुंगेली कांग्रेस जिलाध्यक्ष सागर सिंह बैस ने बताया कि उक्त शिविर 12 से 14 जनवरी तक वर्धा के सेवाग्राम में आयोजित की गई थी, जिसमें बाबू के जीवन दर्शन व अन्य जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों के साथ सेवाग्राम के लिए रवाना हुए थे, उन्होंने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस से लगभग 85 लोगों ने इस शिविर में हिस्सा लिया था, यह प्रशिक्षण शिविर यहां कार्यशाला के रूप में आयोजित किया गया था। शिविर के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्रातः गौशाला व आश्रम में श्रमदान किया जाता था। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश सहप्रभारी चंदन यादव, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, फूलों देवी नेताम ने भी प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्षगणों ने श्रमदान किया। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी पदाधिकारियों के बीच पहुंचकर उनमें एक नई ऊर्जा का संचार किया, बापू पुण्यभूमि पर ट्रेनिंग और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन से सभी का उत्साहवर्धन हुआ, साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के हाथों प्रमाण पत्र मिला। प्रशिक्षण के अंतिम दिन पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हम सबको राष्ट्रपति महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए, उद्बोधन के तत्पश्चात मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को भेंट स्वरूप प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

## युवती से छेडखानी, जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र निवासी एक युवती से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध धारा 294,506,354,354 क के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी अनुसार 14 जनवरी को थाना धरमजयगढ़ में युवती द्वारा वार्ड क्र. 06 मज्जिदपारा धरमजयगढ़ में रहने वाला नीरज यादव पिता विष्णु यादव 27 साल के द्वारा छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़िता ने बताया कि 14 जनवरी के शाम करीब 06.30 बजे नीरज यादव घर आकर दरवाजा को पीटने लगा तब दरवाजा खोली तो बेइज्जती करने की नियत से बल पूर्वक बांह को पकड़ लिया जिसका विरोध करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। जब घर पर मां आई तो नीरज भाग गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// उद्घोषणा //**

प्रकरण क्र. /अ-6/20-21

पक्षकार- श्रीमती सुनीता भट्ठ बेवा केशवदत्त भट्ठ वगैरह साकिन दाऊपारा, मुंगेली तह. व जिला मुंगेली छ.ग. .... आवेदक

विरुद्ध

छ.ग. शासन ... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण/अनावेदक ग्राम/ मोहल्ला दाऊपारा, मुंगेली जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुनीता भट्ठ बेवा केशवदत्त भट्ठ एवं चार अन्य, निवासी विवेकानंद वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली स्वतः उपस्थित होकर आवेदन पेश कर विवेकानंद वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38 बी, पर क्षेत्रफल 570 व.मी. पर स्थल जाँच कर नजूल रिकार्ड में अपनना नाम दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली तहसील मुंगेली जिला-मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नजूल नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 22.01.2021 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 13.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

(आर.के.तंबोली)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

# ज्ञान का भविष्य



**आजकल शिक्षा जगत में तीव्रगति से बदलते परिदृश्य में शीघ्र ही हमें ऑडियो-वीडियो तकनीक के कारण बच्चों की शिक्षा पूरी तरह से बदली हुई दिख सकती है।**

वर्ष 2020 में देखने में आया है कि जीवन की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऑफलाइन के स्थान पर ऑन-लाइन को प्राथमिकता देने लगे हैं। वीडियो ओटीटी, एड्टेक, फार्मा, फिनटेक जैसे प्लेटफार्म पहले की अपेक्षा अधिक चलन में आए और बड़ी संख्या में लोग इनसे जुड़े भी। एक देश के रूप में हम बदलाव के लिए तेजी से तत्पर हो जाने वाले देशों में शामिल हैं। इस मामले में देखा जा सकता है कि हमनें फिनटेक तथा एड्टेक को आत्मसात करने में अधिक समय नहीं लगाया। वैसे तो ये परिवर्तन 2019 से ही दिखने लगा था लेकिन इसमें अप्रत्याशित तेजी कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन में ही देखने को मिली।

हमारी अधिकांश जनसंख्या के लिए तो मुख्य आवश्यकता रोटी कपड़ा और मकान ही होती है। यदि हम इसे शिक्षा और आर्थिक स्थिरता कहें तो अच्छा होगा। महामारी के सबसे तीव्र दौर में तो ये और भी ज्वलंत थी।

आजकल शिक्षा ही सर्वाधिक तीव्र गति से बदलने वाला क्षेत्र है। इसके अंतर्गत विभिन्न संगठनों के बीच सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिस्पर्धा जारी है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नवीनतम तकनीक का प्रयोग भी किया जा रहा है। लेकिन सत्य तो ये भी है कि ये प्रणाली केवल भारत के मेट्रो नगरों में ही व्यावहारिक हो सकती है यदि हम द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी तथा गांवों के लोगों की बात करें तो लक्षित समूहों के लिए आवश्यकताएं बिलकुल अलग हो सकती हैं। मोबाइल इंटरनेट पर शिक्षा प्राप्त करने के लिए उत्साहित लोगों की संख्या में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। इसके लिए उच्चगुणवत्तापूर्ण कंटेंट के अलावा सामग्री ऐसी होनी चाहिये जो मोबाइल पर आसानी से देखी समझी जा सके। इस प्रकार देखें तो इस क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियां इस प्रकार होंगी-

- कम उन्नत मोबाइल तथा उनमें बैटरी लाइफ की समस्या
- वीडियो देखने के लिए जरूरी इंटरनेट स्पीड की अनुपलब्धता
- भाषा की समस्या
- कंटेंट की लागत का अधिक होना

### वर्तमान की जरूरत

वर्तमान में युवाओं के लिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म विकसित किये जाने की आवश्यकता है जिसके माध्यम से लोग अच्छी कंटेंट कम उन्नत तकनीक वाले मोबाइल या दूसरे उपकरणों से प्राप्त कर सकें। इसके लिए आवश्यक आधारभूत ढांचा तैयार किये जाने की आवश्यकता हैं। आने वाले सालों में हम देखेंगे कि अगले 100 करोड़ प्रयोगकर्ता डिजिटल माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त करेंगे।

### ऑडियो माध्यम होगा महत्वपूर्ण

ऑडियो माध्यम से हम उपरोक्त जरूरतों को सरलता से पूरा कर सकने में सक्षम हो सकते हैं। इसमें कुछ विषयों को छोड़कर, जिनके लिए लाइव/विजुअल माध्यम जरूरी होता है, हम अधिकांश लोगों को शामिल किया जा सकता है। ऑडियो के अंतर्गत हम हर पहलू में लोकतांत्रिक ढंग से शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। ये आर्थिक रूप से भी दुर्बल आयवर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त होगा क्योंकि इसके लिए उच्चतकनीक के मोबाइल या महंगे डेटा पैक की भी आवश्यकता नहीं होती।

### परिणामोन्मुखी प्रयास

अमेरिका, चीन जैसे बड़े ऑडियो बाजारों के वैश्विक रुझान को देखते हुए भारत में भी ऑडियो सर्वत्र उपलब्ध हो सकता है।

उदाहरण के लिए अमेरिका में स्पोटिफाई ने जिमलेट को प्राप्त करने के लिए 400 मिलियन डॉलर का सौदा किया है। एंकर तथा पारकास्ट भी पॉडकास्टिंग क्षमता प्राप्त करने की तैयारी कर रहे हैं। एप्पल ने भी स्काउट एफएम को सितंबर 2020 में क्रय कर लिया था। इसके अलावा चीन में भी ज़िमालया, एफएम, लिज़ी एफएम तथा डिडाओ 500 मिलियन से अधिक लोगों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डिडाओ एक चीनी ऑडियो कंटेंट प्लेटफॉर्म है और ये उच्चक्षमता प्राप्त विशेषज्ञों को अपनी पॉडकास्ट टीचिंग सेवा में रख रहा है। श्रोता भी अब ऑडियो कोर्स के बाजार में अपनी जरूरत के कोर्स की तलाश करते हैं और वे उन्हीं कोर्स को लेते हैं जो उनके अनुसार उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक हो सकते हैं। कई कोर्स उपलब्ध हैं जिनमें वर्कप्लेस कम्यूनिकेशन, इन्वेस्टिंग, एक्सेंट रिडक्शन, चीनी इतिहास तथा अन्य।



पिछले साल कंपनी ने सात मिलियन ग्राहकों को अपनी सेवाएं प्रदान की थीं और कोई भी कंटेंट निशुल्क नहीं थी। ज़िमालया एफएम तथा क्विंगटिंग एफएम के लिए ऑडियो कोर्स के माध्यम से ही 50 प्रतिशत राजस्व अर्जित होता है।

मोबाइल शिक्षा को फेसबुक तथा नेटलिक्स जैसे माध्यमों से प्रतिस्पर्धा मिलती है जो ध्यान भंग करने के लिए तत्पर रहते हैं। लेकिन ऑडियो कोर्सेज़ की उपलब्धता से इस समस्या से भी छुटकारा मिल सकता है और समय की अनुपलब्धता की समस्या भी दूर हो सकती है।

### ज्ञान क्षेत्र में भावी रुझान और ऑडियो की प्रासंगिकता

भारत 35 वर्ष से कम आयुवर्ग के 850 मिलियन लोगों वाला देश है इस युवा जनसंख्या के लिए शिक्षा और वित्तीय सुरक्षा सबसे बड़ी आवश्यकता है। आर्थिक अवसरों का लाभ लेने के लिए लोगों को अपनेकौशल में वृद्धि करनी होती है। लेकिन काम करते रहने के चलते वे कौशल में वृद्धि करने के लिए समय ही नहीं निकाल पाते।

उदाहरण के लिए उबर का चालक या स्विगी का डिलिवरी मैन 8 से 10 घंटे काम करता है और उसके पास अपने कौशल में वृद्धि करने के लिए समय ही नहीं होता। उनके हाथ तथा आंखें तो व्यस्त रहते हैं लेकिन वे अपने कानों को अपनी कौशलवृद्धि में प्रयोग कर सकते हैं।

ऑडियो दूसरे माध्यम की तुलना में लाभदायक माध्यम होता है इसमें वीडियो और प्रिंट माध्यमों के दोष भी नहीं होते। इसके लाभ निम्न गिनाए जा सकते हैं-

- ज्ञान प्रदान करने के लिए स्क्रीन नहीं देखनी पड़ती
- पूरे दिन कंटेंट का श्रवण किया जा सकता है
- कंटेंट की रचना और उपयोग ऑडियो प्रारूप में सरल होता है।
- अधिक हार्डवेयर या कनेक्टिविटी की आवश्यकता नहीं होती।

यदि समुचित प्रयास किये जाएं तो 2021 ऑडियो का वर्ष हो सकता हैः

स्क्रीन देखने में लगने वाले समय की बचतः छात्र को स्क्रीन के सामने बैठने की आवश्यकता नहीं होती। माता-पिता तथा टीचर दोनों ही बच्चों को स्क्रीन से होने वाली हानि के कारण चिंतित रहते हैं।

स्थानीय भाषा में ज्ञान प्रदान किया जाना संभवः उपयोगकर्ता को देश भर के शिक्षा विशेषज्ञों के ज्ञान का उनकी अपनी भाषा में प्रदान किया जाना संभव होगा।

ऑफलाइन से ऑनलाइन कक्षाएं संभवः स्थानीय तथा लघुकालीन शिक्षक भी लाखों लोगों तक पहुंच सकते हैं और उन्हें स्थानीय भाषा में शिक्षा प्रदान कर सकते हैं क्योंकि ऑडियो में कंटेंट की रचना अपेक्षाकृत सरल होती है। एक क्लिक से कौशल-वृद्धि संभवः छोटे कोर्स करके वित्तीय अवसरों का लाभ लेना एक रुझान बन सकता है।

यूज़र के लिए सुविधाजनकः ज्ञान प्राप्त करने के लिए या कंटेंट सृजन के लिए लोगों को बड़े नगरों की ओर प्रवास नहीं करना होगा क्योंकि ऑडियो प्रारूप में ये अत्यंत आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

---

# कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज के महासभा प्रमुख हुए पदाधिकारियों से रूबरू

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज के महासभा प्रमुख योगेश भाई चावड़ा रायपुर में समाज के पदाधिकारियों से रूबरू हुए. वे पिछले दिनों समाज में निर्विरोध चुने गए है। चावड़ा ने पदाधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि हमें समाज के अंतिम घर तक पहुंचना है और उनकी मदद के लिए हमें एकजुट होकर काम करना है।

उन्होंने अपने नए कार्यकाल का प्रारूप भी पदाधिकारियों के समक्ष रखा और सभी से समाजहित में सहयोग की अपेक्षा की। इस रूबरू कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि समाज का एक मोबाइल ऐप तैयार किया जा रहा है. जिसमें समाज के इतिहास से जुड़ी जानकारियों समेत हर वो काम की जानकारी मौजूद होगी, जिसका फायदा समाजन अपने मोबाइल से मात्र एक क्लिक में प्राप्त कर सकते है।

अपने उद्बोधन में एक अहम बात कहते हुए उन्होंने कहा कि समाज के उन लोगों के लिए उन्हें काम करना है जिन तक समाज पिछले करीब 50 वर्षों में नहीं पहुंचा है. उन्होंने ये भी कहा कि समाज के विकलांग, विधवा, बड़ी उम्र अविवाहित, तलाकशुदा समेत अन्य लोगों के लिए वर्च्यूअल मीटिंग आयोजित होगी। इसमें काउंसलर की मदद से एक-दूसरे का परिचय कराया जाएगा, जिससे उन्हें अपना जीवन साथी चुनने में मदद मिलेगी. इस दौरान वहां मौजूद सभी पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी जिन्हें कोरोना ने अपनी चपेट में लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रमुख प्रफुल्ल भाई परमार, रसिक भाई परमार, विमल भाई चावड़ा, हेमंत भाई चौहान, वेलूबेन चावड़ा, निशा बेन चावड़ा, हेमंत भाई गोहिल, मणीलाल भाई चावड़ा, हंसराज भाई राठोड़, हितेश भाई वरू, तुषार भाई चौहान समेत अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# ‘अपने विकल्पों के संबंध में कोई समझौता नहीं कर सकती’

**अभिनेत्री** मिथिला पाल्कर का कहना है कि उन्हें पता है कि उन्हें अपने विकल्पों के चयन की स्वतंत्रता है। उनका कहना है कि अपने चयनित विकल्पों को लेकर वो किसी प्रकार का समझौता नहीं कर सकतीं।

उनके अनुसार उनकी इन्हीं गुणों के कारण ही उन्हें अपनी आने वाली फिल्म त्रिभंगा-टेढ़ी मेढ़ी क्रेज़ी, में अपना चरित्र सटीकता से निभाने में सहायता मिली। लेकिन वो ये भी मानती हैं कि वो वास्तविक जीवन में इस फिल्म के चरित्र माशा जैसी नहीं हैं। उन्होंने आगे बताया, ‘माशा ने जो भी किया मैं वो कतई नहीं करती, लेकिन ऐसा करके मैं उसके बारे में कोई राय नहीं बना रही क्योंकि उसकी पृष्ठभूमि अलग थी और उसकी परिस्थितियां भी अलग थीं। लेकिन हम दोनों में जो बात समान है वो ये है कि हम दोनों ही जानते हैं कि हम जो भी करते हैं लोग उनमें से कुछ के आधार पर ही हमारे बारे में राय बनाते हैं।




## सार्वजनिक सूचना – सम्पत्तियों की नीलामी सह बिक्री

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल आस्तियों की बिक्री**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदारों तथा गारंटररों को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्तियां, जिनका भौतिक कब्जा असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (आर्सिल), भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत एक असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफासी ऐक्ट, 2002 के प्रावधानों के अधीन प्राप्त किया जा चुका है। आर्सिल ने निम्नवर्णित वित्तीय आस्तियां बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से अधिग्रहीत कर ली हैं और प्रतिभूत लेनदार के अधिकार अर्जित कर लिए हैं। आस्तियां "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण और कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएंगी :

| क्र. सं. | ऋण खाता नंबर/बैंक का नाम | मूलकर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर/कानूनी वारिस का नाम | ट्रस्ट का नाम | सम्पत्ति का प्रकार/आकार/प्रकृति (फ्रीहोल्ड/लीजहोल्ड) | कुल बकाया राशि भारतीय रूपए में | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रूपए में | सुरक्षित मूल्य (रू.) भारतीय रूपए में | निरीक्षण की तिथि | नीलामी की तिथि एवं समय | कब्जा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | DBLAKUM00409132/ डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लिमिटेड | हाकिम खान/दिलशाद खान/मैसर्स के.वी. एंटरप्राइजेज | आर्सिल रिटेल लोन पोर्टफोलियों 022–ए ट्रस्ट | भूमि : 2100 वर्ग फीट, कंस्ट/फ्लैट 1680 वर्ग फीट (फ्रीहोल्ड) | 08–01–2021 तक 1,02,88,093.91 | 3,15,000/– | 31,50,000/– | 11–02–2021 | 11–02–2021 मध्या. 12.00 बजे | भौतिक |
| प्रतिभूत सम्पत्ति पता : मकान नाम आशियाना खसरा नंबर 525/9 10/11 का भाग, मौजा कासरडीह बैजनाथ पाड़ा कुचारी वार्ड नंबर 39, पीएच नंबर18/25 ब्लॉक एवं आरएनएम 1 दुर्ग, छत्तीसगढ़ पिनकोड : 491001 | | | | | | | | | | |
| (2) | RAIHL17000150/ एल ऐंड टी फाइनैंशियल सर्विसेज | विनोद कुमार मोटवानी/प्रमोद कुमार मोटवानी/रेणु मोटवानी | आर्सिल रिटेल लोन पोर्टफोलियों 058–बी ट्रस्ट | भूमि : एन.ए. वर्ग फीट, कंस्ट/फ्लैट 822 वर्ग फीट (फ्रीहोल्ड) | 08–01–2021 तक 45,39,114.41 | 1,70,000/– | 17,00,000/– | 11–02–2021 | 11–02–2021 मध्या. 12.30 बजे | भौतिक |
| प्रतिभूत सम्पत्ति पताः फैमिली यूनिट नंबर 406, चतुर्थ तल, वेलकम हाइट्स ग्राम पंडारीतराई पीएच नंबर 109 शंकर नगर वार्ड नंबर 31 न्यू शान्ति नगर रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर, भारत, पिनकोड : 492001 | | | | | | | | | | |

### नीलामी प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नीलामी तिथि | यहां ऊपर वर्णित अनुसार | 5 | ईएमडी जमा करने हेतु अंतिम तिथि | उसी दिन नीलामी से 2 घंटा पहले |
| 2 | बोली जमा करने का स्थान तथा नीलामी का स्थान | कमरा सं. ए–11, 8वां तल, चटर्जी इंटरनैशनल सेंटर, 33ए, जवाहरलाल नेहरू रोड, कोलकाता–700071, फोन : 033–022880224 | 6 | ईएमडी सहित सभी भुगतान डीडी, आरटीजीएस, एनईएफटी द्वारा....... में देय किए जाने हैं | कोलकाता |
| | बोली, शाखा के इलाके में कोविड के हालात के अनुसार, व्यक्तिगत रूप से/ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती है। ashish.shahi@arcil.co.in, alimpan.mukherjee@arcil.co.in | | 7 | नाम जिसके पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट आहरित किया जाना है | नाम प्रत्येक सम्पत्ति के सामने ट्रस्ट कालम में दर्शाया गया है |
| 3 | नीलामी हेतु वेबसाइट | www.arcil.co.in | 8 | निरीक्षण का समय | पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक नोटः निरीक्षण की तिथि एवं समय कोविड–19 के दृष्टिगत बदला जा सकता है। |
| 4 | सम्पर्क व्यक्ति तथा फोन नंबर | श्री आशीष सहाय : 9819143281, श्री अलिम्पन मुखर्जी : 7759860496 | | | |

*बोलीदाता, उपरिवर्णित वेबसाइट पते पर ऑफर/निविदा दस्तावेज के साथ उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन करके, अपनी पसंद के अनुसार, नीलामी में ऑनलाइन प्रतिभागिता की सुविधा प्राप्त कर सकता है। ऑनलाइन बिडिंग उपरिवर्णित संस्थान की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी तथा निविदा दस्तावेज में दिए गए नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। निविदा दस्तावेज तथा नीलामी के नियम एवं शर्तें हमारी वेबसाइट www.arcil.co.in से डाउनलोड की जा सकती हैं अथवा आर्सिल के उपरिवर्णित शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। कृपया नोट करें कि यह बिक्री बिड दस्तावेज में वर्णित नियमों एवं शर्तों के तहत होगी। बिक्री पूर्णतया इस विज्ञापन तथा बिड/निविदा दस्तावेज में सम्मिलित नियमों एवं शर्तों के तहत होगी। प्राधिकृत अधिकारी का बिना कोई कारण बताए किसी भी/सभी बिड्स अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। यह सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 तथा 9 के तहत सूचना भी मानी जाएगी।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड

स्थान : रायपुर
तिथि : 18–01–2021

Arcil Premier ARC
**असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड,** सीआईएन : U65999MH2002PLC134884 • www.arcil.co.in
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई–400028, • फोन : 022– 66581300/399
शाखा पता : कमरा सं. ए–11, 8वां तल, चटर्जी इंटरनैशनल सेंटर, 33ए, जवाहरलाल नेहरू रोड, कोलकाता–700071, • फोन : 033– 022880224


# व्हाट्सऐप आपकी गोपनीयता की रक्षा व सम्मान करता है

**रायपुर।** व्हाट्सऐप ने अपनी अपडेटेड गोपनीयता की नीति एवं सेवा की शर्तों की घोषणा की है। इस अपडेट में व्हाट्सऐप पर व्यवसाय के संदेश भेजने बारे किए गए परिवर्तन शामिल हैं। यह वैकल्पिक है और इस बारे में पारदर्शिता प्रदान करता है कि हम डेटा को किस प्रकार एकत्रित एवं इस्तेमाल करते हैं। आज व्हाट्सऐप ने घोषणा की कि यह गोपनीयता की नई नीति की शर्तें स्वीकार करने के लिए लोगों को दी गई तारीख को आगे बढ़ा रहा है। 8 फरवरी की समय सीमा से पहले किसी का भी अकाउंट खारिज या डिलीट नहीं किया जाएगा। हम इस बारे में जानकारी स्पष्ट करने का अथक प्रयास कर रहे हैं कि व्हाट्सऐप पर गोपनीयता एवं सुरक्षा कैसे काम करती है। इसके बाद हम धीरे धीरे लोगों के पास जाकर स्वयं की गति से नीतियों की समीक्षा करने के लिए कहेंगे, उसके बाद नए व्यवसायिक विकल्प 15 मई से उपलब्ध कराए जाएंगे। हमने अनेक लोगों से सुना है कि हमारे नए अपडेट के बारे में कितना ज्यादा भ्रम है। अनेक भ्रामक जानकारियां चिंता का विषय हैं और हम चाहते हैं कि हर कोई हमारे सिद्धांतों एवं तथ्यों को जाने।

# मैडम चीफमिनिस्टर केपोस्टर पर ऋचा चड्डा ने कहा, अनजाने में हुई चूक



**मुम्बई।** अदाकारा ऋचा चड्डा ने अपनी आने वाली फिल्म मैडम चीफ मिनिस्टर के पोस्टर को लेकर हुए विवाद पर सफाई दी और इसे अनजाने में हुई चूक बताया। ऋचा की आने वाली फिल्म का एक पोस्टर पांच जनवरी को जारी किया गया था, जिसमें दलित समुदाय को रूढ़बादी धारणा के तहत दिखाने की सोशल मीडिया पर कई लोगों ने काफी आलोचना की थी। ऋचा पोस्टर में हाथ में झाड़ू लिए नजर आ रही थीं। वहीं उस पर अनटचेबल, अनस्टॉपेबल भी लिखा था। कई लोगों ने पोस्टर अनटचेबल (अछूत) शब्द को लेकर भी आपत्ति जताई थी। अदाकारा ने कहा कि फिल्म में काम करते समय उन्होंने काफी कुछ सीखा। ऋचा ने एक बयान में कहा, फिल्म के पहले पोस्टर की काफी आलोचना हुई, वह भी सही कारणों की वजह से... मेरे लिए वह केवल किरदार द्वारा इस्तेमाल किया गया, एक सामान था, जो कि कई लोगों को दलित समुदाय को लेकर बनी हुई रूढ़िवादी धारणा को प्रतिबिंबित करने वाला दिखा।

# छापेमारी के बाद झोलाझाप के खिलाफ कार्रवाई अटकी, दोबारा क्लिनिक शुरु

## ग्रामीण इलाकों में अयोग्य कर रहे हैं एच वन शेड्यूल दवा का इस्तेमाल, झोलाझाप ही नहीं, दवा उपलब्ध करवाने वाले रैकेट के खिलाफ भी जांच की जरुरत

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पूरे क्षेत्र में एच1 शेड्यूल और अन्य प्रतिबंधित दवाइयों का बे?ी? उपयोग कर लाखों रुपए का अवैध कारोबार कर लोगों के जान जोखिम में डाल रहे झोलाछाप चिकित्सकों पर स्वास्थ्य विभाग और औषधि प्रशासन पूरी तरह मेहरबान दिख रहा है। झोलाछाप डॉक्टरों की इन्ही करतूतों के चलते खैराग? में एक होनहार युवक की मौत हो चुकी है। मामले में गैर इरादतन हत्या के तहत भादवि की धारा 304 (ए) का मामला कायम किया गया है। इस मामले में तमाम प्रतिबंधित दवाइयों के उपयोग की पुष्टि के बाद भी ड्रग विभाग अब तक कार्यवाही में पीछे है।

घुमका क्षेत्र के प्रत्येक गाँवों में झोलाछाप डॉक्टर बे?ी? प्रतिबंधित दवाइयों का उपयोग कर रहें हैं। खैराग? की घटना के बाद भी अब तक घुमका क्षेत्र में किसी भी अवैध क्लीनिक में स्वास्थ्य और ड्रग कंट्रोल दोनों विभागों की कार्यवाही नहीं हो पायी है। इसके उलट घुमका से लगे हुए भरदाखुर्द में आयुर्वेदिक दवाइयों के आ? में वात-लकवा जैसी गम्भीर बीमारियों के इलाज के नाम पर अवैध क्लीनिक संचालित कर रहे झोलाछाप चिकित्सक के यहां लगभग चार महीने पहले भरदाखुर्द में चिकित्सा एवं ड्रग विभाग की संयुक्त टीम की ने छापेमारी की थी। इसके बाद मिले साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर कथित ?ीे डॉक्टर परस राम वर्मा के बिना योग्यता इलाज के कबूलनामे के बाद क्लीनिक बन्द करने की सख्त चेतावनी के बाद भी अब तक अवैध क्लिनिक बन्द कराने में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन नाकाम रहा है।

उक्त झोलाछाप चिकित्सक का कारोबार अब भी खुलेआम चलने की शिकायत मिल रही है। जांच में बिना पंजीयन और डिग्री के क्लीनिक संचालन की पुष्टि के बाद कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन तैयार खण्ड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तीन महीने पहले ही भेजा जा चुका है। बावजूद आज तक कार्यवाही तो दूर उल्टे अवैध क्लीनिक के बेध?क संचालन की दुबारा शिकायत पर पुनः बीएमओ डॉ विजय खोब्रागडे और आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ अमरनाथ शुक्ला की टीम ने दबिश दी थी। यहां मौके से कई प्रतिबंधित दवाइयों को छापे से पहले ही हटा लिया गया था। अधिकारियों ने ?ीे डॉक्टर को क? अंदा? में चेतावनी देते हुए अवैध क्लीनिक बन्द करने कहा है।

विश्वस्त खबरों के अनुसार उक्त झोलाछाप डॉक्टर सहायक ड्रग कंट्रोलर संजय झा?कर के कथित आश्वासन के हवाले से पुनः इलाज करना स्वीकार करते हुए अधिकारियों के समक्ष तर्क भी प्रस्तुत किया कि जल्द उक्त ड्रग अधिकारी के द्वारा मेडिकल स्टोर लाइसेंस जारी करने का आश्वासन मिला है। समझा जा रहा है कि ड्रग लाइसेंस की आ? में क्लीनिक का संचालन किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार छापेमारी के बाद महीनों चल रही जांच और बयान के बाद कार्यवाही के लिये बमुश्किल तैयार हुए जांच प्रतिवेदन मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी को प्रेषित किये लगभग तीन महीने बीत जाने के बाद भी सीएमएचओ कार्यालय की ओर से मामले में किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं होने को लेकर तरह तरह की चर्चाएं चल रही है।

चूंकि पूरे क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के अवैध क्लीनिक के बेरोकटोक संचालन के अलावा इन अवैध दवाखानों में कई तरह के प्रतिबंधित दवाइयो के भारी स्टॉक जैसे मामलों में विभाग की भूमिका को लेकर हमेशा सवाल को घेरे में रहे स्वास्थ्य और ड्रग विभाग का इन अवैध क्लिनिक के कारोबार का खुला छूट समझा जा रहा है।



### एलोपैथिक दवाईयों की पुष्टि हुई थी

क्लिनिक में जांच के दौरान कई मरीजे की आमद रही और अधिकारियों के पूछने पर इंजेक्शन और ऐलोपैथिक दवाइयां डॉक्टर के द्वारा दिये जाने की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और सहायक ड्रग कंट्रोलर संजय झाड़ेकर ने उक्त मरीजों से कथन लेना जरूरी नहीं समझा। इस मामले को लेकर कयास लगाया जा रहा है कि सम्बन्धित जिम्मेदार विभाग के शह पर हाई स्कूल शिक्षित उक्त ?ीे डॉक्टर का कारोबार चल रहा है। चूंकि कथित तौर पर छापे के पूर्व फरार डॉक्टर कई बुलावे के बाद भी बीएमओ के समक्ष बयान देने के बजाय किराये के फार्मासिस्ट के साथ ड्रग लाइसेंस (मेडिकल स्टोर) के लिये सहायक ड्रग कंट्रोलर के कार्यालय में लगातार उपस्थित रहा। छापे की कार्यवाही में शामिल सहायक ड्रग कंट्रोलर संजय झाडेकर ने उक्त ?ीे डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही के बजाय ड्रग लाइसेंस की प्रक्रिया समझाने में लगे रहे। अंदाजा लगाया जा सकता है कि घुमका क्षेत्र समेत जिले भर में प्रतिबंधित दवाओं का अवैध कारोबार किस कदर अधिकारियों के पनाह में फल फूल रहा है।

### भरदाखुर्द की जांच टीम में झाडेकर के पहुंचने की जमकर हो रही चर्चा

भरदाखुर्द के झोलाछाप चिकित्सक के क्लीनिक में जांच के लिये एक ड्रग इंस्पेक्टर को सीएमएचओ सह उप संचालक खाद्य और औषधि प्रशासन के पत्र से निर्देश मिलने के बाद सहायक कंट्रोलर संजय झाड़ेकर भी टीम के साथ पहुंचे। इसके बाद जांच की पूरी दिशा बदल जाने की काफी चर्चा हो रही है। उक्त औषधि निरीक्षक को जांच का जिम्मा दिया गया था परन्तु पूरा जांच सहायक कंट्रोलर तक सिमट गया। आवश्यक सहयोग के नाम पर पूरे मामले की दिशा बदलते हुए झोलाछाप डॉक्टर को ड्रग लाइसेंस जारी करने के सौदे तक का सफर तय कर लिया गया। झोलाछाप चिकित्सक परसराम के आलीशान मकान के सीसीटीवी कैमरे के हार्ड डिस्क को ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों ने जांच से पहले ही कब्जे में भी ले लिया। पूरे मामले में लाखो के लेनदेन की आशंका के अलावा प्रतिबंधित एलोपैथी ड्रग के मामलों के खुलासा होने का डर भी विभाग को सता रहा है। क्योंकि दवाईयों से लेकर मरीजो के आमद की पूरी जानकारी का खुलना स्वाभाविक बताया जा रहा है।

#### चर्चित है भरदाखुर्द का मामला

घुमका से लगे भरदाखुर्द में लकवा, वात जोड़ों के बीमारियों को ठीक करने का दावा कर आयुर्वेदिक दवाओं के बहाने प्रतिबंधित एच-1एवं अन्य घातक ड्रग के बेध?क कारोबारी परस राम वर्मा के क्लिनिक में बीते सितंबर महीने में स्वास्थ्य विभाग, ड्रग कंट्रोल और घुमका पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मारकर भारी मात्रा में सुगन्धित पावडर और कई संदिग्ध साक्ष्यों के साथ क्लिनिक में लगे सीसीटीवी कैमरे के हार्ड डिस्क को जप्ती किया। कार्यवाही की पूर्व से ही भनक लगते ही ?ीे डॉक्टर फरार हो गया।

#### ड्रग लाईसेंस जारी करने की तैयारी

वहीं आशंका के अनुसार ड्रग कंट्रोलर द्वारा उक्त ?ीे डॉक्टर को मोटे लेनदेन के बदले क्लीन चिट प्रतिवेदन और किराये के फार्मासिस्ट के बदौलत ड्रग लाइसेंस जारी करने की तैयारियां और पूर्व में भी इसी तरह इलाके के कई झोलाछाप डॉक्टरों को जारी ड्रग लाइसेंस जारी हो जाने के बाद दवाई दुकानों के आज में झोलाछाप डॉक्टरी की दुकानों के संचालन को जोडकर देखा जाए तो पूरे मामले में ड्रग विभाग की बड़ी भूमिका नजर आती है।

> छापामारी में जब्त दवाईयों के सैंपल लैब भेजे गए हैं। इनकी रिपोर्ट का इंतजार है। अगर रिपोर्ट में एलोपैथिक दवाईयों के मिलने की पुष्टि होती है तो उक्त चिकित्सक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> डॉ. मिथलेश चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

# कलश यात्रा आयोजित, पूर्व सीएम ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अयोध्या में प्रस्तावित श्रीराम मंदिर निर्माण की तैयारी के बीच शहर में रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने फूलमाला से स्वागत किया।

कलश यात्रा शहर के महावीर चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों में भ्रमण की। कलश यात्रा में प्रदीप गांधी, पूर्व भाजपा जिलाअध्यक्ष संतोष अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव, पार्षद शिव वर्मा, शरद सिन्हा, प्रखर श्रीवास्तव, आकाश चोपड़ा, कमल सोनी, समेत बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।





# यही किसान कांग्रेस को उखाड़ फेकेंगे - अरुण यादव

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय प्रदर्शन के बूते भाजपा ने किसानों और धान खरीदी के मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को घेरा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों में कांग्रेस ने झूठी उम्मीदें जगाई। उन्हें बड़े-बड़े सपने दिखाए गए और अब उनके साथ हो क्या रहा है... उन्हें छला जा रहा है। उन्हें अपनी ही उपज बेचने के लिए दर दर की ठोकरें खाने मजबूर किया जा रहा है। यादव ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले समय में यही किसान कांग्रेस को जड़ से उखाड़ फेकेंगे और अपनी इस गति का बदला लेंगे। इस प्रदर्शन में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व मंत्री राजिंदरपाल सिंह भाटिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, जिला पंचायत सदस्य ललिता कंवर, किरण वैष्णव, मंडल अध्यक्ष रविंद्र वैष्णव, गुलाब गोस्वामी, एकांत चंद्राकर, गोपाल साहू, राधेश्याम शर्मा मौजूद थे। इनके अलावा कार्यकर्ताओं में शेखर भरद्वाज, गौरव शर्मा, संदीप मेश्राम, मनीष सहारे, तीरथ यादव, अनिरुद्ध चंद्राकर, दीनू साहू, सहित अन्य मौजूद थे।



# निषादराज समाज ने मनाई गुहा जयन्ती, शोभायात्रा निकली

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

निषाद समाज द्वारा ग्राम भण्डारपुर में शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्री रामचन्द्र जी कि सामुहिक पूजा अर्चना कर जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि जनपद पंचायत छुरिया अध्?यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव उपस्थित रहीं। श्रीमती सकुन गन्धर्व सरपंच ग्राम पंचायत भण्डारपुर, श्रीमती अनिता कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत हालेकोसा, नैन सिंह पटेल अध्यक्ष पटेल कोशरिया समाज छुरिया, गिरधर दास वैष्णव समाजसेवी, अलाली राम सोनाघाटी ,फूलचंद ठाकुर, बृज लाल यादव, देवेंद्र चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, कमला चंद्रवंशी, नगीना यादव, कान्ति यादव, भुनेश्वरी पटेल ,गीता पटेल, अनिल पटेल ,काशी चंद्रवंशी, तथा जयचंद चंद्रवंशी ने भी अतिथि बतौर कार्यक्रम में शिरकत की।



कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर निषाद समाज के सभा की सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि हमें निषाद राज गुहा के जीवन से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए कि उन्होंने भगवान राम को पाने के लिए सदियों तक तपस्या की फिर कहीं जाकर उन्हें रामचंद्र जी का चरण स्पर्श करने का सौभाग्य मिला। उसी प्रकार सच्ची भक्तिभाव से हमे समाज की सेवा करनी चाहिए। हमे भी परमात्मा की प्राप्ति होगी। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए नैन सिंह ने कहा कि हमे अपने समाज के ईष्ट देव को मानते हुए उनके उनके बातों पर हमें अमल करना चाहिए। आयोजन में गिरधर दास वैष्णव ने भी अपने विचार रखे साथ ही नन्हे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर निषाद समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद, दूखु निषाद, अमरदास निषाद, चैत लाल निषाद, मन्थिर निषाद, राजकुमार निषाद, जगदेव निषाद, लिखन निषाद, महेश निषाद, नागेश निषाद, नवीन निषाद, सदाराम निषाद, दुबे निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं सामाजिक लोग उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का गठन किया गया







## ज्ञानचंद बाफना, शशांक तिवारी, डॉ. मिथलेश शर्मा, अशोक मोदी, अमलेंदु हाजरा का मनोनयन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीसीएम ने राजनांदगांव स्टेशन सलाहकार समिति के गठन की घोषणा की है। इस समिति में नगर के प्रमुख 10 लोगों की नियुक्ति की गई है। समिति के सभी सदस्य रेलवे सुविधाओं, स्टेशन और यात्री सुविधाओं से संबंधित शिकायतों तथा व्यवस्थाओं पर नजर रखेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर डिवीजन के डीसीएम ने एक आदेश जारी कर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के गठन की घोषणा की है। इस समिति में राजनांदगांव चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना, दैनिक सबेरा संकेत के सह संपादक शशांक तिवारी, शहर के प्रतिष्ठित नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मिथिलेश शर्मा, समाजसेवी अशोक मोदी, सतीश भट्ट?, अधिवक्ता अमलेन्दु हाजरा, श्रीमती ममता बुद्धन, प्रकाश चौहान, गुरमीत सिंह भाटिया और कमलेश कुमार यादव को सदस्य मनोनीत किया गया है। समिति का कार्यकाल तत्काल प्रभाव से क्रियाशील हो गया है। रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सभी सदस्य रेलवे और यात्री सुविधाओं की मॉनिटरिंग करेंगे और कार्यप्रणाली पर बारीकी से नजर रखेंगे। रेल्वे या प्लेटफार्म और यात्री सुविधाओं से संबंधित किसी भी शिकायत के संदर्भ में समिति के सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है।

# रामचरित मानस गान जीवन जीने की कला सिखाती है : गीता घासी साहू

पायनियर संवाददाता ➤ छुरिया
www.dailypioneer.com

ग्राम हैंदलकोड़ो (बड़े तेलगान) में भक्त मां कर्मा साहू मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में 16 एवं 17 जनवरी को मानस गान तिहार का आयोजन किया गया। मानस गान तिहार प्रतिस्पर्धा में 16 जनवरी को शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू रहीं। आयोजक समिति द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती साहू, सरपंच ग्राम पंचायत हैदलकोड़ो, महेश साहू बांद्रा टोला व अन्य को गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू ने भूमिजा महिला मानस परिवार (गुढ़ियारी) रायपुर को श्रीफल एवं श्री राम टोकरी एवं गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए सम्मानित किया। साहू ने मानस मंच को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव में भक्ति मय माहौल हो जाता है। मंडलियों द्वारा रामचरितमानस के बताए हुए मार्ग पर अपने जीवन को आत्मसात करना चाहिए। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के जीवन को चरितार्थ करना चाहिए तभी ऐसे आयोजनों का होना सार्थक होगा। रामचरितमानस हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। इस अवसर पर आयोजक समिति के अध्यक्ष सुकलाल साहू ,उपाध्यक्ष कोमल केकती, सचिव अलख राम साहू, सचिव मनोज कुमार केकती, छन्नूलाल सोनबोईर ,मंच सारथी नरेश सोनवान( रानीतराई), परमेश्वर साहू, तानसेन साहू ,गुमान साहू ,खिलावन जेठूमल एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





# मैदान में उतरे विधायक

**राजनांदगांव।** विधायक दलेश्वर साहू ने राजनांदगांव के समीप फरहद में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान वे खुद भी मैदान पर उतरे और बैटिंग कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, नागरिक गण, खिलाड़ी उपस्थित रहे।

**श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान**

# विकास खंड का कार्यालय तिलई में शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान का विकास खंड राजनांदगांव का कार्यालय तिलई में आरंभ किया गया। इस अवसर पर अभियान के अध्यक्ष जीवन बंजारे, जनपद अध्यक्ष प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, मनोहर चंदेल द्वारा श्री राम जी की पूजा अर्चना की गई। मंदिर निर्माण के सम्बंध में जीवन बंजारे व मनोहर चंदेल ने बताया कि आयोध्या में 492 वर्षो तक अनवरत संघर्ष और 4 लाख से अधिक रामभक्तो के बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि और देश के पूज्य संतों ने निर्णय लिया कि श्री राम जन्मभूमि में भव्य मंदिर बनने के साथ-साथ जन-जन के ह्रदय मंदिर में श्री राम एवं उनके जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा हो। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम का मंदिर बन रहा है जिसके लिए ट्रस्ट के द्वारा भारत भर के प्रत्येक गांव प्रत्येक परिवार तक श्री राम मंदिर निर्माण की जानकारी के लिए श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान टोली निर्माण कर गांव गांव में कार्यकर्ता और समिति निर्माण किया जा रहा है। गांव गांव में बनाये जा रहे समितियों के द्वारा पूरे छतीसगढ़ में 31 जनवरी को महाअभियान के तहत घर घर पहुच कर लोगो से समर्पण कराया जाएगा जिसमे 10 ,रुपये 100रुपये , 1000रुपये तक कूपन व 1000 से अधिक राशि देने वाले कि लिए राशिद बुक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा भेजा गया है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से केशव देवांगन, टेकराम साहू, धनीराम यादव, लोकेश साहू, राम पटेल, पुरुषोत्तम साहू, नंद किशोर साहू, नंद किशोर साहू, मोहन साहू, गजेंद्र कुमार पाल, हेमलाल साहू, रामेश्वर साहू सहित विकास खंड के 12 मंडल के पदाधिकारी पहुंचे।

# भाजपा ने आवास दिलाने जनता को केवल ठगा, खूब वसूली की - शास्त्री

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि वर्तमान सरकार भूमि पट्टा एवं कब्जाधारियों को मालिकाना हक देने को लेकर उत्कृष्ट निर्णय लेते हुए बाजार मूल्य तय कर उन्हें उनका अधिकार दे रही है। इसकी सराहना पूरे प्रदेशवासी कर रहे हैं। साथ ही सब की जुबान में यह बात घर कर गई है कि कांग्रेस की सरकार ने जो-जो कहा सो पूरा भी किया। यह बात भी सामने आरही है कि पूर्व सरकार ने 15 साल केवल सपने ही दिखाए है।

उन्होंने बताया कि ऐसा ही एक मामला राजनांदगांव नगर निगम में सामने आया जहाँ भाजपा के पार्षद ने अपनी सरकार की गई गलतियों को उजागर किया है। जिसमें जनता को आवास दिलाने को लेकर आवास के प्रबंध किये बिना ही टोकन रसीद के रूप में दी गई साथ ही मोटी रकम वसूल ली गई। इससे न केवल प्रधानमंत्री आवास योजना के नियमो की धज्जियां उड़ाई गई बल्कि जनता को खूब ठगा भी गया।

शास्त्री ने कहा कि भाजपा पार्षद ने अपने बयान में ऐसी जगहों को भूमि पट्टे से जोने कहा जो सुप्रीम कोर्ट के नियम विरुद्ध है। साथ ही प्रधान मंत्री आवास योजना के गाइड लाइन विरुद्ध किराएदार को आवास देने को भी अपनी बातों से दर्शाया है जो कि जनता को प्रलोभन में डाल राजनीतिक रोटी सेकने बराबर है। साथ ही जनता तक झूठ फैलाने का काम किया जाना है।

## क्विक न्यूज

### संघर्ष का नाम है सेवादल : चंद्राकर



**सक्ती।** छत्तीसगढ कांग्रेस सेवादल के जिला स्तरीय सम्मेलन स्थानिय सर्किट हाउस जांजगीर मे आहुत की गई बैठक मे प्रमुख रुप से कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार सहित प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश सेवादल के अध्यक्ष अरुण ताम्रकार ने कहा की देश मे कांग्रेस की बनाई इमारत को भाजपा ढहाने की कोशिश कर रही है वो 60 साल का हिसाब मांगती है और दुसरी ओर देश को बचाने का काम कर रही है कॉंग्रेस है तो देश है सर्व धर्म संभव है। ताम्रकार ने सेवादल की मजबूती और सेवादल का महत्व के लिए हर एक कार्यकर्ता को समर्पित भाव से काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सेवादल के साथियो का अभिनन्दन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी जाजगीर चाम्पा के अध्यक्ष डा चोलेश्वर चंद्राकर ने कहा कि देश की आजादी मे कांग्रेस सेवादल के योगदान को झुटलाया नही जा सकता।

# प्रकृति भी योग्यता का चुनाव करती है, जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने कहा लक्ष्य यदि दृढ़ है तो सफलता निश्चित है

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नगोई स्थित उरैहापारा में स्वर्गीय नारायण प्रसाद गौरहा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला चरण खिलाडियों के सम्मान के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोगों ने शिरकत किया। इस दौरान गौरहा ने खिलाड़ियों को विजेता राशि के साथ सम्मानित भी किया। गौरहा ने अपने भाषण में कहा..यदि आप में प्रतिभा है तो कोई भी ताकत आपको आगे बढ़ने से रोक नहीं सकता है। जब गंगा हिमालय का सीना चीरकर अपनी यात्रा गंगा सागर तक कर सकती है तो हमारे जिले की प्रतिभाएं भी आसमान की बुलंदियों को छू सकते हैं।

नगोई स्थित उरैहापारा में आयोजित स्वर्गीय नारायण प्रसाद गौरहा क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रथम चरण का धूमधाम से समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में गणमान्य लोगों समेत जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने भी शिरकत किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से गौरहा ने खिलाड़ियों का अपना भाषण के माध्य से उत्साहवर्धन किया।

अंकित गौरहा ने इस दौरान विजेता टीम सकरी एलेवन को दस हजार और उप विजेता टीम नगोई को पांच हजार राशि देकर सम्मानित किया। आयोजक मण्डल ने बताया कि स्वर्गीय नारायण प्रसाद गौरहा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हर साल चार चरण में किया जाता है। दूसरा चरण का आयोजन 17 जनवरी को वार्ड क्रमांक 49 बी.आर.यादव नगर बहतराई स्थित मैदान में किया जाएगा।

अपने संबोधन में जिला पंचायत सभापति ने खिलाड़ियों को जम्कर उत्साहित किया। गौरहा ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को स्वामी विवेकानन्द की एक बात को दिल और दिमाग में बैठाकर रखना चाहिए। स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि जब तक लक्ष्य हासिल ना हो मेहनत करते रहें। बिना थके अभियान में लगे रहे। क्योंकि मेहनत करने वालों कभी हार नहीं होती है।

अंकित ने कहा बाधाएं बहुत आएंगी। लेकिन हमे लक्ष्य को सामने रखकर आगे बढ़ना है। यह जानकारी होनी चाहिए कि प्रकृति योग्यता का ही चुनाव करती है। जो योग्य होगा वह आसमान की बुलंदियों को जरूर छूएगा। गौरहा ने उदाहरण पेश किया कि गंगा हिमालय जैसी विशाल बाधा की सीना चीरकर मैदानी इलाके में आती है और गंगासागर में अपने लक्ष्य को हासिल करती है। अंकित ने सभी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संरपंच व जगदीश गुरुद्वान ने भी संबोधित किया । इस दौरान बुद्धनाथ पैगौर,जगदीश गुरुद्वान,गुलाब शास्त्री,टिकम सिंह,नवदीप शास्त्री ,एम आर लिबर्टी,कपिल डोंगरे ,पप्पू पटेल समेत आयोजन समिति के सदस्य और स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

# मिनी मैराथन का खिताब सागर के नाम



पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दहलीज फाउंडेशन बिलासपुर द्वारा आयोजित मिनी मैराथन का आयोजन किया गया जिसके प्रायोजक हंगरी हेल्पर रहे जो कि बिलासपुर का सबसे पहला फीट मिल एवं हेल्थ कॉन्शियस लोगों के लिए बनाया गया आउटलेट है। इसकी सुविधा विधानगर से होगी दुकान संचालक ने बताया कि विधानगर मेन रोड उनकी शॉप स्थित है हम घर पहुँच सुविधा प्रदान करेंगे । आज इस कार्यक्रम में डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मैराथन पर बिलासपुर यह मिनी मैराथन 8 किलोमीटर के गणमान्य नागरिक व समाजसेवी उपस्थित थे यह मैराथन शहर के मुख्य हिस्सों से होते हुए हुई जिसमें विजेता के तौर पर रतनपुर से आए सागर केवट प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर हिमेश कुर्रे एवं तृतीय स्थान पर राजेश मरावी रहे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर डीएसपी ललिता महर एवं डॉ देवेंद्र सिंह जी ने लोगों को प्रोत्साहित किया।

# हिन्दू धर्म के लोग सुबह प्रभात फेरी निकालकर माहौल राम मय करने में लगे

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए श्वेतगंगा धाम में हिन्दू धर्म के लोग सुबह प्रभात फेरी निकालकर माहौल राम मय करने में लग गये हैं। ज्ञात हो कि 15 जनवरी से 30 जनवरी तक शहर से लेकर गांव गांव तक प्रभात फेरी निकालकर सभी हिन्दुओ से भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीमंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि देने तैयार रहने अपील की जा रही है। श्रद्धालु वाद्ययंत्र के साथ राम भजन गाते हुए घर घर पहुँच रहे हैं। हिंदुओं की आस्था का प्रतीक अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मंदिर निर्माण के लिए देश भर में ताकत झोंक दी है। कोर्ट से फैसला होने के बाद अब श्री राम जी की मंदिर निर्माण हेतु सहयोग राशि लेने से पहले प्रभात फेरी निकाल कर माहौल भक्तिमय बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सुबह 06 बजे से अद्वितीय एवं ऐतिहासिक श्री राम जानकी मंदिर श्वेतगंगा से श्री राम कीर्तनकरते हुए घर घर पहुँचे। इस दौरान लोगों में जोर दार उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर महंत राधेश्याम दास, नारायण शर्मा, लालजी गबेल, बिहारी गबेल, जेठू देवांगन, चंद्र सिंह गुप्ता, रज्जु श्रीवास अक्षय देवांगन, बलराम देवांगन, हनुमान श्रीवासदेवेंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# अधिकारियों ने अचानकपुर ग्राम पंचायत की करीब 35 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए गौठान के लिए किया सुरक्षित

- 16 जनवरी को अधिकारियों एवं ग्रामवासियों की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में गौठानो के लिए जहां ग्राम पंचायतों में भूमि को सुरक्षित करने का कार्य जोरों से चल रहा है, तो इसी श्रृंखला में जांजगीर-चांपा जिले के शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत-अचानकपुर के ग्राम दंडई में 16 जनवरी को शक्ति तहसील के नायब तहसीलदार शिवकुमार डनसेना एवं जनपद पंचायत शक्ति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की मौजूदगी में खसरा नंबर- 269/1 ग्राम- डड़ाई की लगभग 14. 311 हेक्टेयर 35 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाते हुए लाल झंडा लगाकर गौठान के लिए सुरक्षित किया गया, तथा इस दौरान जहां प्रशासनिक अधिकारी,काफी संख्या में ग्रामवासी, ग्रामीण जन प्रतिनिधि मौजूद रहे, वहीं अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा भी बनाया गया एवं इस दौरान राजस्व निरीक्षक, पंच एवं ग्राम पटेल की मौजूदगी में यह पाया गया कि उपरोक्त भूमि राजस्व रिकॉर्ड में छोटे झाड़ के जंगल के रूप में दर्ज है, किंतु ग्रामीणों द्वारा उपरोक्त भूमि को अतिक्रमण कर कृषि कार्य में उपयोग लाया जा रहा था, तथा विगत एक लंबे समय से इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की जा रही थी, एवं प्रशासनिक अधिकारियों की इस कार्यवाही से जहां ग्रामीणों में भी प्रसन्नता देखी गई है तो वहीं अब अंचल के गावो में भी शासकीय जमीनों को अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई हो सकेगी, तथा उपरोक्त भूमि के चारों ओर चौधही पर लाल झंडे लगाकर ग्रामीणों को बताया गया कि उपरोक्त भूमि का उपयोग आने वाले दिनों में शासकीय योजनाओं, चारागांह,गौठान निर्माण इत्यादि में किया जाएगा तथा इस भूमि को उपरोक्त जनहित के कार्य के लिए सुरक्षित किया गया है।

## प्रीतम सिंह गबेल ने श्री राम मंदिर निर्माण हेतु 1 लाख 101 रुपये का चेक सौंप कर किया सक्ती खण्ड में शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण हेतु निधि समर्पण महाअभियान के तहत सक्ती खण्ड के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह गबेल ने आज अपने पुत्र हरबंश गबेल के साथ संघ कार्यालय में उपस्थित होकर प्रसन्न मन से अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण हेतु 1 लाख 1 सौ 1 रुपये का चेक ट्रस्ट के सक्ती खण्ड प्रभारियों को सौंपा । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक हैं, मुगल आतताइयों द्वारा अयोध्या में मन्दिर विध्वंस पश्चात सैक?ों साल के इन्तजार के फलस्वरूप पुनः भव्य मंदिर निर्माण का यह शुभ दिन आया है। जो की पूरे विश्व मे हिन्दू आस्था के प्रतीक के रूप में सबसे ब? तीर्थ के रूप में विख्यात होगा । हम सभी के लिए यह सौभाग्य की बात है कि समस्त सनातन बन्धुओं को मंदिर निर्माण हेतु एक ईंट लगाने का अवसर प्रभु श्री राम की कृपा से ट्रस्ट द्वारा मिल रहा है। इसके लिए मन्दिर निर्माण ट्रस्ट द्वारा सम्पूर्ण भारतवर्ष में निधि संकलन कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक श्रीराम प्रेमी मन्दिर निर्माण में भागीदार हो। इसी पूण्य कार्य का आज शुभारंभ करने का सौभाग्य आज प्रभु श्री राम के आशीर्वाद से मुझे सक्ती खण्ड में प्राप्त हुआ मैं अपने आप को धन्य महसूस करता हूँ।

# छग प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारिणी में शक्ति के प्रीतम सिंह गबेल प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं दिनेश सिंह प्रदेश मंत्री बनाए गए

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल ने अपनी प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा 16 जनवरी 2021 को की है, जिसमें प्रदेश कोषाध्यक्ष के पद पर शक्ति के प्रीतम सिंह गबेल एवं प्रदेश मंत्री के पद पर दिनेश सिंह को बनाया गया है,साथ ही प्रदेश कार्यसमिति में जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष पद पर धनंजय सिंह ठाकुर को एवम घनश्याम चंद्रा एवं दावेंद्र चंद्रा को प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य, गुलाब सिंह चंदेल, प्रकाश केशरवानी, बाबूलाल डनसेना एवं सुरेश साहू को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है, उल्लेखित हो कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा प्रदेश एवं जिले में विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठओं का गठन किया जा रहा है, तथा जांजगीर-चांपा जिले में भी मोर्चा, प्रकोष्ठओं के गठन का कार्य तेजी से चल रहा है, एवं भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में पार्टी संगठन के कार्य को गति दी जा रही है, वहीं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ किसान नेता प्रीतम सिंह गबेल को प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर शक्ति विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसान मोर्चा के संगठन को मजबूती मिलने की बात कही है, वही प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर वरिष्ठ किसान नेता प्रीतम सिंह गबेल ने कहा है कि वह निरंतर अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से तथा जनसंघ के जमाने से भाजपा पार्टी का के एक कार्यकर्ता के रूप में काम करते आ रहे हैं, तथा पार्टी ने उन्हें प्रदेश में जो दायित्व दिया है वह पूरी तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे एवं केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को भी एवं किसान कल्याण कारी योजनाओं को भी जन-जन तक पहुंचाएंगे एवं पूरे प्रदेश सहित सभी जिलों में किसान मोर्चा के संगठन को मजबूती मिल सके इस हेतु कार्य करेंगे।

# गणेश नगर से लापता हुई दो बच्चीयों का अब तक पता नहीं, पुलिस गुमशुदगी दर्ज करने से कर रही इंकार

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



गणेश नगर से दो बच्चियां लापता है। गणेश नगर ओवर ब्रिज के पास रहने वाली 11 वर्षीय शाहिदा उर्फ छोटी पिता मिर्जा हनीफ को आखिरी बार शनिवार शाम 5-6 बजे के आसपास देखा गया था। जिसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने उसे आसपास के अलावा सभी रिश्तेदारों के यहां भी तलाशा लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। इसी दौरान पता चला कि मोहल्ले में ही रहने वाली शाहिदा की एक और सहेली 8 वर्षीय मीनाक्षी भी घर से लापता है। बताया जा रहा है कि अंतिम वक्त शाहिदा ने डार्क ब्लू और लाल रंग का एक फ्रॉक पहना हुआ था। बेबी शाहिदा के बाल छोटे छोटे हैं और वह कक्षा छठवीं की छात्रा है। परिजनों ने रात भर उसकी तलाशी के बाद तोरवा थाने में गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज करानी चाही लेकिन पुलिस ने कहा कि वे अपनी बच्ची को की और तलाश कर ले जिसके बाद ही गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। माना जा रहा है कि दोनों बच्चियां घूमते घूमते कहीं निकल गई होंगी या मुमकिन है कि ट्रेन पकड़ कर भी कहीं दूर निकल जाए। तो वही उनके अपहरण या किसी और अन्य संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

# ऋषभ जैन ने चुनाव को संकल्पों और वादों का त्योहार कहकर कड़ा प्रहार किया है : डॉ.सुधांशु कुमार शुक्ला

- 'ऋषभ जैन के प्रसिद्ध व्यंग्य संग्रह-रंग रंगीला प्रजातंत्र पर वेब-संवाद'

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



ऋषभ जैन के प्रसिद्ध व्यंग्य संग्रह- श्रंग रंगीला प्रजातंत्रश् विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेब-संवाद का सफल संयोजन मुंगेली और बिलासपुर से एक साथ किया गया । व्यंग्य विधा पर यह सार्थक संवाद प्रयास प्रकाशन बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित था । लेखक ऋषभ जैन ने व्यंग्य संग्रह के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला । अध्यक्षता की आसंदी से डॉ. विनय कुमार पाठक ने बताया कि हास्य और व्यंग्य को एक तराजू से तौलना ठीक नहीं है । हास्य का उद्देश्य हंसाना हो सकता है पर व्यंग्य में चेतना लाने की पहल होती है । व्यंग्य मन को गुदगुदाता है, तन को नहीं । रंग रंगीला प्रजातंत्रश् व्यंग्य- संग्रह इस उद्देश्य की पूर्ति करता है । मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. सुधाशु कुमार शुक्ला (पोलैण्ड) ने कहा कि - व्यंग्य के लिए विसंगतियॉ उर्वरा भूमि है । ऋषभ जैन ने राजनीति में आई विसंगतियों पर व्यंग्य- बाण चलाया है । वे चुनाव को संकल्पों और वादों का त्योहार कहकर कड़ा प्रहार करते हैं । डॉ. चंद्रशेखर सिंह (मुंगेली) ने विषय का प्रवर्तन करते हुए कहा कि- व्यंग्य रोचक अंदाज में समाज की दशा को सही दिशा देने का उद्यम है । डॉ.मुरारी लाल अग्रवाल (आगरा) ने ऋषभ जैन के व्यंग्य संग्रह को सरल भाषा में लिखी गई सचेतक रचना कहा, वहीं डॉ. मीना पांडे (दिल्ली) ने व्यंग्य विधा की विशेषताओं की दृष्टि से रंग रंगीला प्रजातंत्र की पड़ताल की।

**21 से 24 जनवरी तक बूढ़ा तालाब के पास धरना स्थल में क्रमिक भूख हड़ताल कर धरना प्रदर्शन करेंगे**

# पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों का धरना प्रदर्शन 22 वें भी जारी

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश पंचायत सचिव के प्रांतीय आवाहन पर छत्तीसगढ़ के 146 जनपद पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज 22 वें दिन भी जारी रहा। पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक संघ के पदाधिकारी लगातार शासन प्रशासन से डेलिगेशन का प्रयास कर रहे हैं परंतु छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत मंत्री टी एस सिंहदेव जी का कहना है कि मैं अपना कार्य कर दिया हूं आगे जो भी करना है मुख्यमंत्री जी को करना है । जबकि संगठन के पदाधिकारी मुझसे एवं मुख्यमंत्री जी से आशा लगाए बैठे हैं कि उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर एक सूत्रीय मांग शासकीय करण को शीघ्र ही पूरा करें ।

परंतु उनके द्वारा भी आज तक सचिव व ग्राम रोजगार सेवक संघ के मांगों पर कोई विचार नहीं किया जा गया है जिससे आक्रोशित होकर दोनों संगठन के कर्मचारी दिनांक 12 जनवरी 2021 क्रमिक भूख हड़ताल में बैठ गये हैं। आज क्रमिक भूख हड़ताल के चौथे दिन जनपद पंचायत मुंगेली के सचिव होली राम यादव, पंचराम साहू, शिवशंकर पटेल, खलेश्वर कुलमित्र , विकास साहू, रोजगार सहायक सुनील मिरी, नरेन्द्र साहू, दिनेश अनंत, श्रीमती गायत्री साहू, ज्योति सिंह, रितु पटेल ने अन्न जल त्यागकर धरना प्रदर्शन किये । हडताली सचिव व रोजगार सहायक को संबोधन करते हुए जिला अध्यक्ष योगेश साहू ने यह बताया कि प्रांत अध्यक्ष द्वारा कल दिनांक 15 जनवरी को अमलेश्वर, रायपुर में छत्तीसगढ़ के समस्त जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षो का आपात बैठक आयोजित हुआ जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि छत्तीसगढ़ सरकार 20 जनवरी 2021 तक हमारे मांगों को पूरा नहीं करती है तो समस्त 11000 पंचायत सचिव एवं समस्त 11000 रोजगार सहायक दिनांक 21जनवरी से 24 जनवरी तक राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब के पास धरना स्थल में क्रमिक भूख हड़ताल कर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा 25 जनवरी को सपरिवार लगभग 50000 की जन संख्या में पंचायत सचिव रोजगार सहायक के पारिवारिक के साथ उग्र प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे कुछ सचिव साथी द्वारा आर पार का संघर्ष करते हुए आत्मदाह करने का ज्ञापन दिए हैं । 26 जनवरी को ध्वजरोहण तथा 27 जनवरी से आमरण अनशन किया जावेगा।

# आईजी के निर्देश पर नौकरी के नाम से धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ लगातार दर्ज हो रहे मामले

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आईजी के निर्देश के बाद रेंज के जिलो में लगातार नोकरी के नाम से धोखाधडी करने वालो के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो रही हैं, कोरबा में एफआईआर के बाद अब जांजगीर और बिलासपुर जिले में भी ठगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई हैं। आईजी रतन लाल डांगी ने पदभार ग्रहण करने के बाद दिनांक 9 जनवरी को फेसबुक में पोस्ट कर नोकरी के नाम से ठगी करने वालो के खिलाफ सम्बंधित थाने में शिकायत दे कर एफआईआर दर्ज करवाने के लिए कहा था और एफआईआर दर्ज न होने पर खुद को मैसेज करने के लिए अपना नम्बर जारी किया था जिसका असर दिखना शुर हो गया हैं, आईजी के पोस्ट करने के 8 दिनों के अंदर 4 एफआईआर रेंज के जिलो में दर्ज हो गयी हैं। थानों में आईजी को शिकायत होने के पहले ही थानेदारों के द्वारा एफआईआर दर्ज कर ली जा रही हैं ताकि कार्यवाही से बचा जा सकें। रेंज के कोरबा जिले के बालकों थाने में महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला सुपरवाइजर पर नोकरी के नाम से 4 लाख की धोखाधड़ी की एफआईआर के बाद जांजगीर में 6लाख से अधिक और बिलासपुर में सवा लाख की ठगी का मामला दर्ज किया गया हैं।

**यह हैं मामला-** जांजगीर के मामले की जानकारी देते हुए जांजगीर एसडीओपी दिनेश्वरी नन्द ने बताया कि ग्राम तागा जांजगीर का रहने वाला युवक आकाश श्रीवास पिता राम शंकर श्रीवास बेरोजगार था इस दौरान उसकी बिलासपुर के मोपका में रहने वाले तिलक चंद आजाद पिता राम लाल टण्डन से जांजगीर के गिरजा होटल में मुलाकात हुई और तिलक ने आकाश को भिलाई स्टील प्लांट में नोकरी लगवाने का झांसा दिया ,झांसे में आ कर आकाश श्रीवास ने अपने पिता राम शंकर के सामने गिरजा होटल में पहली किश्त अगस्त 2019 में 2,50 लाख रुपये नगद दिए उसके बाद सिपतम्बर में दूसरी किश्त के रूप में 2 लाख रुपये आरोपी के खाते में जमा करवाये फिर तीसरी किश्त दिसम्बर माह में भी 2 लाख रुपये आरोपी के खाते में जमा करवाये।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज के सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश कॉलेज भवन और सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com






प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बलौदाबाजार जिले के ग्राम वटगन में आयोजित पलारी राज कुर्मी क्षत्रिय समाज के 75 वें राजअधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने समाज के पूर्वजों को श्रद्धासुमन अर्पित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ग्राम वटगन में संचालित शासकीय महाविद्यालय के भवन निर्माण और कुर्मी समाज के सामुदायिक भवन बनाने के लिए 35 लाख रूपये की स्वीकृति की घोषणा की है। उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समाज की ओर से सम्मानित भी किया। सम्मेलन की अध्यक्षता कुर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ. रामकुमार सिरमौर ने की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद छाया वर्मा,संसदीय सचिव शकुन्तला साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा और छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरिश देवांगन, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा सहित जिले से जिलाधीश सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला सहित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्मेलन में कहा कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद धान खरीदी की मात्रा और किसानों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। तीन साल पहले जहां केवल 15 लाख किसानों से धान खरीदी होती थी, वहीं आज साढ़े 21 लाख किसान समितियों में धान बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को न्याय दिलाने के लिए ही हमारे पूर्वजों ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया है। धान, मक्का,गन्ना के बाद राज्य की सरकार ने अब कोदो-कुटकी को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कोरोना संकट से उपजे बारदानें की प्रारंभिक समस्या के बाद भी सफलता पूर्वक धान खरीदी चल रही है। अब तक हमने किसानों से 76 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी कर चुके हैं। बारदानों की स्थानीय व्यवस्था एवं किसानों के सहयोग के कारण हम धान खरीदी सुचारू तरीके से कर पाये हैं। उन्होंने कहा कि हम दिनों-दिन समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का दायरा बड़ा रहे हैं। नई सरकार के शुरूआती साल में जहां लगभग 80 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी हुई थी, वहीं आज लगभग 89 लाख मीटरिक टन का अनुमानित लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत सरकार की अनुमति से ही राज्य सरकारें धान खरीदी का कार्य करती है। केन्द्र सरकार से फिलहाल केवल 24 लाख मीटरिक टन चावल लेने की अनुमति मिली है। जबकि 60 लाख मीटरिक टन चावल लिया जाना प्रस्तावित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीका आने के बाद कोरोना बीमारी के अंत की शुरूआत हो चुकी है। फरवरी महीने के अंत तक आम जनता को टीके लगने शुरू हो जाने की संभावना जताई गई है। फिर भी इस जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए घोषित उपायों का पालन करते रहना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 रूपये किलो पर गोबर खरीदी का कार्य केवल छत्तीसगढ़ में हो रहा है। देश और दुनिया में कहीं पर भी गोबर खरीदी नहीं होती हैं। लोग इसे अजूबा समझ कर प्रक्रिया को समझने छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठान को हम केवल गाय-बैल को एकत्र कर रखने का केवल ठौर हीं नहीं बल्कि इसे ग्रामीण आजीविका के महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में विकसित कर रहे हैं। स्थानीय महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट के साथ ही धूप, अगरबत्ती सहित स्थानीय जरूरत की तमाम चीजें तैयार कर रही हैं। खाली पड़े जमीन पर साग-सब्जी उपजा कर अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित कर रहे हैं। गोबर से लोगों को इतनी ज्यादा आमदनी हो रही है कि कुछ लोग शान-शौकत की चीज फटफटी और मंगलसूत्र भी खरीद रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का गौठान अच्छे उपाय साबित हो रहे हैं। समारोह को सांसद छाया वर्मा ने भी सम्बोधित किया। कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ. रामकुमार सिरमौर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास और स्वराज के गांधी जी के सपने को मुख्यमंत्री बघेल आगे बड़ा रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहा।

## खेल और खिलाड़ियों को आगे लाने राज्य सरकार हर संभव मदद के लिए तत्पर : शिव डहरिया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने शनिवार को आरंग विकासखण्ड के ग्राम पलौद में 58 वर्ष से चली आ रही कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होंने क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में टॉस कर और खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। पलौद के जय बजरंग दल और पंडरी रायपुर से आये खिलाड़ियों को जीत के लिए हरसंभव कोशिश करने की सीख दी। डॉ. डहरिया ने इस मौके पर चंद्राकर समाज भवन के समीप शेड निर्माण के लिए 6 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। उन्होंने कबड्डी आयोजक मंडल को जनसंपर्क मद से 25 हजार रुपये देने की घोषणा की। मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि राज्य सरकार नई नीति बनाकर युवाओं को सभी क्षेत्र में आगे लाने हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ग्रामीण स्तर से ही युवाओ में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने का काम कर रही है, ताकि प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ी सामने आये और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि पलौद में सभी समाज एक साथ मिल-जुलकर आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्र के साथ गाँव के विकास के लिए तत्पर है। पलौद के ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे कार्य अन्य गांवो के लिए अनुकरणीय है। दूसरे गांव भी यहां के कार्यो का अनुसरण कर सामाजिक समरसता के साथ आगे बड़ सकते हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत आरंग के अध्यक्ष श्री खिलेश देवांगन सहित ग्रामीण और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

## स्मार्ट सिटी का दायरा बढ़ाने निगम अधिकारी बनायें प्रस्ताव-सोनी

**केन्द्र से तो आ रहा है भरपूर पैसा, फिर कोताही क्यों**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



सांसद सुनील सोनी ने स्मार्ट सिटी को लेकर बड़ी बात कही हैं, उन्होने कहा है कि स्मार्ट सिटी का दायरा बढ़ाने की निगम अधिकारी व जनप्रतिनिधि क्यों नहीं सोंच रहे हैं। उन्होने स्मार्ट सिटी का दायरा बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर का एक छोटा हिस्सा ही है स्मार्ट सिटी के दायरे में है इससे पूरा शहर स्मार्ट नहीं बन पा रहा है। उन्होंने निगम अधिकारियों को इसके लिए एक प्रस्ताव बनाने कहा है। उन्होंने कहा कि निगम सीमा का ही विकास स्मार्ट सिटी के तहत किया जाए। केंद्र से इसे लेकर खूब पैसा आ रहा है फिलहाल लांग टर्म डेवलपमेंट का अभाव दिखाई दे रहा है।

सांसद सोनी ने एक प्रस्ताव बनाकर केंद्र को भेजने कहा है। सुनील सोनी ने अर्बन डेवलमेंट कमेटी के कई राज्यों के दौरे में जाने से पहले पत्रकारों से चर्चा के दौरान उक्त बातें कही। वे चेन्नई, हैदराबाद, तिरुपति, बेंगलुरू और कोच्चि जाएंगे।

यहां बताना जरूरी होगा कि सांसद बनने से पहले श्री सोनी निगम के सभापति व महापौर रह चुके हैं इसलिए वे कामकाज से भली भांति अवगत हैं और पूरे निगम सीमा क्षेत्र के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हैं।

## जिला पंचायत और जनपद सदस्यों की अनुशंसा पर अब होंगे मनरेगा के काम

**■ मंत्री मोहम्मद अकबर से जनप्रतिनिधियों ने की चर्चा**

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



मनरेगा के तहत होने वाले रोजगार मूलक एवं विकास कार्यो में अब आमूलचूल तेजी और परिवर्तन देखने को मिलेगा जिससे गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल सकेगी। जिला पंचायत और जनपद पंचायत के निर्वाचित सदस्य अपने क्षेत्रों में अपनी अनुशंसा पर प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति करा कर मनरेगा के तहत विकास कार्य करा सकेंगे। इस फैसले के बाद जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्यों की सक्रियता क्षेत्र में और बढ़ेगी और गांव के विकास को भी गति मिलेगा। पिछले कई सालों से इस मुद्दे पर लगातार चर्चा हो रही थी और मांग भी की जा रही थी। विधायक और सांसद निधि के तहत जिला एवं जनपद सदस्यों को भी उनके क्षेत्र में एक निधि आवंटित किया जाए ताकि वह गांव के विकास कार्यो को करा कर ग्रामीण इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ने की भूमिका अदा कर सकें। इस मांग को लेकर स्थानीय विधायक व मंत्री मोहम्मद अकबर ने निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला रामकुमार भट्ट से लंबी चर्चा की। वही जनपद पंचायत के सभी सदस्यों को लगभग एक करोड रुपए अपने-अपने जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में मनरेगा के तहत कार्यो की अनुशंसा कर सकेंगे।

## धान खरीदी के लिए बारदाने की व्यवस्था : फरवरी का खाद्यान्न वितरण माह जनवरी में ही करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा धान खरीदी के लिए बारदानों की संभावित कमी की पूर्ति के लिए पीडीएस के बारदानों से खरीदी करने की अनुमति दी गई है। अतिरिक्त बारदानों की प्रतिपूर्ति के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत माह फरवरी 2021 के खाद्यान्न का आवंटन एवं वितरण माह जनवरी में ही करने की अनुमति प्रदान की गई है। राज्य के सभी जिलों के खाद्य नियंत्रक एवं खाद्य अधिकारियों से खाद्यान्न वितरण पश्चात पीडीएस के बारदानों को धान खरीदी के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकारी विपणन संघ मर्यादित नवा रायपुर द्वारा आज आदेश जारी कर राज्य के समस्त जिला विपणन अधिकारियों को खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान उपार्जन के लिए बारदाना उपयोग के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार राज्य में धान खरीदी के लिए भारत सरकार से नये जूट बारदानों की बहुत कम आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए किसानों के पुराने जूट बारदानों में भी धान खरीदी की अनुमति दी गई है। अब तक हुई धान खरीदी में उपयोग किए गए बारदानों की समीक्षा करने पर यह पाया गया है कि प्रायः समितियों में मिलर, एचडीपीई, पीपी व अन्य किश्म के बारदाने उपलब्ध होने के बावजूद किसान बारदाने में खरीदी की जा रही है। आगामी सप्ताह की धान खरीदी में उपलब्ध एचडीपीई, पीपी एवं एक भर्ती एचडीई, पीपी बारदानों का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए। आगामी सप्ताह के अंत में किसी भी जिले में नए एचडीपीई, पीपी के बारदाने समितियों, गोदामों में शेष नहीं होने चाहिए। मिलरों से प्राप्त होने वाले पुराने बारदानों की लक्ष्य के अनुसार पूर्ति कराएं। मिलरों से 2 लाख 69 गठान बारदाना प्राप्त करने का लक्ष्य है। इसके विरूद्ध अब तक एक लाख 42 हजार 360 गठान बारदाने मिलरों से प्राप्त हुए हैं और 60 हजार 110 गठान बारदाना लेना शेष हैं।

आदेश में यह भी कहा गया है कि राज्य के सभी जिलों की सभी समितियों को धान उपार्जन के लिए उपलब्ध मिलर व एचडीपीई, पीपी बारदानों का उपयोग उनके द्वारा नहीं किया जाता है, तो उनके पास इन शेष बारदानों की वापसी नहीं किया जाएगा और शेष बारदानों की राशि की कटौती संबंधित समितियों से की जाएगी। किसानों के द्वारा अब तक उपलब्ध कराए जा चुके पुराने जूट बारदानों के भुगतान के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार प्रस्ताव देने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को निर्धारित दर पर अविलम्ब भुगतान भुगतान किया जा सके।

## औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष ने बागबाहरा परिक्षेत्र में औषधीय पौधों के रोपण का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड, के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने गत दिवस महासमुंद वनमंडल में प्रवास के दौरान बागबाहरा परिक्षेत्र में औषधीय पौधों के रोपण का निरीक्षण किया। इसका रोपण वनवासियों के लिए औषधीय प्रजाति की उपलब्धता को बढ़ावा तथा उनके जीविकोपार्जन हेतु आय का अतिरिक्त साधन जुटाने के उददेश्य से किया गया है। पाठक ने वहां आयुष मिशन योजना के तहत रोपित सर्पगंधा, स्टीविया प्लांटेशन (डोगाजार गांव), स्टीविया मॉडल नर्सरी एवं बच क्लस्टर (खेम?ा गांव) तथा बच क्लस्टर (डोंगरगांव) का निरीक्षण किया।

बोर्ड के अध्यक्ष पाठक ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के पारंपरिक वैद्यों से चर्चा कर सर्किलवार आवश्यकताओं के अनुसार औषधीय पौधों के रोपण के संबंध में योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी वर्षा काल में जंगल के अंदर भी अत्यधिक मांग वाले औषधीय पौधों का रोपण, जैवविविधता को बढाने तथा ग्रामीणों के फायदे की दृष्टिकोण से वृहद पैमाने पर योजना बनाने के लिए भी कहा। श्री पाठक ने वहां वन परिक्षेत्र में किसानों से चर्चा करने के पश्चात औषधीय पौधों की गुणवत्ता को भी देखा। उन्होंने औषधीय पौधों के रोपण के माध्यम से किसानों की आमदनी बढाने के लिए विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने जड़ी-बूटी उत्पादों के विपणन की व्यवस्था हर स्तर पर मजबूत करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बोर्ड के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि औषधीय पौधा बच की खेती से एक वर्ष में प्रति एकड़ 50 हजार रूपए तक आमदनी की संभावना है।

## मुख्यमंत्री बघेल ने नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग की बजट के तैयारियों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री बघेल ने आज यहां पर निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग की बजट तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में नगरीय प्रशासन और विकास तथा श्रम मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, प्रभारी मुख्य सचिव सुब्रत साहू, वित्त एवं नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी., मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, श्रम विभाग के सचिव अन्बलगन पी. सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**गरियाबंद जिले के देवभोग में कांग्रेस की जिपं अध्यक्ष के समर्थकों के साथ गोहरापदर में ज़िला सहकारी बैंक के प्रबंधक से बदसलूकी, गाली-गलौज व मारपीट करने पर भाजपा ने चिंता जतायी**

## सत्ता-मद में चूर जनप्रतिनिधियों का आचरण लोकतांत्रिक मर्यादा के लिए खतरा : कौशिक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने सत्ता के मद में चूर कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के आचरण को राजनीतिक जीवन की शिष्टता और लोकतांत्रिक मर्यादा के लिए खतरा बताते हुए कहा है कि यह कांग्रेस के राजनीतिक संस्कारों और चरित्र का शर्मनाक प्रदर्शन है। श्री कौशिक ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के लोगों पर सत्ता का अहंकार इस कदर चढ़ गया है कि वहाँ अब मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, विधायक, पंचायत पदाधिकारी, पार्षद तक संवेदनशून्य और भाषायी व्यवहार के साथ-साथ सारी राजनीतिक, लोकतांत्रिक व प्रशासनिक मर्यादाओं को लांघकर हिंसा पर उतारू होते जा रहे हैं। श्री धरम लाल कौशिक ने इस तरह की प्रवृत्ति पर तत्काल कड़ा अंकुश लगाने की जरूरत बताई है।

भाजपा नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने गरियाबंद जिले के देवभोग में कांग्रेस से जुड़ीं जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा गोहरापदर में नए खुले जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक से बदसलूकी करने, बैंक के अंदर घुसकर गाली-गलौज करने, वहाँ के कर्मचारियों से अपने समर्थकों के साथ मारपीट करने, बैंक में ताला लगाकर प्रबंधक को जबरदस्ती ट्रैक्टर में बिठाकर 15 किलोमीटर दूर थाने में अपनी सरकार का दबाव बनाकर एफआईआर दर्ज करवाने के मामले का जिक्र कर इस घटना की भर्त्सना की। इस घटनाक्रम के दौरान जिपं अध्यक्ष व उनके लोगों ने बैंक के कैश को सुरक्षित रखने का समय भी नहीं दिया। श्री कौशिक ने प्रदेश सरकार और कांग्रेस के बड़बोले नेताओं से सवाल किया कि एक जनप्रतिनिधि को किसने यह अधिकार दिया है कि वह स्वयं इस तरह का आचरण करके बैंक प्रबंधन पर कार्रवाई का दबाव बनाएँ और बैंक को ताला लगाकर प्रबंधक को घसीटते हुए ले जाकर थाने में एफआईआर करवाएँ? धरमलाल कौशिक ने कहा कि अगर जिपं अध्यक्ष को किसी भी प्रकार की शिकायत मिली तो उन्हें पूछताछ करनी थी और नियमानुसार कार्रवाई करानी थी। इस तरह दबंगई करके सत्ताबल के शर्मनाक प्रदर्शन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। भाजपा नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने इस घटनाक्रम के प्रत्यक्षदर्शियों से हुई चर्चा के हवाले से बताया कि वास्तव में जिला पंचायत अध्यक्ष को खीझ इस बात की है कि वह बैंक की शाखा गोहरापदर के बजाय अमलीपदर में खुलवाना चाहती थीं और उसके लिए जिपं अध्यक्ष ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्यालय तक में दबाव बनाया, परंतु नाबार्ड से स्वीकृति न मिलने के कारण और मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण बैंक की शाखा गोहरापदर में खुली। श्री कौशिक ने हैरत जताई कि अभी तक जिला सहकारी बैंक मुख्यालय रायपुर ने शासन के दबाव में अपने प्रबंधक को जबरदस्ती उठा कर जाने की घटना पर विरोध तक दर्ज नही कराया है! उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग अपने आचरण से प्रदेश को अराजकता की ओर धकेलने पर आमादा हैं। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, उनके परिजनों और समर्थकों की पिछले दो साल में कई शर्मनाक आपराधिक कृत्यों में संलिप्तता उजागर हुई है। इसी इलाके में एक महिला कांग्रेस नेत्री के बेटे ने लोगों पर वाहन चढ़ा दिया था, तो एक अन्य जिले में एक कांग्रेस के नेता के रिशतेदार ने दफ्तर में एक महिला कर्मचारी के साथ बलात्कार की कोशिश और मारपीट की। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि प्रदेश में जबसे कांग्रेस की सरकार आई है,कांग्रेस और प्रदेश सरकार सभी वर्ग के लोगों को प्रताड़ित करने का सिलसिला चल पड़ा है। नागरिक सुरक्षा के बड़े-बड़े ढोल पीट रही कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार के गुर्गों और माफियाओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है। श्री कौशिक ने कहा कि सत्ता-मद में चूर कांग्रेस के पार्षद सरेआम एक आदिवासी युवक को बेरहमी से मारता-पीटता है, कांग्रेस के नेता अपने सत्ता-बल का जोर दिखाकर इन तमाम आपराधिक व अलोकतांत्रिक हरकतों के आरोपियों बचाने में लगे नजर आते हैं। श्री कौशिक ने कहा कि भाजपा ने कभी आपराधिक तत्वों की ऐसी गुंडागर्दी को संरक्षण नहीं दिया और अवसर आने पर भाजपा ने तुरंत कार्रवाई करके ऐसे तत्वों को अपने से दूर कर उन पर कानूनी कार्रवाई कराई है। लेकिन कांग्रेस ने अपने दो साल के कार्यकाल में ऐसा एक भी उदाहरण न तो शासन के स्तर पर और न ही संगठन के स्तर पर पेश किया। श्री कौशिक ने शासकीय कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप निर्भय होकर जनहित के अपने दायित्व का निर्वहन करें, भाजपा सदैव आपके साथ है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403